सूर्योदय 7:22 सूर्यास्त 5:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 14.0 अधि |
| धर्मशाला | 7 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,383 |
| निफ्टी | 25,666 |

सोना 1,42,152 चांदी 2,77,175

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 15 जनवरी 2026 | 2 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 19, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में 29 नक्सलियों का सरेंडर

**एजेंसी, सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में लगातार बढ़ रहे दबाव और प्रभावी रणनीति के चलते 29 पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यह घटनाक्रम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गोगुंडा कैंप की स्थापना के बाद से ही इस इलाके में सुरक्षा बलों की उपस्थिति काफी बढ़ गई थी। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और अन्य दबाव की रणनीतियों से प्रभावित होकर, इन नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। (अनंत ज्ञान)

### तेलंगाना में हफ्तेभर में 500 कुत्तों की हत्या

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों को मारने के मामले सामने आए हैं। बीते एक हफ्ते में अलग-अलग जिलों के गांवों में करीब 500 कुत्तों की कथित तौर पर हत्या की गई है। पुलिस के मुताबिक, इन घटनाओं में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका सामने आ रही है। पालवंचा मंडल के 5 गांवों-भवानीपेट, पालवंचा, फरीदपेट, वाड़ी और बंदारामेश्वरपल्ली गांवों में बीते दो-तीन दिनों में करीब 200 आवारा कुत्तों को मारने का आरोप है। पुलिस ने पांच सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

### तेजप्रताप की 8 माह बाद लालू फैमिली में वापसी

**एजेंसी, पटना।** तेजप्रताप ने आवास पर दही-चूड़ा भोज रखा है। लालू यादव इस भोज में पहुंचे हैं। लालू यादव ने कहा कि वो तेजप्रताप से नाराज नहीं है। वह परिवार के साथ ही रहें। तेजप्रताप के बीजेपी में जाने के सवाल पर कहा कि, बेटे को हमेशा आशीर्वाद रहेगा। 8 महीने पहले तेजप्रताप की गर्लफ्रेंड के साथ फोटो सामने आने के बाद लालू ने तेजप्रताप को घर और पार्टी से निकाला था। तेजप्रताप के दही चूड़ा भोज में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, बड़े मामा प्रभुनाथ यादव, साधु यादव और चेतन आनंद भी पहुंचे हैं। अभी तक तेजस्वी-राबड़ी इस भोज में शामिल नहीं हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. शाहीन को 3 दिन का एनआईए रिमांड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली बम धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने डॉ. शाहीन सईद की 3 दिन की कस्टडी एनआईए को मंजूर कर दी है। इससे पहले उन्हें पिछले महीने न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत ने मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डॉ. आदिल अहमद और डॉ. मुजम्मिल शकील की भी तीन दिन की कस्टडी एनआईए को दी है। सभी आरोपियों को 16 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे प्लास्टिक, कचरे से हो रहा स्वागत -पेज 2
- उपमुख्यमंत्री ने किया इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप बस का निरीक्षण -पेज 3
- कांगड़ा-शिमला फोरलेन पर दो माह में तैयार होगा रियूंद पुल -पेज 5
- पटड़ीघाट में नालियों में व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी -पेज 9
- खिचड़ी व कुल्लवी पकवानों की खुशबू से महकी घाटी -पेज 11

## मकर संक्रांति पर प्रयागराज में लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी



प्रयागराज के संगम तट पर बुधवार को मकर संक्रांति व षटतिला एकादशी पर लगभग 95 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

### भारत सरकार ने बिगड़ते हालातों को देखते हुए जारी की एडवाइजरी

# भारतीय नागरिक ईरान से तुरंत निकलें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान में हिंसक प्रदर्शन की वजह से भारत सरकार ने बुधवार को नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए।

इस एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह 5 जनवरी की पिछली एडवाइजरी के आगे की कड़ी है और ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए दी गई है। सरकार ने यह भी दोहराया है कि सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा भारतीयों से अपने यात्रा डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने और सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है। भारतीय दूतावास के इमरजेंसी संपर्क हेल्पलाइन नंबर +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359 पर संपर्क कर दूतावास में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने की प्रदर्शनकारियों के लिए मदद भेजने की घोषणा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान की इस्लामिक सरकार के आदेश पर वहां प्रदर्शनकारियों के साथ हिंसा की जा रही है। मरने वालों की संख्या बढ़कर 12,000 हो गई है। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि वह मदद भेज रहे हैं। कुछ देर पहले की गई इस घोषणा में यह साफ नहीं किया गया है कि यह मदद किस प्रकार की होगी। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में इस सारे घटनाक्रम पर अहम जानकारी दी गई है। इसमें ट्रंप प्रशासन की हलचल के अलावा ईरान के निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी के हवाले से भी स्थिति पर टिप्पणी की गई है। पहलवी ने मंगलवार को कहा कि ईरान में अशांति के कारण मरने वालों की संख्या हाल के दिनों में बढ़ गई है। उन्होंने अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से प्रदर्शनकारियों का समर्थन देने का आग्रह किया।

# चिट्टा तस्कर नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव

## पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का ऐलान, कहा- कैबिनेट में चर्चा के बाद किया जाएगा प्रावधान

- प्रदेश की सभी पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का होगा आयोजन
- ग्रामसभाओं में अभियान से जोड़े जाएंगे पंचायतों के लोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ जमीनी स्तर पर बड़ी लड़ाई का ऐलान किया है। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि चिट्टा तस्करी में संलिप्त लोग पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कैबिनेट में चर्चा के बाद इसका प्रावधान किया जाएगा और जल्द नोटिफिकेशन जारी होगी।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नशे के इस अवैध कारोबार से जिन लोगों ने संपत्तियां खड़ी की हैं, उन्हें चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 21 और 22 जनवरी को प्रदेश की सभी 3577 पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन होगा। इनमें चिट्टे की रोकथाम को लेकर रणनीति बनाई जाएगी और स्थानीय स्तर पर लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि चिट्टा अब एक सामाजिक बीमारी बन चुका है। इसकी रोकथाम केवल सरकार नहीं, बल्कि समाज के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाएं इस अभियान की रीढ़ होंगी, जहां पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, युवा और आम लोग मिलकर समाधान पर चर्चा करेंगे।

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि हर पंचायत में चिट्टे के खिलाफ समन्वय के लिए नजदीकी स्कूल के प्रिंसिपल को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। इसके साथ ही चिट्टे से जुड़ी सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए इनाम की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को इनाम मिलना शुरू हो गया है।

अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेश की 3577 पंचायतों में 264 पंचायतें बॉर्डर एरिया में आती हैं, जहां नशे का खतरा अधिक है। इन पंचायतों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखते हुए यहां विशेष निगरानी और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग पूरे राज्य में पंचायत स्तरीय खेल टूर्नामेंट आयोजित करेगा। इनमें क्रिकेट, वॉलीबॉल और कबड्डी के मुकाबले होंगे। पहले पंचायत स्तर पर टूर्नामेंट होंगे। इसके लिए बीडीओ को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। इसके बाद जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में 21-21 लाख रुपए की इनामी राशि रखी गई है। ये खेल प्रतियोगिताएं फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू होंगी।

### सरकारी कर्मचारियों पर भी नैनी नजर

**मंत्री** अनिरुद्ध सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार की चिट्टे के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने कहा कि कौन से सरकारी अधिकारी और कर्मचारी नशे का सेवन कर रहे हैं या इसके कारोबार में संलिप्त हैं, इसका डाटा सभी विभागों से आ चुका है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से अर्जित संपत्तियों को भी ध्वस्त किया जाएगा। सरकार किसी भी स्तर पर इस अपराध को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### ग्राम सभाएं बनेंगी अभियान की धुरी

**पंचायतीराज** मंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ चल रही यह मुहिम केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और अति संवेदनशील पंचायतों पर विशेष फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हर पंचायत, हर परिवार और हर व्यक्ति इस लड़ाई में साथ देगा, तभी हिमाचल को नशे की इस बीमारी से मुक्त किया जा सकेगा।

### शिमला में चिट्टे के साथ बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के शिमला जिले के संजौली क्षेत्र में पुलिस ने चिट्टे की तस्करी से जुड़े एक मामले में एक बैंक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। यह मामला उस समय सामने आया जब पुलिस गश्त के दौरान इंजन घर के पास पहुंची और एक कार से चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस कार्रवाई ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि नशे का जाल अब समाज के पढ़े-लिखे और नौकरीपेशा वर्ग तक फैलता जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी की शाम थाना संजौली की पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी।

इसी दौरान एक विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि इंजन घर की कार पार्किंग में एक बैंक कर्मचारी चिट्टा बेचने की गतिविधियों में संलिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कार नंबर एचपी-63डी-5700 (ह्युंडई आई-20) की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से कुल 4.270 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान विक्रम सिंह ठाकुर (28) निवासी जुब्बल, जिला शिमला के रूप में हुई है। आरोपित एक निजी बैंक में कर्मचारी बताया गया है। पुलिस ने मौके पर वाहन को जब्त कर लिया है। इस मामले में थाना संजौली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपित को कानूनी प्रक्रिया के तहत नोटिस पर रिहा किया गया है और मामले की जांच थाना प्रभारी संजौली द्वारा की जा रही है।

## एंटी-चिट्टा मुहिम के तहत 433 कूरियर केंद्रों पर पुलिस ने डाली रेड

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी एंटी-चिट्टा जन आंदोलन को और धार देने के लिए राजभर में पुलिस ने एक बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रदेश पुलिस ने राज्यभर में कूरियर कंपनियों के वेयरहाउस और गोदामों की गहन जांच और ऑडिट किया। इनमें सोलन, किन्नौर, सिरमौर, बद्दी, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, नूरपुर, देहरा, चंबा और ऊना जैसे पुलिस जिलों के कूरियर केंद्र शामिल रहे। पार्सल बुकिंग से लेकर भंडारण, परिवहन और अंतिम डिलीवरी तक पूरी प्रक्रिया को बारीकी से परखा गया। कुल 433 केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कर्मचारियों की पहचान, रिकॉर्ड के रखरखाव और मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। संदिग्ध पार्सलों की गहन जांच के साथ-साथ कर्मचारियों को एनडीपीएस एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों की जानकारी भी दी गई। जहां भी प्रक्रियागत कमियां पाई गईं, वहां संबंधित कूरियर सेवा प्रदाताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए और तय समय सीमा में सुधार करने के आदेश दिए गए।

- पार्सल बुकिंग से लेकर भंडारण, परिवहन और डिलीवरी को जांचा

## थाइलैंड में ट्रेन पर गिरी क्रेन, 32 लोगों की मौत

**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड में बुधवार को तेज रफ्तार से चल रही पैसेंजर ट्रेन पर 65 फुट ऊंचाई से एक क्रेन गिर गई। इसके चलते ट्रेन के कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में 32 लोगों की मौत हो गई है, वहीं, 67 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। क्रेन का इस्तेमाल रेल ब्रिज के निर्माण में हो रहा था। हादसे के समय ट्रेन में 195 लोग सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें ज्यादातर यात्री स्कूल के छात्र थे। दुर्घटना के समय ट्रेन लगभग 120 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही थी। यह दुर्घटना नाखोन राचासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। हादसे के वक्त ट्रेन राजधानी बैंकॉक से उबोन राचाथानी जा रही थी। क्रेन ट्रेन के तीन डिब्बों पर गिरा, जिनमें से दो डिब्बों में सबसे ज्यादा लोग सवार थे। इन्हीं डिब्बों में जानमाल का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। न्यूज वेबसाइट 'नेशन थाईलैंड' के मुताबिक क्रेन गिरने के कारण ड्राइवर को ब्रेक लगाने का मौका नहीं मिला। टक्कर के बाद क्रेन का मलबा कोच पर गिरा, जिससे कई डिब्बे पटरी से उतर गए। पटरी से उतरते ही डिब्बों में आग लग गई। (अनंत ज्ञान)

- 65 फुट ऊंचाई से मलबा गिरा डिब्बे पटरी से उतरे

## शक्सगाम पर पाक-चीन समझौता अवैध : आर्मी चीफ

### जनरल द्विवेदी ने कहा- सरकार और सेना घाटी में किसी भी अवैध गतिविधि को मंजूरी नहीं देती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारत शक्सगाम घाटी पर पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते को अवैध मानता है। जनरल द्विवेदी की यह टिप्पणी शक्सगाम घाटी में चीन के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की आलोचना करने के चार दिन बाद आई है।



उन्होंने कहा कि भारतीय सरकार व सेना घाटी में किसी भी अवैध गतिविधि को मंजूरी नहीं देती हैं। विदेश मंत्रालय पहले ही यह साफ कर चुका है, इसलिए, चीन में जारी किए गए संयुक्त बयान के बारे में, सीपीईसी-2 के बारे में मैं जो समझता हूं, हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। हम इसे दोनों देशों द्वारा की जा रही एक अवैध कार्रवाई मानते हैं। इसके पहले, लद्दाख के एलजी कवींद्र गुप्ता ने भी चीन द्वारा शक्सगाम घाटी पर किए गए दावे को सख्ती से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला पूरा कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है। गुप्ता ने कहा, 'हमें नहीं पता पाकिस्तान ने चीन से क्या सौदा किया है। चीन को समझना चाहिए कि उसकी विस्तारवादी नीति से कुछ हासिल नहीं होगा। भारत अब 1962 वाला नहीं, यह 2026 का भारत है। ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम किया जाएगा। विदेश मंत्रालय इस पर नजर रखे हुए है।'

बता दें कि शक्सगाम वैली जम्मू-कश्मीर के उत्तरी हिस्से में है। यह क्षेत्र काराकोरम पर्वत श्रृंखला में आता है और सियाचिन ग्लेशियर के उत्तर-पूर्व में है। इसे ट्रांस-काराकोरम ट्रैक्ट भी कहा जाता है। यह भारत का हिस्सा है, लेकिन इस पर अभी चीन का नियंत्रण है। 1963 में पाकिस्तान और चीन के बीच एक समझौता हुआ था, जिसमें पाकिस्तान ने शक्सगाम वैली का क्षेत्र चीन को सौंप दिया। भारत ने इस समझौते को अवैध बताया, क्योंकि यह इलाका भारत के जम्मू-कश्मीर का हिस्सा है। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत शक्सगाम घाटी में चीन बड़े पैमाने पर निर्माण किए जाने की खबरों के कारण भारत की चिंताएं बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### हमें रॉकेट मिसाइल फोर्स की जरूरत

**सेना** प्रमुख ने साल की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में रॉकेट मिसाइल फोर्स की जरूरत पर बल दिया, ताकि पाकिस्तान और चीन की चुनौती से निपटा जा सके। गौरतलब है कि पाकिस्तान और चीन के पास पहले से ही रॉकेट मिसाइल फोर्स मौजूद है। रॉकेट मिसाइल फोर्स के तहत लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइलों को एक ही कमांड के तहत रखा जाएगा। इस फोर्स में पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, प्रलय बैलेस्टिक मिसाइल और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को शामिल किया जा सकता है। सेना प्रमुख ने कहा कि आज के समय में रॉकेट और मिसाइलें एक साथ जुड़ चुके हैं क्योंकि दोनों ही एक खतरनाक और निर्णायक असर डालने में सक्षम हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना प्रमुख ने कहा, 'हम रॉकेट मिसाइल फोर्स बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि पाकिस्तान पहले ही एक रॉकेट मिसाइल फोर्स बना चुका है और चीन के पास भी ऐसी कमांड है। यह समय की जरूरत है कि हम भी ऐसे बल का गठन करें।'

## सबरीमाला में सोने के बाद अब घी घोटाला

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** सबरीमाला मंदिर में सोने के चोरी मामले के बाद अब घी घोटाले का मामला सामने आया है। केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को नैय्याभिषेकम के बाद बचे 'आदिया सिष्टम घी' की बिक्री से 35 लाख रुपए की कथित गड़बड़ी की जांच के लिए विजिलेंस टीम गठित करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट की बेंच न्यायमूर्ति वी राजा विजयाराघवन और केवी जयकुमार ने यह आदेश तब दिया जब सबरीमाला विशेष आयुक्त ने रिपोर्ट सौंपकर घी की बिक्री से जुड़े धन का विस्तृत विजिलेंस जांच की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि नवंबर 17, 2025 से दिसंबर 26, 2025 और दिसंबर 27, 2025 से जनवरी 2, 2026 तक कथित गड़बड़ी लगभग 35 लाख रुपए की अनुमानित है।

कोर्ट ने विजिलेंस डायरेक्टर को सक्षम अधिकारियों की टीम बनाने और डीबी के मुख्य विजिलेंस एवं सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए। विजिलेंस टीम को एक महीने के भीतर प्रगति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने से पहले बेंच की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। (अनंत ज्ञान)

- 35 लाख की गड़बड़ी केरल हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश

## प्रदेश सरकार बनाएगी पोषण नीति : सीएम

### कहा- इस नीति से पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा को मिलेगी नई दिशा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार राज्य में एक व्यापक पोषण नीति बनाने जा रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और धात्री माताओं सहित सभी संवेदनशील वर्गों को संतुलित और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करना है। यह बात स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कही। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह नीति समयबद्ध, वैज्ञानिक और प्रभावी कदमों पर आधारित होगी, ताकि कुपोषण की समस्या से जूझ रहे वर्गों को वास्तविक लाभ मिल सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कंडाघाट स्थित कम्पोजिट टेस्टिंग लैब को अत्याधुनिक विश्वस्तरीय तकनीक से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे सूक्ष्म, सटीक और तेज़ विश्लेषण संभव हो सके। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की समय पर जांच के लिए पहले चरण में बद्दी, मंडी, कांगड़ा और शिमला शहर में क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जबकि दूसरे चरण में प्रदेश के सभी जिलों में ऐसी प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में न्यूट्रिशनल सर्विलांस को और मजबूत किया जाए। इसके तहत खाद्य पदार्थों में मौजूद पोषक तत्वों की प्रोफाइलिंग और मैपिंग की जाएगी। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी और मिड-डे मील जैसी योजनाओं के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्नों की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा।

### दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखेंगे प्रदेश के मुद्दे

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू की कई महत्वपूर्ण बैठकें तय हैं। वे केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर व नितिन गडकरी से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही केंद्र के वाणिज्य मंत्री से विशेष भेंट कर सेब और अन्य फलों के आयात पर शुल्क बढ़ाने, घरेलू बागवानों को संरक्षण देने और बाजार व्यवस्था को संतुलित करने की मांग रखी जाएगी।

**देव आस्था** देव आदेशों में बंधे उझी घाटी के बाशिंदे, अपने खेत-खलिहानों का भी नहीं करेंगे रुख

# गोशाल में अब 42 दिन तक न रेडियो बजेगा और न टीवी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिले के लोग आज भी अपनी सदियों पुरानी परंपराओं और देव आदेशों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। देव आदेशों की पालना करना यहां के लोगों के लिए सर्वोपरि है। उझी घाटी के नौ गांवों के लोग हर साल की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के दिन देव आदेशों में बंध गए हैं। यहां के ऐतिहासिक गांव गोशाल में अब 42 दिनों तक टीवी व रेडियो के बटन स्विच ऑफ रहेंगे।

लोगों ने देव आदेश के चलते इन्हें अपने से दूर कर दिया है। उझी घाटी के नौ गांव जिनमें गोशाल, कोठी, सोलंग, पलचान, रुआड़, कुलंग, शनाग, बुरुआ व मजाझ गांव में आराध्यदेवों के कपाट बंद होते ही घाटी देव आदेश में बंध गई। मान्यता अनुसार मकर सक्रांति के मौके और गोशाल के आराध्यदेव गौतम-व्यास ऋषि और कंचन नाग देवता विधि पूर्वक स्वर्ग प्रवास के लिए चले गए। इस दौरान देवता तपस्या में लीन रहेंगे जिसके चलते मंदिर के प्रांगण सहित गांव का माहौल शांत रहेगा। 42 दिन तक मंदिर का प्रांगण सुनसान रहेगा, न पूजा होगी और न ही मंदिर की घंटियां बजेगी। देवालय की घंटियां बांध दी गईं और कपाट बंद कर दिए गए हैं। 42 दिन बाद देवता के स्वर्ग प्रवास से वापस आते ही देवालय में रौनक लौटेगी और पर ग्रामीण उत्सव मनाएंगे।



गोशाल के आराध्यदेव गौतम-व्यास ऋषि का मंदिर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

### गांव में 26 फरवरी तक नहीं होंगे उत्सव

**गांववासी** 26 फरवरी तक किसी उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे न ही खेत-खलिहानों में काम करेंगे। देवता के पुजारी चमन लाल व कारदार हरि सिंह ने बताया कि देवालय बंद कर दिए गए हैं और मृदा लेप भी लगाई गई है। 42 दिन बाद ही मृदा लेप हटाई जाएगी और देव कार्यक्रम में देवता साल भर की भविष्यवाणी से अवगत करवाएंगे। वहीं, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने ग्रामीणों को माघे साजे की बधाई दी है। सदियों से चली आ रही परंपरा को घाटीवासी आज भी श्रद्धापूर्वक निभा रहे हैं।

### भगवान कार्तिक स्वामी सिमसा के कपाट भी बंद

**भगवान** कार्तिकेय स्वामी सिमसा के कपाट भी बंद हो गए हैं। पांच गांव सिमसा, कन्याल, छियाल, मढ़ी, रांगडी में किसी भी तरह का शोर, ऊंची आवाज में गाना बजाना व मिट्टी खुदाई पर प्रतिबंध रहेगा। मंदिर कमेटी सिमसा व कारदार कार्तिक स्वामी सिमसा ने सभी ग्रामीणों से देव आदेश के पालन करने का आग्रह किया है। मंदिर के पुजारी मकरध्वज शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी को मंदिर के कपाट खुलने पर फागली का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस देव परंपरा का निर्वहन सदियों से होता आ रहा है। उन्होंने सभी से सहयोग का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### संघ के पदाधिकारियों ने धूमल से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के पेंशनरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष के.सी. गौतम के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों के कल्याण, सम्मान तथा उनके दीर्घकालिक हितों से संबंधित मुद्दों से प्रो. धूमल को अवगत कराया। प्रो. धूमल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और पेंशनरों की जायज़ मांगों एवं हितों के समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष देवराज पटियाल, प्रमुख सलाहकार योगराज शर्मा, राज्य प्रवक्ता सुनील कपिल, टौणी देवी प्रधान जगदीश चंद, जिला कोषाध्यक्ष बनारसी दास, रणजीत सिंह ठाकुर, सुभाष शर्मा, राजकुमार पटियाल, प्रेम चंद शर्मा तथा अतिरिक्त महासचिव देशराज शर्मा भी उपस्थित रहे।

### तीन दिनों के भीतर करें बिजली बिल भुगतान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिजली विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है और बकाया बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, जिन उपभोक्ताओं ने पिछले एक-दो महीनों से बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, उनकी बिजली आपूर्ति बाधित की जा सकती है। इस संबंध में सहायक अभियंता बिजली यासीन शर्मा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल की बकाया राशि है, वे तीन दिनों के भीतर अपना बकाया भुगतान सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में बिल जमा न करवाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली कटौती की स्थिति में संबंधित डिफॉल्टर उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा। यासीन शर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि असुविधा और विभागीय कार्रवाई से बचा जा सके।

### नादौन में 43 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन बस स्टैंड पर एक 43 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक राज कुमार पुत्र करतार चंद नादौन के कोटला चिल्लियां का निवासी था। वह काफी दिनों से घर नहीं जाता था। नादौन बस स्टैंड के आस पास ही रहता था और लोगों से भीख मांगता था। चर्चा है कि उसकी मौत ठंड के कारण हो गई है। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजन डेड बॉडी को घर ले गए। कोटला चिल्लियां पंचायत के प्रधान विजय शर्मा ने बताया कि खबर मिलते ही मृतक की डैडबॉडी को उसके घर लाया गया और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि इस बारे कोई शिकायत नहीं आई है।

### स्टूडेंट्स ने किया धार्मिक स्थलों का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के बच्चों का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कुल्लू- मनाली गया। इसमें कक्षा नवमीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के बच्चे तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए धार्मिक व मनोरंजक स्थल इसमें बच्चों ने कुल्लू- मनाली, अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल साइट का दौरा किया और बच्चों को बताया कि यह समुद्र तल से 10 हजार फुट से अधिक ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी सुरंग है। वहां की खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यावली का बच्चों ने खूब आनंद लिया। इसके बाद सोलंग वैली गए और फिर मनाली में स्थित हिडिंबा देवी मंदिर, मॉल रोड, वशिष्ठ कुंड का भ्रमण किया। अध्यापकों में अतुल, अभिनय, पूनम व सुनीता ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और वहां के स्थानों के बारे में मूल्यवान जानकारी दी।

### छात्राओं ने लिया 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' का संकल्प

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की छात्राओं ने चिट्टा मुक्त हिमाचल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने समाज के जन-जन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने का भी प्रण लिया। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि प्रभारी अंग्रेजी प्रवक्ता अजय कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्लोगन लेखन, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने नशे और विशेषकर चिट्टे जैसी घातक लत से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल ने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार व समाज को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें।

### विवेक कटोच को नादौन ब्लॉक की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन व निगरानी के लिए विधानसभा स्तर पर समन्वय समितियों का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रभारी के अनुमोदन के बाद इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। संगठनात्मक नियुक्तियों की इस कड़ी में, नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए विवेक कटोच को ब्लॉक समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन पर मुख्यमंत्री सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र में अभियान को गति देने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की अहम जिम्मेदारी होगी

### बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में किया महायज्ञ

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा बटाहली द्वारा विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया। सभा सचिव हंस राज ने बताया कि इस महायज्ञ में सभा के सदस्य सुरेश कुमार, दौलत स्याल, अजीत रनौत, जोगिंदर सिंह, तिलक राज के अतिरिक्त क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### कोट-कलंझड़ी के कई गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल टौणी देवी के कोट अनुभाग में नेशनल हाईवे के किनारे खंभों को बदलने के कार्य के चलते 15 जनवरी को गांव दरोगण, ठाणा, कोट, मोहीं, ढनवान, कुनाणा, कलंझड़ी, सराहकड़, करयाली, भरेटा, भरनांग, बलौंगणी, पन्याला, ख्याह, लोहारी, दंगोटा, भड्डू, रोपा, मनियाणा, कोठी, बणी, गरने दा गलू और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी पर हमले की कड़ी निंदा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ननखड़ी स्थित आयुर्वेदिक आरोग्य मंदिर में कार्यरत आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी सुमन कुमारी पर ग्राम बहा के निवासी मेहर सिंह द्वारा दराती से किए गए जानलेवा हमले की घटना अत्यंत निंदनीय व चिंताजनक है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ग्राम पंचायत टिप्पर मझोली, जिला शिमला में घटित हुई है। जिला आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी संघ हमीरपुर इस कायराना हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह घटना न केवल एक महिला कर्मचारी की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की कार्यस्थल सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता उत्पन्न करती है। जिला आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी संघ हमीरपुर के प्रधान विनोद कुमार, सदस्य अशोक कुमार, चंद्र शेखर, संतोष कुमारी, विनोद शर्मा, अजय कुमार, विनय कुमार, संजीव कुमार, नगेंद्र कुमार, देवराज ने जिला प्रशासन व राज्य सरकार से यह मांग करता है कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। आयुर्वेदिक आरोग्य मंदिर ननखड़ी में कार्यरत सुमन कुमारी को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला मंझेली में बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इन खिलाड़ियों ने 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एजीएफआई) प्रतियोगिता में लुधियाना एवं राजस्थान में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा भूमिका शर्मा ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक, जबकि दीपिका शर्मा एवं हर्षिता ने रजत पदक जीतकर पूरे भारतवर्ष में हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका किरण कुमारी ने की। कार्यक्रम में अध्यापक प्रवीण कुमार, विपिन कुमार, राकेश कुमार, करनैल सिंह, सुरिंदर भट्टी, अश्विन कुमार, रोहित ठाकुर, सीमा देवी, आशीष कौंडल, सुरेखा सहित विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के प्रधान राजीव कुमार व अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भूतपूर्व सैनिकों को ईसीएचएस की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने वैटरन्स डे के अवसर पर लोक निर्माण विभाग परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा देने के बाद भी भूतपूर्व सैनिक देश और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए 14 जनवरी को वैटरन्स डे मनाया जाता है। कैप्टन रणजीत सिंह ने हिमाचल के वीर सैनिकों के साहस और उनके द्वारा प्राप्त वीरता पुरस्कारों की सराहना की। उन्होंने सेना भर्ती में हिमाचल के कोटे को ओपन करने, अग्निवीरों का सेवाकाल बढ़ाने और पेंशन जैसी सुविधाओं पर जोर दिया। भूतपूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस, कैंटीन और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान की जानकारी भी दी गई।

# ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे प्लास्टिक, कचरे से हो रहा स्वागत

## पंचायतों में कूड़ा उठाने का किया गया है प्रावधान, फिर भी नहीं उठा रहे कूड़ा

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की अधिकतर ग्राम पंचायतों का स्वच्छ घोषित कर दिया है, लेकिन आज भी कई पंचायतें ऐसी हैं जहां पर स्वच्छता को दरकिनार किया जा रहा है।



हमीरपुर में सड़क किनारे फेंका गया कचरा। अनंत ज्ञान

सड़क किनारे कूड़े-कचरे के ढेर लगे हुए हैं। यही नहीं प्लास्टिक के लिफाफे भी यहां पर फैंके जा रहे हैं। यह कूड़ा कचरा और प्लास्टिक के लिफाफे लोगों को चिढ़ा रहे हैं कि हम नहीं सुधरेंगे। सड़क के किनारे कौन लोग गंदगी फैला रहे हैं इस बारे में भी पंचायत के प्रतिनिधियों का कहना है कि बाहर से आने वाले लोग यहां पर कूड़ा कचरा फैंक रहे हैं। वहीं लगातार फैंके जा रहे कूड़े कचरे को साफ नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए इसके अलावा लोगों को जागरूक भी किया गया, गांव के लोग तो सुधर गए लेकिन बाहर से आने वाले लोग यहां सड़क किनारे गंदगी फैला रहे हैं। जिससे सड़क किनारे लगे यह कूड़े के ढेर स्वच्छता के दावों को झूठा बता रहे हैं। ग्राम पंचायत के किसी भी गांव को स्वच्छ रखना पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी है और के लिए बजट का भी प्रावधन किया गया है कि जो भी सड़क किनारे कूड़ा फैंक रहे है उन्हें पकड़ा जाए या फिर पंचायत अपने स्तर पर इस कूड़े कचरे का निष्पादन करें। ऐसी ही ग्राम पंचायत नंधन, ग्राम पंचायत जटेड़ी और ग्राम पंचायत शुक्रर खडड के दायरे में गुजर रही मुख्य सड़क के किनारे प्लास्टिक के लिफाफे और कूड़े कचरे के ढेर लगे हुए हैं। हालांकि, प्रदेश को कई साल पहले प्लास्टिक मुक्त घोषित कर दिया है, लेकिन बाहर से आने वाले लोग प्लास्टिक के लिफाफे यहां फैंक रहे हैं। यहीं नहीं कई गांव के लोग भी यहां पर डंपिंग साइट बनाकर कूड़ा कचरा फैंक रहे हैं और यहां पर कूड़ा कचरे को साफ करने के लिए कोई भी नहीं हैं। लोगों का कहना है कि रात दिन यहां पर पहरा नहीं दे सकते हैं जिससे यहां पर कूड़ा फैंकने वाले को पकड़ा जाए। इस बारे में डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि जो पंचायतें नगर निगम में आ गई है, वहां पर नगर निगम ही कूड़ा कचरा उठाएगा।

अनंत ज्ञान मुद्दा

उन्होंने बताया कि कई पंचायतों में यह समस्या आ रही है सड़क किनारे बाहरी या स्थानीय लोग कूड़ा कचरा फैंक रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में मैनेजमेंट यूनिट को इस कूड़ा कचरे के निष्पादन के लिए लोग और गाड़ी करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस समस्या का समाधान करने के लिए जिला के सभी बीडीओ को निर्देश दिए जाएंगे।

### कोट लांगसां में अग्निकांड, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमण्डल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट लांगसां में दोपहर के समय आगजनी की एक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार गांव जौह, डाकघर चंबोह निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र किशोरी लाल के पक्के रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से मकान के दो कमरों में रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड भोरंज को दी गई।

सूचना मिलते ही अग्निशमन उपअधिकारी मदन लाल के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड कर्मी देवेंद्र कुमार, संजू, चालक-कम-पंप ऑपरेटर कर्म चंद व अमन कुमार मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूर्व जिला परिषद सदस्य संगीता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जानकारी देते हुए बताया कि आगजनी की इस घटना में पीड़ित परिवार को करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग में विस्तरे, बेड बॉक्स, अलमारियां, पंखे, कुर्सियां, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। वहीं मौके पर पटवारी हल्का ने पहुंचकर नुकसान का मुआयना किया और अपनी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी है।

### हमीरपुर भाजपा ने शेष प्रकोष्ठों की जिला कार्यकारिणी की घोषित

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर ने मकर संक्रांति के अवसर पर संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शेष प्रकोष्ठों की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। यह नियुक्तियां संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई हैं। भाजपा जिला हमीरपुर के औद्योगिक प्रकोष्ठ में प्यार चंद चौहान को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। सह-संयोजक के रूप में अरुण कुमार, संदीप शर्मा, अक्षय ठाकुर, विवेक शर्मा, ज्वाला सिंह राणा, अशोक ठाकुर, सतीश ठाकुर (संपर्क) तथा रमन किशोर को दायित्व सौंपा गया है।

गोवंश प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में राजेश कुमार को नियुक्त किया गया है। सह-संयोजक के रूप में केशव शर्मा (भोरंज मंडल), राकेश कुमार ढटवाल (ढटवाल मंडल), सुरेंद्र शास्त्री (हमीरपुर ग्रामीण मंडल), टेक चंद (नादौन मंडल), शेर सिंह डोगरा (सुजानपुर मंडल), लाल बहादुर (भोरंज मंडल), सुरेंद्र कुमार (गलोड़ मंडल) तथा संजीव कुमार (बड़सर मंडल) को जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में अजमेल वर्मा को नियुक्त किया गया है। सह-संयोजक के रूप में चतर सिंह कौशल (बड़सर मंडल), मेहर सिंह चैहान (बमसन मंडल), दिलीप सिंह (गलोड़ मंडल), विधि चंद शर्मा (हमीरपुर शहरी मंडल), कर्मी धीमान (समीरपुर मंडल), महेंद्र पाल (बड़सर मंडल), तारा चंद ठाकुर (नादौन मंडल) तथा केहर सिंह (समीरपुर मंडल) को शामिल किया गया है। सीए प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में सीए अरविंद कुमार शर्मा को दायित्व सौंपा गया है। सह-संयोजक के रूप में सीए महिंदर सिंह पटियाल, सीए अरुण गिरि, सीए अनुभव कपिल, सीए शिप्रा ठाकुर, सीए पूजा ठाकुर, सीए राजेश ठाकुर, सीए सुशांत कपिल तथा सीए राजेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में यशवीर सिंह जम्वाल को नियुक्त किया गया है। सह-संयोजक के रूप में राजेश कंवर (गलोड़ मंडल), प्रीतम चंद कौशल (समीरपुर मंडल), राजिंदर चम्बयाल (हमीरपुर ग्रामीण मंडल), विजय गौतम (हमीरपुर शहरी मंडल), बलदेव सिंह (सुजानपुर मंडल), रमेश शर्मा (बड़सर मंडल), दलजीत सिंह (बड़सर मंडल) तथा विनय शर्मा (नादौन मंडल) को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सभी नव-नियुक्त संयोजकों व सह-संयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### सैनिक स्कूल सुजानपुर में अग्निकांड का विधायक रणजीत सिंह ने लिया जायजा



सैनिक स्कूल सुजानपुर में हुए अग्निकांड का जायजा लेते विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर में अचानक आग लगने की घटना मंगलवार को सामने आई, जिससे विद्यालय परिसर को काफी नुकसान पहुंचा।

बुधवार को सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने विद्यालय का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने ईश्वर का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि उस समय विद्यालय में अवकाश होने के कारण बच्चे स्कूल में उपस्थित नहीं थे, जिससे एक बड़ा

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हादसा टल गया। कैप्टन रणजीत सिंह ने प्रशासन व स्कूल प्रबंधन से नुकसान का विस्तृत आकलन करने के निर्देश दिए और भरोसा दिलाया कि विद्यालय को हुए नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। मौके पर उपमंडल अधिकारी विकास शुक्ल व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजिंदर वर्मा उपस्थित रहे।

### सैनिक सम्मान समारोह पूरी तरह फ्लॉप : रणजीत

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा आयोजित सैनिक सम्मान समारोह पर तीखा प्रहार करते हुए इसे सैनिकों के सम्मान के नाम पर किया गया ढोंग और राजनीतिक दिखावा करार दिया है।



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह व अन्य बैठक में। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस सैनिक के नाम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, उसका नाम आमंत्रण पत्र में सबसे नीचे दिया गया है, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे पोस्टरों में उस सैनिक का फोटो तक गायब है। यह सीधे तौर पर सैनिक सम्मान का अपमान है। विधायक ने कहा कि सैनिकों के सम्मान की बातें करने वाले पूर्व विधायक जनता से जनबल हार चुके हैं और अब राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए ऐसे आयोजनों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक पोस्टर में राज्यपाल तथा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का फोटो पीछे दर्शाया गया है, जबकि राजा साहब और स्वयं पूर्व विधायक का फोटो आगे प्रमुखता से लगाया गया है। यह न केवल राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि सैनिक सम्मान जैसे पवित्र कार्यक्रम की भावना को भी ठेस पहुंचाता है। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में सैनिकों का ऐसा अपमान न कभी देखा है और न ही सुना है। उन्होंने कहा कि यह जिला भाजपा के कई बड़े और सम्मानित नेताओं का रहा है, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं, लेकिन न तो इन नेताओं का नाम आमंत्रण पत्र में है और न ही किसी सोशल मीडिया पोस्ट में उनका उल्लेख किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि पूर्व विधायक अपने से वरिष्ठ नेताओं को न देख सकते हैं और न ही स्वीकार कर पाते हैं। विधायक ने आगे कहा कि पूर्व विधायक केवल औपचारिकताओं में विश्वास रखते हैं। उन्हें न तो अपने क्षेत्र के लोग प्रिय हैं और न ही अपने जिले के सैनिक। बाहर से आए लोग ही उन्हें अधिक पसंद हैं। उन्होंने वर्ष 2017 और 2024 की राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि अपने ही गिरी जिले के मुख्यमंत्री को पद से हटाने के प्रयास इसका उदाहरण हैं।

### एसडीएम ने वाहन चालकों को दी सुरक्षा की सलाह

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के समोह में सड़क सुरक्षा पर प्रशासन द्वारा एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता एसडीएम बड़सर स्वाती डोगरा द्वारा की गई। वाहन चालकों को संबोधित करते हुए स्वाति डोगरा ने कहा कि वाहन चलाते समय खुद की सुरक्षा के साथ-साथ पैदल राहगीरों व दूसरे वाहन चालकों की सुरक्षा का दायित्व भी चालक का है।

उन्होंने कहा कि सीट बेल्ट, हेलमेट लगाना यातायात नियमों का पालन करना केवल चालान से बचने के लिए ही नहीं होता, बल्कि जान माल की सुरक्षा के लिए इनका पालन करना अति आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों को किसी भी प्रकार का नशा करके वाहन न चलने की सलाह दी। डोगरा ने कहा है कि भविष्य में भी पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह नाके लगाए जाएंगे।

### नारायण सेवा समिति भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विश्राम गृह बिझड़ी के पास बने नारायण सेवा समिति के नवनिर्मित भवन का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बुधवार को समिति अध्यक्ष दीनानाथ ने पूजा-अर्चना करने के उपरांत रिबन काटकर भवन समिति के सदस्यों एवं आम लोगों को समर्पित कर दिया है। बता दें कि लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बने बहू मंजिला भवन अपने आप में एक मिसाल पेश हुई है। कुछ वर्ष पहले इलाके के बुद्धिजीवी सेवानिवृत्ति लोगों ने यह समिति समाज कल्याण के कार्य करने तथा असहाय गरीब लोगों की सहायता करने के लिए बनाई थी। समिति द्वारा अभी तक 4 लाख से ज्यादा सहायता राशि गरीब व असहाय लोगों की मदद के तौर पर खर्च की जा चुकी है।

### हमीरपुर की नवनियुक्त डीसी गंधर्वा राठौड़ ने संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की नवनियुक्त उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बुधवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी गंधर्वा राठौड़ इससे पहले कार्मिक विभाग में विशेष सचिव तथा हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम की प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दे रही थीं।



कार्यभार संभालने पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। गंधर्वा राठौड़ ने अपने प्रशासनिक करियर की शुरुआत पश्चिम बंगाल काडर से की थी, जहां उन्होंने लगभग छह वर्षों तक विभिन्न पदों पर सेवाएं दीं। हिमाचल प्रदेश काडर में आने के बाद उन्होंने कांगड़ा जिले में अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में कार्य किया। वर्ष 2016 में आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें पश्चिम बंगाल काडर आवंटित हुआ था। कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र से संबंध रखने वाले आईएएस अधिकारी अनुराग चंद्र शर्मा से विवाह के बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश काडर में स्थानांतरण का निर्णय लिया। कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना, पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुंचाना और आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास व महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की बात भी कही।

### 'संस्कृति 26' से राष्ट्रीय एकता बढ़ाने का प्रयास



एनआईटी हमीरपुर व एनआईटी कालीकट के सहयोग से 16 से 20 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा कार्यक्रम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत एनआईटी हमीरपुर तथा एनआईटी कालीकट के सक्रिय सहयोग से 'संस्कृति 26' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 16 से 20 तक आयोजित किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल की भावना के अनुरूप राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय एवं पारस्परिक समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें एनआई टी हमीरपुर की टीम कल दोपहर को यहां से अग्रसर हो चुकी है। इसमें संस्थान के 19 छात्र-छात्राएं कशिश दत्त, आशुतोष, महक, ऋषि नेगी, मोनिका, आर्यन, मंडवा ऊषा लोकेश, श्रद्धा शर्मा, सेजल, दक्षित चैधरी, महक, वंदित, सुशांत, सारिका, जश्नप्रीत कौर, यशिता, कृतिका, राखी, देवांग शामिल हैं। इस पहल को सफल बनाने में एनआईटी हमीरपुर के डीन (छात्र कल्याण का मार्गदर्शन एवं संस्थागत सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा है। कार्यक्रम का समन्वय फैकल्टी इंचार्ज डॉ. परम सिंह यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ डॉ. अमित बागे इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग, तथा डीन छात्र कल्याण कार्यालय के कर्मचारी अक्षत शर्मा एवं सुधीर शर्मा छात्र समूह के साथ रहेंगे और संपूर्ण कार्यक्रम के सुचारू संचालन करेंगे। 23 को संस्कृति 26 कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया जाएगा। यह पहल एनआईटी हमीरपुर और एनआईटी कालीकट के मध्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करने के साथ-साथ छात्रों में राष्ट्रीय एकात्मता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता एवं भारत की विविध विरासत के प्रति गहरी सराहना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**कार्यक्रम** कैप्टन के मंच से सैनिकों ने दिया राणा के कार्यक्रम में पहुंचने का पूर्व सैनिकों को न्योता

# सेना दिवस समारोह को सज गया चौगान

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** सुजानपुर के चौगान में वीरवार को आयोजित होने वाले सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के कार्यक्रम को लेकर तैयारी तो संस्था के लोगों ने मुकम्मल कर ली हैं, लेकिन वहां के कांग्रेस के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा के एक कार्यक्रम में उसे समय अजीबोगरीब माहौल बन गया, जब मंच से राजेंद्र राणा के कार्यक्रम के लिए सैनिकों ने पहुंचने का आह्वान कर दिया।



तैयारी का जायजा लेते हुए राजेंद्र राणा। अनंत ज्ञान

दरअसल में यह कार्यक्रम न केवल सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में, बल्कि हमीरपुर जिले की राजनीति में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। खींचतान इस कार्यक्रम को लेकर सत्ता और विपक्ष में खूब चल रही है। राजेंद्र राणा के लिए यह कार्यक्रम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। जबकि स्थानीय विधायक कैप्टन रंजीत

अनंत ज्ञान स्पेशल

सिंह राणा इस कार्यक्रम को लेकर कई तरह से लगातार तंज कसते आ रहे हैं। इसीलिए उनके कार्यक्रम के मंच से सेवा दिवस पर आयोजित होने वाले राजेंद्र राणा के कार्यक्रम में पहुंचने के लिए यदि सैनिक न्योता दे रहे हों, तो फिर चर्चा तो होनी ही है। इस समारोह में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला तो आएंगे ही, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी पहुंच रहे हैं। यही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह कार्यक्रम के विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि समारोह के स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की मौजूदगी इस कार्यक्रम के महत्व को और बढ़ा रही है।

गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मेजर जनरल बीएस जसवाल मौजूद रहेंगे। उधर, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा इस कार्यक्रम को लेकर लगातार हर कार्यक्रम में तंज कसते रहे। उन्होंने बुधवार को भी कई कार्यक्रमों में इस पर अपने अंदाज में जोरदार हमले किए और कहा कि जो सैनिक लंबे समय तक सेना में नौकरी करके आता है, अब वह राजेंद्र राणा के कार्यक्रम में 'सैल्यूट' करने पर मजबूर किया जा रहा है। इसीलिए सैनिकों को इस चीज को समझना होगा। अब देखना यही है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की इस खींचतान के बीच इस कार्यक्रम की सफलता किस स्तर पर बैठती है। क्योंकि भाजपा में राणा समर्थकों का कुनबा भी इसके लिए लगा हुआ है।

### रक्कड़ गांव में नाले पर पुली निर्माण की मांग हुई पूरी, सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान



**बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत पुतडियाल के गांव रक्कड़ के लोगों की एक नाले पर पुली के निर्माण की काफी वर्षों से चली आ रही मांग को सकारात्मक रूप मिलने से इस गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद किया है।

ग्राम पंचायत पुतडियाल के उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि इस नाले पर पुली के निर्माण के लिए रक्कड़ गांव के लोगों की काफी वर्षों से मांग चली आ रही थी। इस नाले पर पुली न होने के कारण उक्त गांव के लोगों को अपने स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गत माह इस समस्या को लेकर गांव का एक प्रतिनिधिमंडल उनकी अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से भी मिला था, तो उस दौरान उन्होंने लोगों की इस समस्या को जल्द हल का आश्वासन भी दिया था एवं लोगों की इस मांग को मध्यनजर रखते हुए सीएम ने इस पुली के निर्माण के लिए 14 लाख की बजट राशि भी स्वीकृत कर दी थी, अब इस पुली को सकारात्मक रूप मिल जाने के कारण उक्त गांववासियों में भारी खुशी की लहर व्याप्त है। उक्त पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार एवं वार्ड पंच उर्मिला देवी और पंचायत के निवासी राज कुमार, संजीव धीमान, अशोक कुमार, अमर नाथ बलदेव चंद, संसार चंद प्यार चंद एवं किशोर कुमार आदि ने कहा मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें जो इस समस्या के समाधान करने के लिए आश्वासन दिया था, उसे पूरा करके उन्होंने एक बार फिर ये साबित कर दिया है कि जो वे कहते हैं, उसे पूरा करते हैं।

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान पर भड़की आईपीएस एसोसिएशन

अनंत ज्ञान

◆ पोस्टिंग पर जताया ऐतराज क्षेत्रीयता के आरोप को भी बताया असंवैधानिक

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा एसोसिएशन ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हालिया बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण, विभाजनकारी व प्रशासनिक दृष्टि से नुकसानदेह करार दिया है। एसोसिएशन ने साफ तौर पर कहा है कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा दिए गए बयान से हिमाचली व गैर-हिमाचली अधिकारियों के बीच कृत्रिम और अनावश्यक विभाजन पैदा करने की कोशिश की गई, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

जानकारी के अनुसार आईपीएस एसोसिएशन ने सरकार से स्पष्ट मांग की है कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ किसी भी आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग न की जाए। एसोसिएशन का कहना है कि ऐसे बयान देने वाले मंत्री के अधीन काम करना अधिकारियों के लिए न केवल असहज स्थिति पैदा करता है, बल्कि यह पुलिस सेवा के मनोबल और निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर भी प्रतिकूल असर डालता है।

एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आईएएस और आईपीएस अधिकारी किसी राज्य, क्षेत्र या जन्मभूमि के आधार पर नहीं, बल्कि संविधान और कानून के प्रति अपनी निष्ठा से पहचाने जाते हैं। किसी अधिकारी की नीयत, प्रतिबद्धता या वैधता पर उसके कैडर या क्षेत्र के आधार पर सवाल उठाना तथ्यात्मक रूप से गलत होने के साथ-साथ अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाला और प्रशासन में अविश्वास फैलाने वाला है।

## सिविल सेवाओं की गरिमा की रक्षा करने का आग्रह

**आईपीएस** एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मंत्री विक्रमादित्य सिंह जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह की बयानबाजी से हिमाचल पुलिस तंत्र के भीतर अविश्वास की स्थिति बन सकती है और इसका सीधा असर कानून-व्यवस्था व जनसेवा पर पड़ेगा। एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया है कि भविष्य में इस प्रकार के बयान न दोहराए जाने को सुनिश्चित किया जाए और सिविल सेवाओं की गरिमा, एकता और राजनीतिक निरपेक्षता को हर हाल में बनाए रखा जाए।

# उपमुख्यमंत्री ने किया इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप बस का निरीक्षण

## बोले-एचआरटीसी में हरित परिवहन की बड़ी तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में हरित व आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को गति देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बुधवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होने जा रही इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप बस का निरीक्षण किया। यह बस उन 297 नई इलेक्ट्रिक बसों का हिस्सा बनने जा रही है, जिन्हें प्रदेश में शामिल किया जाना प्रस्तावित है।



उपमुख्यमंत्री इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप बस का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान बस के भीतर यात्रियों की सुविधा, बैठने की व्यवस्था और तकनीकी पक्षों को ध्यान से देखा और कंपनी के प्रतिनिधियों को आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप बसों का मजबूत और आरामदायक होना बेहद जरूरी है।

8 जनवरी से इस इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप बस का विस्तृत ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान बस को सोलन से अर्की वाया मांजू, सोलन से सराहा वाया नारग, शिमला से गिरीपुल वाया कुफरी-चायल, शिमला से जयनगर वाया शालाघाट और शिमला से घड़काहन वाया मशोबरा जैसे कठिन और पहाड़ी रूटों पर चलाया गया। ट्रायल में सामने आया कि यह बस 80 फीसदी बैटरी चार्ज में लगभग 180 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम है। इस ट्रायल के आधार पर एचआरटीसी प्रबंधन एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें तकनीकी प्रदर्शन और यात्रियों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

### प्रोटोटाइप बस का प्रदर्शन संतोषजनक निकला

**हैदराबाद** की इलेक्ट्रा कंपनी द्वारा भेजी गई इस प्रोटोटाइप बस का प्रदर्शन संतोषजनक बताया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी कंपनी की इलेक्ट्रिक बसें पिछले करीब दस वर्षों से रोहतांग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं।

### कंपनी को दिए जरूरी सुधारों के निर्देश

**इस** अवसर पर हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. निपुण जिंदल भी मौजूद रहे। वहीं, शिमला के डीएम देवासेन नेगी ने बताया कि वह स्वयं इस बस का ट्रायल ले रहे हैं और बस का प्रदर्शन अच्छा है। उपमुख्यमंत्री ने ट्रायल का निरीक्षण कर कंपनी को जरूरी सुधारों के निर्देश दिए, ताकि हिमाचल को जल्द ही पर्यावरण मित्र और आधुनिक परिवहन व्यवस्था मिल सके।

# सीएसपीओसी सम्मेलन में होगी हिमाचल की सशक्त भागीदारी

अनंत ज्ञान

◆ विधानसभा अध्यक्ष 28वें राष्ट्रमंडल स्पीकर सम्मेलन में होंगे शामिल

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 14 से 16 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 28वें राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों एवं पीठासीन अधिकारियों सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय संसद द्वारा संसद भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रमण्डल के सदस्य देशों की विधायी परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहन विमर्श किया जाएगा।



यह उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल स्पीकरों एवं पीठासीन अधिकारियों का यह मंच वर्ष 1969 में कनाडा के तत्कालीन हाउस ऑफ कॉमंस स्पीकर की पहल पर अस्तित्व में आया था। आज यह मंच राष्ट्रमंडल के 53 संप्रभु देशों की राष्ट्रीय संसदों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों को एक साझा संवाद मंच प्रदान करता है, जहां संसदीय लोकतंत्र को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने पर विचार-विमर्श किया जाता है।

इस ऐतिहासिक सम्मेलन का उद्घाटन समारोह 15 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जो उद्घाटन अवसर पर अपना प्रमुख संबोधन भी देंगे। सम्मेलन में 53 राष्ट्रमंडल देशों की 23 द्विसदनीय एवं 30 एकसदनीय संसदों का प्रतिनिधित्व होगा, जिसमें कुल 76 स्पीकर एवं पीठासीन अधिकारी तथा 71 क्लर्क, सेक्रेटरी जनरल भाग लेंगे। सम्मेलन में निर्धारित छह प्रमुख कार्यसूचियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानियां लोगों की संसद को आकार देने, प्रभावी और सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने तथा लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को मजबूत करने में स्पीकर एवं पीठासीन अधिकारियों की भूमिका विषय पर अपना विचारपूर्ण संबोधन प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी भाग लेंगे।

# प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर मौन प्रशासन बेलगाम : कटवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने लोक निर्माण मंत्री की सोशल मीडिया पोस्ट से उपजे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का प्रशासनिक तंत्र दिशाहीन और बेलगाम हो गया है।



उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण में कुछ अधिकारी खुद को जवाबदेही से ऊपर समझने लगे हैं और भ्रष्टाचार के मामलों पर सरकार आंखें मूंदे बैठी है। कटवाल ने स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी ईमानदार अधिकारियों का विरोध नहीं किया, बल्कि पार्टी हमेशा कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों के साथ खड़ी रही है और भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं तथा जनता के धन के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को लगातार उठाती रही है।

कटवाल ने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि अधिकारी कहां से आए हैं, बल्कि यह है कि वे ईमानदारी से काम कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई अधिकारी या सत्ता से जुड़ा व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी गैर-जिम्मेदार बयान दे रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से न तो कोई स्पष्ट रुख सामने आ रहा है और न ही अनुशासनात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। यह चुप्पी या तो भ्रष्टाचार पर मौन सहमति को दर्शाती है या प्रशासन पर कमजोर पकड़ को, जो प्रदेश के लिए घातक है।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान रेजिडेंट डॉक्टरों ने रखीं मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में विभिन्न संगठनों ने भेंट की। इस अवसर पर राजा दुर्गा सिंह क्लब सोलन के महासचिव केशविंद्र सिंह एवं क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 3.25 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया। वहीं, आईजीएमसी शिमला की रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष डॉ. सोहिल शर्मा के नेतृत्व में तथा ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ मुख्यमंत्री से मिला और संगठन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं व मांगों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने दोनों ही मामलों में सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

# कवालिया चोटी पर भैंस पालकों के अस्थायी शैड जलकर राख

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा से सटी करीब आठ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित कवालिया चोटी में बीते सप्ताह शरारती तत्वों ने आग लगाकर भैंस पालकों के चार अस्थायी आवासीय शैड राख कर दिए। यह क्षेत्र मशोबरा ब्लॉक के अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन और सतलाई से जुड़ा है, जहां पशुपालक हर वर्ष छह माह के लिए अपनी भैंसों के साथ इन शैडों में अस्थायी रूप से निवास करते हैं। आगजनी की इस घटना से पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।



आग से क्षतिग्रस्त हुए भैंस पालकों के अस्थायी शैड। अनंत ज्ञान

भैंस पालक जबर सिंह ठाकुर ने बताया कि जले हुए शैड करीब पांच दशक पुराने थे, जिनमें उनके पूर्वज भी अस्थायी तौर पर रहा करते थे। इन शैडों की छतें घास और लकड़ी से बनी थीं। अब उन्हें आगामी अप्रैल से पहले दोबारा शैड तैयार करने पड़ेंगे, जबकि इस ऊंची चोटी तक निर्माण सामग्री पहुंचाना सबसे कठिन कार्य है। उनका कहना है कि कवालिया चोटी पर बड़ी संख्या में पर्यटक और अन्य लोग आते-जाते हैं और आशंका है कि किसी ने शरारतवश आग लगाई होगी।

### कवालिया देवता की मान्यता व परंपरा

**पशुपालकों** के अनुसार कवालिया चोटी पर कवालिया देवता का प्राचीन मंदिर स्थित है, जिन्हें पशुपालकों का देवता माना जाता है। मान्यता है कि देवता की कृपा से यहां बाघ या तेंदुए जैसे हिंसक जानवरों का भय नहीं रहता। इसी विश्वास के चलते शैडों में दरवाजे तक नहीं लगाए जाते और चोरी की आशंका भी नहीं होती। हर वर्ष अप्रैल-मई में पशुपालक भैंसों को लेकर चोटी पर जाते हैं और अक्तूबर-नवंबर में लौटते हैं। अक्तूबर में कवालिया देवता की जातर निकलती है, जिसमें समूचे क्षेत्र के लोग भाग लेते हैं और भंडारे के रूप में भैंस के दूध की खीर बनाई जाती है।

# शिमला में ई-चालान ठगी के बढ़े मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राजधानी शिमला में ई-चालान के नाम पर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। शातिर अपराधी वाहन चालान का डर दिखाकर मोबाइल पर संदेश भेजते हैं और फर्जी लिंक के जरिए बैंक खातों की जानकारी हासिल कर राशि उड़ा लेते हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अनजान नंबरों से आए संदेशों पर भरोसा न करें, कोई गोपनीय जानकारी साझा न करें और चालान की स्थिति केवल सरकारी परिवहन पोर्टल पर जांचें। ठगी की आशंका होने पर तुरंत साइबर सहायता नंबर पर सूचना दें। सतर्कता ही इस तरह के अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# तत्तापानी में मकर संक्रांति पर 'महास्नान'

## हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, खिचड़ी की ऐतिहासिक परंपरा भी निभाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तत्तापानी में मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शिमला से लगभग 56 किलोमीटर दूर स्थित इस तीर्थ में हजारों श्रद्धालु तड़के चार बजे से गर्म पानी के प्राकृतिक कुंडों में स्नान करते नजर आए। स्नान के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने तुलादान कर ग्रहों की शांति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि तत्तापानी के सल्फर युक्त गर्म जल में स्नान करने से त्वचा संबंधी रोग दूर होते हैं, इसी विश्वास के चलते दूर-दराज से लोग यहां पहुंचते हैं।



मकर संक्रांति पर तत्तापानी के गर्म पानी के कुंडों में स्नान करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति पर तत्तापानी में खिचड़ी बनाने और प्रसाद वितरण की परंपरा दशकों पुरानी है। इस वर्ष लगभग तीन क्विंटल खिचड़ी श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित की गई। शिमला निवासी मोहित सूद ने बताया कि उनके पूर्वज करीब 96 वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं और इस बार 97वीं बार खिचड़ी बनाई गई। इससे पहले वर्ष 2020 में साढ़े चार क्विंटल खिचड़ी परोसकर एक रिकॉर्ड भी बन चुका है। खिचड़ी हरियाणा के यमुनानगर से लाए गए विशेष पतीलों में बनाई जाती है। इस मौके पर राज्य के राजस्व मंत्री जगत नेगी भी तत्तापानी पहुंचे और प्रदेश व देशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

तत्तापानी को ऋषि जमदग्नि और भगवान परशुराम की तपोस्थली माना जाता है। मान्यता है कि त्रेता युग से यह हिंदुओं का प्रमुख तीर्थ रहा है। बताया जाता है कि ऋषि जमदग्नि ने यहां यज्ञ के बाद भंडारे की परंपरा शुरू की थी, जिसे आज भी सूद परिवार निभा रहा है। इतिहास के पन्नों में यह भी दर्ज है कि 22 सितंबर 1952 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने यहां स्नान कर सरोवर का उद्घाटन किया था। वर्ष 2013 में सतलुज नदी पर कोल डैम बनने से पुराना जलाशय जलमग्न हो गया, जिसके बाद भू-वैज्ञानिक विभाग द्वारा ड्रिलिंग कर गर्म पानी के नए स्रोत निकाले गए और श्रद्धालुओं के लिए कुंड बनाए गए।



पहाड़ी व्यंजन तैयार करती महिला। अनंत ज्ञान

# मकर संक्रांति पर क्योंथल में पहाड़ी स्वाद और आस्था का अनूठा संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्योंथल क्षेत्र में मकर संक्रांति का दो दिवसीय पर्व श्रद्धा, सादगी और पहाड़ी स्वादों के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कड़ाके की ठंड के बीच घरों में पारंपरिक व्यंजन बने और परिवार संग उनका आनंद लिया गया। प्राचीन मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की आवाजाही रही, जिन्होंने देवी-देवताओं के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। क्योंथल में माघी पर्व पर लोहड़ी की तरह अलाव जलाने या अग्नि पूजा की परंपरा नहीं है। यह उत्सव पूरी तरह क्षेत्रीय संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप मनाया जाता है। गिरि नदी के दोनों ओर बसे शिमला और सिरमौर जिलों के क्योंथल अंचल में सालभर की चार बड़ी साजी बैसाखी, हरियाली, दिवाली और माघी पर कुल देवी-देवताओं की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि आराधना से क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि आती है। बुजुर्ग बताते हैं कि माघी पर घरों में सिड्डू या अस्कलियां और खीर, पटांडे जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं और पहले मंदिरों में भोग अर्पित किया जाता है। माघी के दिन से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत देने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में कार्यरत लगभग 5500 स्वयं सहायता समूहों के प्रभावी संचालन के लिए ठोस और व्यावहारिक रणनीति तैयार की जाएगी। जिले में 38 क्लस्टर कार्यरत हैं, लेकिन जिला स्तर की फेडरेशन अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं हो पा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला स्तर की फेडरेशन को सशक्त बनाने पर सहमति बनी, ताकि सभी स्वयं सहायता समूहों को योजनाओं का समान और वास्तविक लाभ मिल सके।



बैठक में स्वयं सहायता समूहों व विकास कार्यों पर चर्चा करते अधिकारी। अनंत ज्ञान

### आवास निर्माण कार्यों में तेजी, बीमा मामलों को भी मंजूरी

**बैठक** में ग्रामीण विकास विभाग के तहत निर्माणाधीन आवासों को अगले छह महीनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के लिए बनाए जा रहे आवास तय समय-सीमा में पूरे करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही मातृ शक्ति बीमा योजना के अंतर्गत 10 मामलों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को घर-द्वार पर रोजगार, नवाचारों को मिलेगी प्राथमिकता

**उपायुक्त** ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को घर-द्वार पर रोजगार उपलब्ध कराया है और हजारों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए नए नवाचारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को जागरूक करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा और उन्हें व्यावसायिक तथा प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी आय और कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके।

# जुब्बल-कोटखाई में विकास को मिली रफ्तार, दो सड़कों की सफल पासिंग

बअनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए दो ग्रामीण सड़कों की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई। जुब्बल उपमंडल की ग्राम पंचायत अंटी में चींग-धर्माणा-बावड़ी (छाजपुर) संपर्क मार्ग तथा कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाग-डुमैहर में जालठ गांव के जालठ-1 से जालठ-2 तक सड़क की पासिंग पूरी हुई। इन परियोजनाओं से दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से सीधा जुड़ाव सशक्त हुआ है।



सड़कों की सफल पासिंग के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल। अनंत ज्ञान

◆ शिक्षा मंत्री के प्रयासों से ग्रामीण इलाकों को बड़ी सौगात

इन सड़कों की सफल पासिंग पर ग्राम पंचायत अंटी और बाग-डुमैहर की जनता व लाभार्थियों ने हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया। पंचायत के वर्तमान और पूर्व प्रतिनिधियों ने कहा कि मंत्री के सतत प्रयासों और प्रशासनिक समन्वय से यह कार्य संभव हो पाया, जो क्षेत्रीय विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

स्थानीय लोगों के अनुसार इन सड़कों के निर्माण से आवागमन में आसानी और समय की बचत होगी, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बेहतर होगी तथा कृषि और बागवानी आधारित आजीविका को भी नया संबल मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, गुरमीत सिंह नेगी, एसडीएम जुब्बल, एसडीएम कोटखाई अभिषेक भरवाल, पंचायत प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, लोक निर्माण विभाग और हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

विकास | सड़कों से लेकर शिक्षा-स्वास्थ्य तक नई रफ्तार, 500 करोड़ के सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

# चहुंमुखी विकास की राह पर जुब्बल-नावर-कोटखाई: रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया निरंतर गति पकड़ रही है। वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यहां आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता में शामिल है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में केवल सड़क निर्माण के क्षेत्र में ही इस समय करीब 500 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं, जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं और जिनका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है।

इसी क्रम में कोटखाई उपमंडल के ग्राम पंचायत बाग डुमेहर में जालठ (1) से जालठ (2) तक निर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया गया। लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बने इस मार्ग से दोनों बस्तियों के बीच आवागमन सुगम हुआ है। शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर मार्ग पर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बागवानों को भी अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिकी को मजबूती मिलेगी।



कोटखाई क्षेत्र में जनसमूह को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि बीते समय में क्षेत्र की 161 सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग की जा चुकी है और कई अन्य सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य प्रगति पर है। स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिले हैं। सिविल अस्पताल जुब्बल और मुख्यमंत्री आदर्श स्वास्थ्य संस्थान कोटखाई में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने के लिए 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोटखाई को केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिलना एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है, जिसके दूरगामी परिणाम क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होंगे। इसके साथ ही कोटखाई में सब जज कोर्ट की गतिविधियों को भी शीघ्र सुचारु करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे लोगों को न्यायिक सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### विकास की निरंतर प्रक्रिया को रखा जाएगा जारी

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ प्रदेश और अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की सेवा कर रहे हैं। विकास एक निरंतर और गतिशील प्रक्रिया है और आने वाले समय में सरकार तथा नागरिकों के परस्पर सहयोग से जुब्बल-नावर-कोटखाई सहित पूरे हिमाचल को और बेहतर स्थिति में लाने के प्रयास जारी रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग करेगा जिले का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, सदस्य एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा और एडवोकेट विजय डोगरा 15 से 19 जनवरी तक कांगड़ा जिले के आधिकारिक प्रवास पर रहेंगे। इस पांच दिवसीय दौरे का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के लिए संचालित कल्याण योजनाओं की समीक्षा, विकास कार्यक्रमों का मूल्यांकन तथा स्थानीय प्रशासन और गैर-सरकारी संगठनों से संवाद स्थापित करना है। 15 जनवरी को धर्मशाला में संबंधित विभागों व संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 16 जनवरी को सुबह 11:30 बजे उपायुक्त कार्यालय, धर्मशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। 17 जनवरी को पालमपुर में सुबह 11 बजे विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। 18 जनवरी को आयोग बैजनाथ क्षेत्र में अनुसूचित जाति बस्तियों का मौके पर निरीक्षण करेगा।

### कार से 852 ग्राम चरस बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान कार से 852 ग्राम चरस बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आल्टो कार नंबर एचपी-01सी-1940 की तलाशी ली, जिसमें सवार राम लाल निवासी धमेर, डाकघर झटींगीरी, तहसील पधर, जिला मंडी तथा संजय कुमार निवासी मारखान, झटींगीरी, तहसील पधर, जिला मंडी के कब्जे से चरस बरामद की गई। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है। वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि नशे से जुड़े मामलों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### धर्मशाला में गूंजे जय श्रीराम के नारे




**अंनत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को धर्मशाला शहर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। विश्व हिंदू परिषद कांगड़ा की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (कैंट रोड) में दिव्य राम कथा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया गया। पहले दिन भव्य कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा विभिन्न मंदिरों से होती हुई कोतवाली बाजार पहुंची, जहां देवी-देवताओं को राम कथा में आमंत्रित किया गया। जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण राममय हो उठा। इसके बाद कथा व्यास पंडित शिव कुमार दैवज्ञ ने भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों पर भावपूर्ण कथा प्रस्तुत की। आयोजन समिति के अनुसार राम कथा 22 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी, जबकि 23 जनवरी को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जल शक्ति पैरा कर्मियों के लिए 8 की बजाय 5 वर्ष की हो पॉलिसी

## पैरा कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष बोले- मांगें न मानी तो फरवरी में शुरू होगी हड़ताल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जल शक्ति विभाग के पैरा कर्मियों के लिए आठ के बजाय पांच वर्ष की पॉलिसी बनाई जाए और इसकी नोटिफिकेशन की जाए। शार्ट टर्म पॉलिसी से ही पैरा कर्मियों को पेंशन व अन्य लाभ मिल पाएंगे। यदि सरकार ने मांगों को नहीं माना तो विभाग के पैरा कर्मी फरवरी माह में हड़ताल पर जाएंगे, जो मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी।

यह बात कर्मचारी संघर्ष मोर्चा व पैरा कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अमन शर्मा ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग में पैरा कर्मचारी पैरा पंप ऑपरेटर व पैरा फीटर वर्ष 2017 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2020 में जल शक्ति विभाग में तीन श्रेणियों में पैरा पंप आपरेटर, पैरा फीटर व मल्टी पर्पज वर्कर की भर्ती हुई। उस समय मानदेय मल्टी पर्पज वर्कर का मानदेय 3900 रुपए और 4600 रुपए पैरा पंप ऑपरेटर व फीटर का तय किया गया था। वर्तमान में पैरा पंप ऑपरेटर व फीटर को 6600 रुपए मानदेय दिया जा रहा है। पैरा पंप ऑपरेटर व फीटर के लिए सरकार की ओर से 8 वर्ष की पॉलिसी बताई गई है, जबकि मल्टी पर्पज वर्कर को विचाराधीन रखा गया है।

अमन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2017 में नियुक्त पैरा कर्मियों का 8 साल की पॉलिसी के तहत कार्यकाल अक्तूबर माह में पूरा हो चुका है, जबकि जनवरी माह भी आधा बीतने के बावजूद अभी तक इनकी नोटिफिकेशन नहीं हुई है। आगामी कैबिनट मीटिंग में सरकार की ओर से पैरा कर्मियों के संबंध में कोई नोटिफिकेशन नहीं की जाती है तो जल शक्ति विभाग के पैरा कर्मी अगले माह से हड़ताल पर चले जाएंगे।

### ओपीएस के लिए दस वर्ष की नियमित सेवाएं जरूरी

**अमन** ने कहा कि सरकार से पैरा कर्मियों के लिए 8 के बजाय 5 वर्ष की पॉलिसी बनाने की मांग की जा रही है। 8 वर्ष की नीति लागू रहने पर 45 वर्ष की आयु में कार्यरत पैरा कर्मी पेंशन से वंचित रह जाएंगे। ओपीएस के लिए 10 वर्ष की नियमित सेवा जरूरी है, जिससे पैरा कर्मियों को लाभ नहीं मिलेगा। वर्तमान मानदेय भी महंगाई के मुकाबले अपर्याप्त है। अमन ने कहा कि पैरा पंप ऑपरेटर व फीटर 6600 व मल्टी पर्पज वर्कर 5500 रुपए से भी काम चला लेंगे, लेकिन पॉलिसी को 8 के बजाय 5 वर्ष किया जाए। ग्राउंड जीरो पर काम करने वाले पैरा कर्मियों के लिए विपक्ष तो आवाज उठाता रहा है, लेकिन सत्ता पक्ष से केवल कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने ही पैरा कर्मियों की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि 17 जनवरी के बाद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिलकर पैरा कर्मी अपनी मांग को पुनः उठाएंगे। इसके बावजूद बात नहीं बनी तो फरवरी में हड़ताल शुरू की जाएगी।

# सीबीएसई स्कूल कैडर शिक्षक भर्ती की अधिसूचना करें जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की ओर से 30 दिसंबर, 2025 को सीबीएसई स्कूल कैडर के गठन, शिक्षक भर्ती तथा मानदेय संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अब तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा विभाग से शीघ्र अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

◆ **राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई मांग**

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देशराज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि इस अधिसूचना में भर्ती प्रक्रिया, पात्रता शर्तों तथा चयन प्रणाली को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश अविलंब जारी किए जाने चाहिए। सीबीएसई कैडर में नियुक्ति के लिए शिक्षकों की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव मानदंड सार्वजनिक किए जाएं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम भी एक साथ अधिसूचित किया जाए। कैबिनेट निर्णय के अनुसार इस अलग कैडर में शिक्षकों को देय तीन हजार रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त मानदेय तथा प्रिंसिपल को देय पांच हजार रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त राशि की अधिसूचना भी प्रतीक्षित है। अनेकों शिक्षक नए भर्ती करने हैं, जिसकी प्रक्रिया भी समय लेगी। प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होना है, जिसके लिए भर्ती प्रक्रिया मार्च माह तक पूर्ण करना अनिवार्य है।

# जसवां-परागपुर में एसडीएम कार्यालय की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** कांगड़ा। कांगड़ा जिले की जसवां-परागपुर विधानसभा आज भी एसडीएम कार्यालय से वंचित है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। इस प्रशासनिक कमी के विरोध में अब लोगों का सब्र जवाब देने लगा है।

25 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रागपुर दौरे को लेकर डाडासीबा में एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई है। लोगों का कहना है कि जसवां-परागपुर कांगड़ा जिले की एकमात्र विधानसभा है, जहां एसडीएम स्तर के कार्यों के लिए लोगों को आज भी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे समय और धन की बर्बादी के साथ-साथ आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डाडासीबा क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर इसे एसडीएम कार्यालय के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बताया है। एसडीएम कार्यालय संघर्ष कमेटी डाडासीबा का तर्क है कि यह क्षेत्र विधानसभा के ठीक मध्य में स्थित है और पहले से ही एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र के रूप में विकसित है। तहसील कार्यालय, खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, पुलिस थाना सहित कई उपमंडल स्तरीय कार्यालय पहले से कार्यरत हैं। स्थानीय प्रतिनिधियों प्रधान डाडासीबा सुचिता कंवर, उप प्रधान परमेश्वरी दास, व्यापार मंडल प्रधान राजिंदर सिंह गोगा आदि का कहना है कि यदि डाडा सीबा में एसडीएम कार्यालय स्थापित होता है, तो जसवां-परागपुर की बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले यह मांग अब एक बड़े जन मुद्दे के रूप में उभर चुकी है।

### पीएचसी इच्छी में 40 बच्चों को लगाए टीके



**अनंत ज्ञान, गगल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इच्छी में एक महीने से लेकर 6 महीने के बच्चों को टीके लगाए गए। फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर ललिता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण का शिविर लगाया हुआ था, जिसमें 40 के लगभग नन्हे मुन्नों को टीके लगाए गए। इस अवसर पर शिविर में फीमेल हेल्थ वार्ड शिल्पा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर रेनू वाला तथा आशा वर्कर आदि उपस्थित थे।

भारतीय सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





















## बैजनाथ में रिकॉर्ड 3.25 क्विंटल देसी घी के मक्खन से घृत मंडल तैयार

# भोले का मक्खन–मेवों से श्रृंगार



अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में मकर संक्रांति घृत मंडल के उपलक्ष्य पर रिकॉर्ड 3.25 किवंटल शुद्ध देसी घी के मक्खन से घृत मंडल तैयार किया गया। 12 रुद्राभिषेक के बाद पांच पुजारी की देखरेख में घृत मंडल का कार्य शुरू हुआ और शाम करीब 7:30 बजे भोले शंकर के इस आकर्षक रूप का श्रृंगार संपन्न हुआ। गौरतलब है कि मकर संक्रांति पर बैजनाथ में भगवान शिव की आराधना के लिए हर वर्ष शिवलिंग पर शुद्ध देसी घी से घृत मंडल तैयार किया जाता है। बैजनाथ के तहसीलदार रमन ठाकुर ने बताया कि इस धार्मिक अनुसंधान के लिए तैयारी जोर से आरंभ 11 जनवरी को ही आरंभ हो गई थी। कांगड़ा से विशेष रूप से घी का मक्खन बनाने के लिए पुजारी अजय शर्मा अपनी टीम के साथ बैजनाथ विशेष रूप से घृत मंडल बनाने के लिए आए। हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर की भव्य सजावट की गई है। फूलों और लड़ियां लगाई गई है, जिससे ऐतिहासिक शिव मंदिर रात्रि के समय अत्यंत मनमोहक और दिव्य प्रतीत हो रहा है ।

पुजारी सुरेंद्र आचार्य और संजय शर्मा ने बताया कि शुद्ध देसी घी को 108 बार शुद्ध शीतल जल से धोकर इसका मक्खन बनाया जाता है, जिसको आज मकर संक्रांति वाले दिन शिवलिंग पर चढ़ाकर शिव पार्वती का भव्य और आकर्षक रूप दिया गया है। आठवें दिन 21 जनवरी की सुबह घी रूपी मक्खन को श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा घृत मंडल के इस धार्मिक पर्व के अवसर पर मंदिर के परिसर में धार्मिक संध्या का भी आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक किशोरी लाल, एसडीएम संकल्प गौतम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, तहसीलदार रमन ठाकुर, मिलाप राणा, व्यापार मंडल प्रधान मनोज कपूर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 10 हजार भक्तों ने किए मां ज्वाला के दर्शन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** ज्वालामुखी मंदिर में मकर संक्रांति के दिन लगभग दस हजार श्रद्धालुओं ने मां ज्वालामुखी के दरबार में परिवार सहित पहुंचकर माता रानी की अखंड ज्योति के दर्शन किए और पुण्य फल प्राप्त किया। मंदिर अधिकारी तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ने कहा कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए मंदिर के कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग करते हुए यात्रियों को परिक्रमा मार्ग से मंदिर तक पहुंचा कर शांतिपूर्ण माहौल में माता के दर्शन करवाए। यात्रियों ने कन्या पूजन भी किया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की आमद कम रही। करीब 1200 श्रद्धालुओं ने मां व भगवान शिव के दर्शन किए ।

# कांगड़ा–शिमला फोरलेन पर दो माह में तैयार होगा रियूंद पुल

## प्रशासन ने जताई संभावना, पुल के तैयार होने से सुगम होगा सफर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा–शिमला फोरलेन पर कांगड़ा सुरंग के पास बन रहे पुल निर्माण का इंतजार जल्द खत्म हो जाएगा।

जिला प्रशासन ने एनएचएआई अधिकारियों से हुई चर्चा उपरांत दो माह के भीतर पुल के तैयार होने की संभावना जताई है। इस पुल के तैयार होने के साथ ही वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी, जिससे काफी हद तक सफर में कमी आएगी।

वहीं, पठानकोट–मंडी फोरलेन की बात करें तो उसमें राजोल से लेकर ठानपुरी तक के सेक्शन की मल्टीपल आप्शंस, केंद्रीय मंत्रालय के पास लंबित पड़ी है, जबकि लोग राजोल से आगे फोरलेन किस ओर जाएगा, इसको लेकर असमंजस में हैं। एयरपोर्ट विस्तारीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके चलते गगल व आसपास के एरिया के लोग विस्थापित होंगे। वहीं, फोरलेन राजोल से आगे किस ओर जाएगा, यह अभी तक तय नहीं हो पाया है। ऐसे में एयरपोर्ट विस्तार से विस्थापित होने वाले लोगों सहित अन्य लोग, जो कि भवन निर्माण करना चाहते हैं, उनमें असमंजस की स्थिति बनी है कि निर्माण करें या नहीं। क्योंकि राजोल से ठानपुरी तक के फोरलेन के लिए मल्टीपल आप्शंस केंद्रीय मंत्रालय के पास लंबित हैं, जिस पर मंत्रालय को ही आगामी निर्णय लेना है।

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा का कहना है कि पठानकोट–मंडी फोरलेन में राजोल से ठानपुरी तक के सेक्शन के लिए मल्टीपल आप्शंस मंत्रालय के पास लंबित है। मंत्रालय द्वारा ही तय किया जाना है कि राजोल से आगे किस अलाइनमेंट पर कार्य किया जाना है, मंत्रालय द्वारा फाइनल करने उपरांत ही आगामी प्रक्रिया शुरू होगी।

शिमला–कांगड़ा फोरलेन में कांगड़ा की रियूंद खड्ड पर बन रहे पुल को लेकर डीसी कांगड़ा ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों से बात हुई है, जिसमें उनके द्वारा मार्च तक पुल तैयार होने के साथ वाहनों की आवाजाही शुरू होने की बात कही गई है, इसमें भारी निर्माण कार्य होने के साथ तकनीकी कार्य भी है। पुल को जल्द तैयार करने के बजाय सुरक्षा मानक बेहद जरूरी हैं। डीसी ने कहा कि तकनीकी रूप से पुल का कार्य किया जा रहा है और उम्मीद है कि एक–दो महीनों में यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. राजीव डोगरा व मन्नत रंधावा सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शांति फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में युवा कवि, लेखक और हिंदी अध्यापक डॉ. राजीव डोगरा तथा उनकी छात्रा मन्नत रंधावा को सम्मानित किया गया। डॉ. डोगरा वर्तमान में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में कार्यरत हैं। उन्हें और मन्नत को राष्ट्र निर्माण और साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान और स्वामी विवेकानंद इंस्पायरिंग यूथ अवॉर्ड प्रदान किया गया। मन्नत के माता-पिता जगदीश सिंह और कमलेश कुमारी ने डॉ. डोगरा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने दोनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे ही उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया।

### चाइना डोर से युवक गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट शहर में एक युवक चाइना डोर की चपेट में आ गया, जिससे उसके पांव की अंगुलियां कट गईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक मशीन निवासी सैली कुलियां ने बताया कि वह अपने बच्चों को घर पर छोड़कर चक्की पुल की तरफ जा रहा था, तभी अचानक चाइना डोर की चपेट में आ गया। उसे लहूलुहान स्थिति में सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि पांव पर टांके लगेंगे। पुलिस ने लोहड़ी से पहले बाजारों में चेतावनी दी थी, लेकिन मंगलवार और बुधवार को चाइना डोर का प्रयोग जारी रहा। यह खतरनाक डोर टूटती नहीं और इसकी चपेट में आने पर जल्दी छुटती भी नहीं, जिससे भविष्य में और भी गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

### बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिला के सचिव कम सीजेएम रूपिंदर सिंह के नेतृत्व में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के चेयरमैन एवं डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जतिंदर पाल सिंह खुर्मी ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए 10 बाढ़ पीड़ित परिवारों को 7.70 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। जतिंदर पाल सिंह ने बताया कि बाढ़ के दौरान न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और पीएलवी टीमों ने राहत कार्य किया और जरूरतमंद परिवारों को चुना गया, जिन्हें कोई अन्य मदद नहीं मिली थी।

### रैल पंचायत के कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर की रैल पंचायत में बुधवार को भाजपा के कथित झूठे व लुभावने वादों से तंग आकर कई लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। मनीषा सपेहिया (पूर्व उपप्रधान), जुल्फी राम, बलदेव ठाकुर, बीरबल, पूर्ण चंद, अभिषेक, बीधी चंद, शंभू दत्त, बिधि सिंह सहित अन्य ग्रामीण अपने परिवारों के साथ कांग्रेस में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि वे अब खोखली राजनीति नहीं, बल्कि जमीन से जुड़ा नेतृत्व चाहते हैं। इस मौके पर कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने सभी सदस्यों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि इनके शामिल होने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह जुड़ाव क्षेत्र में फैलाए जा रहे झूठे वादों का पर्दाफाश करेगा और आने वाले समय में कई और लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे।

## यातायात नियमों की अवहेलना पर परिवहन विभाग सख्त

# फ्लाइंग स्क्वायड ने चार जिलों में किए 750 से अधिक चालान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के चार जिलों कांगड़ा–चंबा, ऊना व हमीरपुर में नियमों की अवेहलना करने पर परिवहन विभाग फ्लाइंग स्क्वायड धर्मशाला डिविजन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में फ्लाइंग स्क्वायड ने लगातार कार्रवाई करते हुए 750 से अधिक चालान किए गए हैं।

इसमें जिला कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमों को लेकर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 750 वाहनों में कमियां पाई गईं, जिसमें 34 के करीब वोल्बो बसों में नियमों की बड़ी अनदेखी पाई गई। बसें राज्य टैक्स का अदा किए बिना ही चलाई जा रही थी, जिससे राज्य को कई समय से लाखों रुपए के टैक्स की चोरी की जा रही थी। इसके साथ ही बिना परमिट, पैसेंजर लिस्ट न होने सहित अन्य भी कई अनियमितताएं पाई गई। परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने कुल 35 लाख का जुर्माना लगाया है, जिसमें पांच लाख 20 हजार के चालान वोल्वो बसों के किए गए हैं। इसके साथ ही आगामी समय में नियमों के साथ ही बसों व अन्य यात्री वाहनों के संचालन करने के दिशा–निर्देश दिए गए हैं, जबकि बसों को नियमों के तहत न चलाए जाने पर ब्लैक लिस्ट करने व कब्जे में भी लिया जा सकता है। अब आगामी समय में भी नियमों की अवेहलना करने वाली वाहनों व निजी वोल्बों बसों पर कड़ा शिकंजा कसा जाएगा। विभाग की ओर से औचक निरीक्षण के दौरान सभी नियमों की जांच पड़ताल के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

> **परिवहन** विभाग फ्लाइंग स्क्वायड टीम की ओर से पिछले एक माह में 750 के करीब चालान किए गए हैं। इसमें 35 लाख से अधिक के चालान किए गए हैं, इसमें निजी बसें भी शामिल हैं। आगामी समय में भी नियमों की अवेहलना किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-असीम सूद, आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड, परिवहन विभाग।**

## परत–दर–परत उजागर हो रहे कांग्रेस सरकार के खोखले दावे : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खोखले दावे अब परत–दर–परत उजागर हो चुके हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, जलशक्ति विभाग में भ्रष्टाचार और अब सड़कों की दुर्दशा तीनों मोर्चों पर कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। धर्मशाला क्षेत्रीय अस्पताल में आयुष्मान भारत और हिमकेयर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं आज केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। गंभीर बीमारियों के मरीजों को ऑपरेशन तक के लिए दवाइयां और सर्जिकल सामग्री अपनी जेब से खरीदनी पड़ रही है। अखबारों में प्रकाशित खबरें बताती हैं कि सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन का लगभग 40 लाख रुपए का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण दवाइयों और उपकरणों की आपूर्ति बाधित है। यह स्थिति कांग्रेस सरकार की वित्तीय बदहाली और संवेदनहीनता को उजागर करती है। जिन योजनाओं का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग को राहत देना था, वही आज उनके लिए आर्थिक बोझ बन चुकी हैं। दूसरी ओर जलशक्ति विभाग में पाइप खरीद से जुड़े मामलों ने कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है।

## कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने बडेड़ में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने जवाली विधानसभा के कोटला क्षेत्र के बडेड़ गांव में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि कोटला क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, भूस्खलन शमन और सीवरेज से जुड़े करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। कोटला बाईपास सड़क उन्नयन पर 3.84 करोड़, कोटला–बलाह–बडेड़ सड़क मरम्मत पर 29.42 लाख, भाली–बोहरका पर 26.75 लाख और कोटला–सोलधा सड़क पर 38.80 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

पेयजल के लिए लगभग 4 करोड़ की अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम तैयार की जा रही है। सिंचाई योजनाओं पर 8.60 करोड़ रुपये व्यय हो रहे हैं, जिनका 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। देहर खड्ड में बाढ़ नियंत्रण पर 5.74 करोड़ और भूस्खलन शमन पर 4.90 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा 22 करोड़ की सीवरेज योजना को भी मंजूरी दी गई है।

## हैप्पी बर्थडे



दविंद्र कटोच और अनीता कटोच को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## भरनौली व भनियार में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के तहत संदीप सोलर पावर प्रोजेक्ट के टेपिंग कार्य के चलते 11 केवी कोटला फीडर के राख, भरनौली, भनियार, जलाडी, निचली छतरी व साथ लगते गांव में वीरवार को सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ई. विक्रम शर्मा ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## छात्रा मौत मामला : आरोपी छात्राओं की अंतरिम जमानत 17 तक बढ़ी

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा की संदिग्ध मौत व रैगिंग व यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी दो छात्राओं की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाकर 17 जनवरी तक कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, 4 आरोपी छात्राओं में से 2 ने कोर्ट से अंतरिम जमानत ली थी, जिसकी अवधि बुधवार को समाप्त हो रही थी। इनकी अंतरिम जमानत अवधि को लेकर बुधवार को न्यायालय में निर्णय लिया गया, जबकि पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी छात्राओं, प्रोफेसर, मृतक छात्रा की सहपाठियों व अन्य किसी के साथ पूछताछ नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मामले को लेकर आरएफएसएल से बाकी बची रिपोर्ट भी शीघ्र पुलिस के पास पहुंच जाएगी। सोमवार तक मामले को लेकर गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट भी पुलिस तक पहुंच जाएगी। उधर, इस बारे में डीआईजी नॉर्थ रेंज सौम्या सांबशिवन ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू पर गहन जांच की जा रही है।

## नरवाणा में व्यक्ति ने निगला नशीला पदार्थ, टांडा रेफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के अंतर्गत पुलिस चौकी योल के नरवाणा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पारिवारिक बहसबाजी के चलते किसी नशीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जोनल अस्पताल से मंगलवार शाम करीब 6.41 बजे पुलिस को मामले की सूचना मिली। पुलिस ने पीड़ित की बेटी का बयान दर्ज किया, जिसमें बताया गया कि घर में माता-पिता के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता है। मंगलवार को भी विवाद के बाद उसके पिता ने नशीली दवा का सेवन कर लिया। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# जसवां–परागपुर के विकास की जंग अब हर मंच पर : पराशर

## कैप्टन संजय ने कस्बा–कोटला में खोला कार्यालय, युवाओं के सपनों को उड़ान देने का किया दावा

अनंत ज्ञान



कस्बा कोटला के दुरगईं में कार्यालय का लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि जब किसी क्षेत्र का भविष्य अधर में हो, युवा बेरोजगारी से टूट रहे हों और आम आदमी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा हो, तब केवल घोषणाएं नहीं, दृढ़ संकल्प और ईमानदार प्रयासों की जरूरत होती है। बुधवार को जसवां क्षेत्र के कस्बा–कोटला के दुरगईं में अपने कार्यालय का लोकार्पण करने के बाद पराशर ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र के लिए एक ऐसा केंद्र बनेगा, जहां से विकास, सहयोग और समाधान की राह निकलेगी। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन की अंतिम सांस तक क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए प्रयासरत रहेंगे।

पराशर ने कहा कि आज का युवा मात्र आश्वासन नहीं, ठोस अवसर चाहता है और उनका यह कार्यालय उसी दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। लंबे समय से जसवां–परागपुर का युवा रोजगार के अभाव में पलायन को मजबूर रहा है। पढ़ा–लिखा युवा जब अपने ही क्षेत्र में भविष्य सुरक्षित नहीं देख पाता, तो उसका दर्द केवल उसका व्यक्तिगत दर्द नहीं रह जाता है। यह तकलीफ पूरे समाज की पीड़ा बन जाती है। इसी पीड़ा को समझते हुए यह कार्यालय एक ऐसा मंच बनेगा, जहां युवाओं को मार्गदर्शन, सहयोग और अवसर उपलब्ध करवाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले कुछ समय में इसी कार्यालय से टांडा मेडिकल कॉलेज में मरीजों के आने–जाने के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त नहीं होंगी, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। महिला मंडलों को मजबूती देना, उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना और उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करना उनके एजेंडे का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की पीड़ा, संघर्ष और सपनों को वह भली–भांति समझते हैं और इस दिशा में ठोस पहल लगातार जारी रहेगी। क्षेत्र की जनसमस्याओं की लड़ाई अब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहेगी। सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर अब हर मंच पर मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि चाहे किसी भी स्तर पर संघर्ष करना पड़े, वह और उनकी टीम पीछे नहीं हटेंगे। यह कार्यालय क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनने, समझने और समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर कैप्टन वरिंदर ठाकुर, एक्स सूबेदार राकेश कुमार, रामपाल शर्मा, हरिकृष्ण, टीटू, पवन कुमार, पंचम चंद, रछपाल सिंह, रत्न चंद, विजय कुमार, मलकीत सिंह, रमन ठाकुर, साहिल ठाकुर, अनमोल सपेहिया, साहिल कुमार, निशांत ठाकुर, सुखदेव, अंजना राणा और राकेश आदि शामिल रहे।

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस में मनाई लोहड़ी



श्री साई ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और एमडी कंवर तुषार पुंज तथा रिया पुंज के साथ स्टाफ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और एमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज मौजूद रहे। एसके पुंज ने कहा कि लोहड़ी का त्योहार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू–काश्मीर और हिमाचल में मनाया जाता है। भारत देश विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों को मानने वालो का देश रहा है। लोहड़ी पर्व की बहुत सी प्राचीन ऐतिहासिक कथाएं हैं।

भारत कृषकों का देश है, पंजाब जैसे राज्यों में लोहड़ी के समय ही फसल कटाई होती है और नई फसल बोई जाती है। पंजाब और आसपास के किसान इस पर्व को नववर्ष के रूप में मानते हैं। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. नवदीप सांवल, पुनीत सांवल, मुकेश गुप्ता, सजय पंडित, डॉ. राजेश गुप्ता, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बंद हुई डाक जीवन बीमा पॉलिसियां होंगी पुनर्जीवित

- पॉलिसी धारकों को पॉलिसी चालू करवाने का मिलेगा मौका
- डाक विभाग तीन माह तक चलाएगा विशेष अभियान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डाक विभाग की ओर से डाक जीवन बीमा की बंद पड़ी पॉलिसियों को पुनर्जीवित करने के लिए तीन महीनों के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित अवधि में बंद हुई पॉलिसियों को पुन: चालू करवाने पर लेट फीस/सरचार्ज में आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है। इसके माध्यम से बीमा धारक बिना अतिरिक्त आर्थिक बोझ के अपनी बीमा पॉलिसी को पुनर्जीवित कर सकते हैं और बीमा सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना उन पॉलिसी धारकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिनकी पॉलिसी किसी कारणवश किस्त न भर पाने के कारण बंद हो गई थी।

**किस प्रीमियम राशि पर कितनी छूट :** पालिसी के पुन: चालू करने के दौरान देय कुल प्रीमियम 1,00,000 रुपए तक है, तो पॉलिसी धारक को 25 फीसदी तक की छूट दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 2,500 रुपए, 1,00,001 से 3,00,000 रुपए तक की प्रीमियम राशि पर भी 25 फीसदी की छूट, अधिकतम 3,000 रुपए और 3,00,001 रुपए या उससे अधिक प्रीमियम राशि वाले मामलों में 30 फीसदी तक की छूट, अधिकतम 3,500 रुपए तक प्रदान की जाएगी।

**मंडल अधीक्षक की पॉलिसीधारकों से अपील:** डाक मंडल धर्मशाला के अधीक्षक रविंद्र कुमार शर्मा ने सभी पॉलिसीधारकों से अपील की है कि पीएलआई /आरपीएलआई पॉलिसी को पुनर्जीवित कराएं।

अधिक जानकारी के लिए बीमा प्रसार अधिकारी के मोबाइल संख्या 7018122400 पर संपर्क किया जा सकता है।

## देहरा में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

# वरिष्ठ पूर्व सैनिकों, शौर्य पुरस्कार विजेताओं और वीर नारियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांगड़ा स्थित धर्मशाला के सौजन्य से बुधवार को लोअर सुनेहत, देहरा में 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

समारोह में उपनिदेशक सैनिक कल्याण विभाग कर्नल गोपाल सिंह गुलेरिया, कर्नल मोहिंद्र सिंह राणा और अंजना गुलेरिया ने 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों, शौर्य पुरस्कार विजेताओं और वीर नारियों को सम्मानित किया। कर्नल गुलेरिया ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 350 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने भाग लिया। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। सैनिक कल्याण कार्यालय कांगड़ा, वेटरन सहायता केंद्र योल, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने स्टॉल लगाए, जहां पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान किया गया और बैंक व बीमा योजनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाई गई। इसके अतिरिक्त बेहगल इंस्टीट्यूट ऑफ आईटी एंड रेडिएशन टेक्नोलॉजी एवं बेहगल अस्पताल, मोहाली ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। उपनिदेशक कर्नल गुलेरिया ने समारोह के अंत में निदेशक सैनिक कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### लोहड़ी आपसी भाईचारे का त्योहार : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** लेखक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर पेलियो म्यूजियम घुमारवीं में विशेष बैठक एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अनेक राम संख्यान ने की, जबकि घुमारवीं के एसडीएम गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. रविंद्र ठाकुर, रामलाल पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि एसडीएम चौधरी ने सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी आपसी भाईचारे, सामाजिक मेलजोल और खुशियों का पर्व है। ऐसे आयोजन लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बाद कवि गोष्ठी में लोहड़ी, समाज और समकालीन विषयों पर आधारित कविताओं की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। भीम सिंह नेगी ने चलो नी सहेलियों मिलकर गाइये लोहड़ी, हेमराज शर्मा ने व्यवहार की ताकत, बृजलाल लखनपाल ने बदलोई गया तेरा गांव जिंदड़िये, रामलाल पाठक ने वारे वी पढ़ी गए, पारे वी पढ़ी गए, शमशेर सिंह चंदेल ने बेरोजगार बेचारा कवि कुंवारा, प्रीति शर्मा मधु ने शमशान में जलता सिर्फ देखे खुद को कविता प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

### भराड़ी में चिट्टे के खिलाफ चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी के विश्राम गृह में चिट्टे के खिलाफ जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव स्तर से लेकर पूरे क्षेत्र में नशे के खिलाफ संगठित अभियान चलाया जाएगा। नगर परिषद और पंचायतों को जोन में बांटकर निगरानी और जागरूकता बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया। वक्ताओं ने सरकार से पुलिस व्यवस्था को सशक्त करने और नशा निवारण केंद्रों को मजबूत करने की मांग की। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं बैठक में उपस्थित रहीं।

### श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल के जसवानी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पं. आशीष शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग के वर्णन से कथा स्थल भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। 'नंद के आनंद भयो' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कथा में यजमान शक्ति सिंह व परिवार उपस्थित रहे।

### कैप्टन सौरभ केस इंटरनेशनल कोर्ट ले जाने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा नेता प्रेम सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार से कारगिल शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि युद्धबंदी होने के बावजूद कैप्टन कालिया और उनके साथियों के साथ अमानवीय अत्याचार किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रक्षा मंत्रालय से पत्राचार हो चुका है और अब विदेश मंत्रालय से कार्रवाई की अपेक्षा है। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से एकजुट होकर दबाव बनाने का आह्वान किया।

### पलासला में ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** पलासला में प्रयास स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर जिला बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की, जबकि मुख्यतिथि के रूप में बीडीटीएस अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि ने शिरकत करते हुए 21 हजार की राशि खेल प्रोत्साहन के लिए प्रेषित की। टूर्नामेंट में दोनों वर्गों की करीब 20 टीमों ने भाग लिया और अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजक व सचिव शशि शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध करवाना और ग्रामीण स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाना है।

### पूर्व सैनिक बिलासपुर के चुनाव 17 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर पूर्व सैनिक इकाई के चुनाव 17 फरवरी को घुमारवीं स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में सुबह 11 बजे से होंगे। इकाई सचिव सूबेदार मेजर प्रेम सिंह ने बताया कि इच्छुक स्थायी सदस्य पूर्व सैनिक 5 फरवरी तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# केंद्रीय बजट में बढ़े हिमाचल का हिस्सा : धर्माणी

## नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री ने दकड़ी में 62 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दकड़ी में लगभग 62 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम पंचायत दकड़ी में लगभग 42 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन तथा राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित बाउंड्री वॉल शामिल है।


दकड़ी में 42 लाख से बना सामुदायिक भवन व हाई स्कूल चुवाड़ी में 20 लाख से बनी बाउंड्री वॉल लोकार्पित। अनंत ज्ञान

मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि केंद्र सरकार को आगामी बजट में प्रदेश की वित्तीय सहायता में बढ़ोतरी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वह हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए उन पर उचित निर्णय लेने का आग्रह किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है तथा हाल ही में भूकंप की दृष्टि से प्रदेश को अति संवेदनशील श्रेणी-6 में रखा गया है। भविष्य में प्रदेश में भूकंपरोधी तकनीक पर आधारित भवनों के निर्माण की लागत में लगभग 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर हो रहे पर्यावरणीय असंतुलन के कारण हिमाचल प्रदेश लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है। ऐसे में पुनर्निर्माण कार्यों एवं आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से उदार आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री के समक्ष बिलासपुर-भानुपल्ली तथा बद्दी-चंडीगढ़ रेलवे लाइन के निर्माण पर हो रहे खर्च का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन निर्माण में प्रदेश सरकार को लगभग 38 प्रतिशत खर्च वहन करना पड़ रहा है, जबकि कांगड़ा हवाई पट्टी के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण पर भी प्रदेश सरकार को 50 प्रतिशत व्यय करना पड़ रहा है। इसी प्रकार ऊना में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण पर भी प्रदेश सरकार को खर्च उठाना पड़ रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि प्रदेश में चल रही ऐसी सभी बड़ी परियोजनाओं का खर्च केंद्र सरकार स्वयं वहन करे।

### राजस्व घाटा अनुदान के रूप में मिलने वाली राशि घटने से हो रहा नुकसान

**राजेश** धर्माणी ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के माध्यम से प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान के रूप में मिलने वाली राशि 11,432 करोड़ रुपए से घटकर 3,257 करोड़ रुपए रह गई है, जिससे प्रदेश को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने 16वें वित्त आयोग में प्रदेश की आर्थिक सहायता बढ़ाने, एनपीएस कर्मचारियों के अंशदान को प्रदेश सरकार को वापस करने, बीबीएमबी परियोजना में हिमाचल प्रदेश का हिस्सा प्रदान करने तथा शानन जल विद्युत परियोजना को प्रदेश को सौंपने जैसे अहम मुद्दे भी केंद्र सरकार के समक्ष उठाए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी बजट में केंद्र सरकार प्रदेश हितों को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश की आर्थिक सहायता में वृद्धि करेगी।

### टिप्पर यूनियन ने डिप्टी सीएम मुकेश का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** टिप्पर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नौणी के समीप प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात कर यूनियन की मांगों को पूरा कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यूनियन के प्रधान चंदन चंदेल ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बुधवार को बिलासपुर से गुजर रहे थे, इसी दौरान नौणी में यूनियन के पदाधिकारियों ने उनसे भेंट की। चंदन चंदेल ने बताया कि हाल ही में टिप्पर यूनियन द्वारा फोरलेन परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर करीब दो सप्ताह तक धरना-प्रदर्शन किया गया था। इस आंदोलन के दौरान यूनियन ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें रखी थीं। उपमुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। यूनियन के प्रधान ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद जिला प्रशासन ने संबंधित निर्माण कंपनी से वार्ता कर यूनियन की प्रमुख मांगों को पूरा कराया। इसके चलते स्थानीय टिप्पर चालकों और यूनियन से जुड़े सदस्यों को फोरलेन परियोजना में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को राहत मिली है।

# मजदूरों के नाम पर राजनीति कर रही कांग्रेस : गर्ग

## बोले: जी राम जी में 125 दिन का काम, बेरोजगारी भत्ता और मुआवजे की गारंटी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत: जी राम जी' को लेकर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि यह योजना मनरेगा से आगे बढ़कर श्रमिकों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश के समग्र विकास को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक कदम है।



गर्ग ने कहा कि 'विकसित भारत: जी राम जी' योजना का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस योजना के माध्यम से गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग—समाज के हर वर्ग को केंद्र सरकार की योजनाओं से सीधे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को विकास से कोई सरोकार नहीं रह गया है और वह केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को मजदूरों के हित में उठाए गए इन ठोस और दूरदर्शी कदमों का स्वागत करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना मजदूरों को केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि सम्मान, अधिकार और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करती है, जो विकसित भारत की सच्ची तस्वीर है।

राजेंद्र गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर घर नल से जल, मुफ्त राशन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने सवाल किया कि जब जनता को सीधा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है, तो कांग्रेस को इन योजनाओं से आपत्ति क्यों है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट चुकी है। हिमाचल प्रदेश में मनरेगा को लेकर केवल सियासी बयानबाज़ी की जा रही है, जबकि केंद्र सरकार मजदूरों को कानूनी अधिकार और स्थायी आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। पूर्व मंत्री ने जानकारी दी कि नई योजना के तहत मजदूरों को अब 100 के बजाय 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी दी गई है। काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और मजदूरी भुगतान में देरी होने पर अतिरिक्त मुआवज़े का भी प्रावधान किया गया है।

# मकर संक्रांति पर 10 हजार श्रद्धालुओं ने नयना देवी के दरबार में टेका माथा

अनंत ज्ञान

**नयना देवी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और माता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।

लोहड़ी पर्व के दूसरे दिन मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु जहां पर मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं वहीं पर अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना भी करते हैं। बुधवार को भी पंजाब हिमाचल हरियाणा दिल्ली और अन्य प्रदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दरबार में पहुंचे और मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने लाइनों में ही श्रद्धालुओं को माता जी के दर्शन करवाए। मंदिर के पुजारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं ताकि उनके परिवार पर माता रानी की कृपा दृष्टि बनी रहे। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन एकादशी होने के कारण खिचड़ी जो हमारी परंपरा है वह नहीं बनाई गई है और अगले कल खिचड़ी बनाई जाएगी और सभी श्रद्धालुओं को भी परोसी जाएगी।


श्री नयना देवी मंदिर में हवन करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

# नशा छोड़ खेलों से जुड़ें युवा : डॉ. ऋतिक

## मदन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम हिमाचल स्ट्राइकर्स को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** खेल, अनुशासन और युवा ऊर्जा के अद्भुत संगम का साक्षी बना औहर का मैदान, जहां मदन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत खेले गए रोमांचक मुकाबले में हिमाचल स्ट्राइकर्स ने नागचला बल्ह इलेवन को पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। मुकाबला अंतिम ओवर तक दर्शकों को बांधे रखने वाला रहा और हर चौके-छक्के पर तालियों की गूंज आसमान छूती रही।


क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम के साथ डॉ. ऋतिक शर्मा। अनंत ज्ञान

इसमें मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. ऋतिक शर्मा ने विजेता टीम हिमाचल स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। डॉ. ऋतिक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि चरित्र, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना भी विकसित करते हैं। युवा यदि खेलों से जुड़े रहेंगे तो नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। टूर्नामेंट की विशेषता यह रही कि इसमें हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ प्रदेश से बाहर की टीमों ने भी भाग लिया। आयोजकों के अनुसार यह बिलासपुर जिले का अपने स्तर का पहला ऐसा बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट है, जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की भागीदारी ने आयोजन की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

आयोजक समी भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट हर वर्ष निरंतर आयोजित किया जाता है, ताकि क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच मिल सके। शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जिनकी खेल समझ और जुझारू प्रदर्शन की चारों ओर सराहना हुई। सम्मान समारोह के दौरान आयोजक मंडल द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. ऋतिक शर्मा को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. ऋतिक शर्मा ने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवा पीढ़ी को सही दिशा मिलती है।

# दसलेहड़ा के पास गहरी खाई में गिरी कार, चालक घायल

अनंत ज्ञान

**शाहतलाई।** शाहतलाई-घुमारवीं मुख्य मार्ग पर दसलेहड़ा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राकेश कुमार पुत्र राम पाल, निवासी गांव व डाकघर झबोला के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को खाई से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। बरसात के बाद कई स्थानों पर डंगे गिर चुके हैं, जिससे सड़क संकरी और असुरक्षित हो गई है। वहीं, कई जगहों पर पुलियों के निर्माण की आवश्यकता है, लेकिन समय रहते मरम्मत न होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों राम पाल, नन्द लाल, उप प्रधान दसलेहड़ा अजय शर्मा, निलेश कुमार, महिंद्र सिंह, उप प्रधान झबोला हरवंश सिंह, अश्विनी कुमार, विजय कुमार व बलजीत सहित अन्य लोगों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं किया गया तो भविष्य में बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की तुरंत मरम्मत की जाए, गिरे हुए डंगों का पुनर्निर्माण हो तथा आवश्यक पुलियों का निर्माण कर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए। वहीं एस डी ओ पी डब्लू डी बरठीं सचिन नडडा ने बताया कि जहां पर डंगे और पुली का निर्माण होगा वहां पर गाइड स्टोन और मार्किंग से निर्देशित किया गया है। जल्द ही विभाग द्वारा पुली और डगो के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## मुख्यालय पर 78वां सेना दिवस कार्यक्रम आज, तैयारियां पूरीं

# शूरवीर सैनिकों की तरह भाजपा के लिए भी देश सर्वोपरि: रूपेंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वीरवार को भाजपा के जिला कार्यालय के प्रांगण में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह (एवीएसएम, वीएसएम) मुख्यातिथि, जबकि रिटायर्ड ब्रिगेडियर जगदीश सिंह वर्मा (वीएसएम) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कर्नल रूपेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी है। शूरवीर सैनिकों की तरह उसके लिए भी देश सर्वोपरि है।

◆ **कहा- बीजेपी के लिए राजनीति जनसेवा-राष्ट्रसेवा का माध्यम**

भाजपा के लिए राजनीति जनसेवा और राष्ट्र सेवा का माध्यम है। चाहे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी हों या वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सत्ता में आने पर भाजपा ने हमेशा देश हित को ध्यान में रखकर कारगर नीतियां बनाने के साथ महत्वपूर्ण फैसले भी लिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल में सेना लगातार मजबूत हो रही है। भारतीय शूरवीरों ने सर्जिकल व एयर स्ट्राइक तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम उठाकर देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। पूर्व सैनिकों के पास देशसेवा का लंबा अनुभव है। बिलासपुर के विकास और बेहतरी के लिए उनका अनुभव निश्चित तौर पर मददगार साबित होगा। वर्तमान में चिट्टे जैसे घातक नशे के चंगुल में फंसकर युवा पीढ़ी अपना जीवन बर्बाद कर रही है। युवाओं को सही राह पर लाने में भी पूर्व सैनिक अहम भूमिका निभा सकते हैं।

वीरवार को सेना दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में इन विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले भारतीय वायुसेना, थल सेना व जल सेना के साथ ही अर्ध सैनिक बलों के पूर्व सैनिक भाग लेंगे।

### बार एसोसिएशन ने कुठेड़ा को दी मात

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कुठेड़ा में ज्योति मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में बार एसोसिएशन घुमारवीं की टीम ने कुठेड़ा की मेजबान टीम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुठेड़ा की टीम महज 10 ओवर में आठ विकेट खोकर 62 रनों पर सिमट गई। बार एसोसिएशन के गेंदबाजों ने कमाल की वापसी करते हुए संदीप और मनीष ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि रजनीश मेहता तथा अरुण ने एक-एक सफलता हासिल की। कुठेड़ा के बल्लेबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बार एसोसिएशन घुमारवीं ने मात्र छह ओवर में ही 63 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान एचएस गुलेरिया नायकों में अग्रणी रहे, जिन्होंने 32 रनों की शानदार पारी खेली और गेंदबाजी में भी नौ रन देकर दो विकेट झटके। उनकी ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम को आसान जीत दिलाई। इस जीत के साथ बार एसोसिएशन घुमारवीं ने टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। टूर्नामेंट आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर साल स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों को एकजुट करने के लिए आयोजित की जाती है, जो युवा खिलाड़ियों को निखारने का प्रमुख मंच साबित होती है।

**वेटरन्स डे** | वेटरन्स डे समारोह में वीर सैनिकों और वीर नारियों को किया गया सम्मानित

# पूर्व सैनिकों की समस्याएं जल्द करेंगे हल: डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा वेटरन्स सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान में वेटरन्स डे समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष तथा एक्स-सर्विसमैन लीग जिला बिलासपुर के अध्यक्ष वेटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने की। समारोह के मुख्यातिथि उपायुक्त राहुल कुमार रहे।

उन्हें तिरंगा बैज, स्कार्फ और कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, वरिष्ठ अतिथि ब्रिगेडियर जगदीश वर्मा सहित कर्नल रजिंद्र कुमार, ग्रुप कैप्टन रजिंद्र राजपूत, वीर चक्र कैप्टन रूप लाल, कैप्टन अमरनाथ धीमान तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ सैनिकों और वीर नारियों को भी स्कार्फ और कैप देकर सम्मान प्रदान किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।


समारोह में वेटरन सैनिकों, वीर नारियों तथा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ डीसी राहुल कुमार। अनंत ज्ञान

इस संदर्भ में आगामी 28 जनवरी को एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न तरह की समस्याओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना वयोवृद्ध दिवस का आयोजन देश की तीनों सेनाओं से सेवानिवृत्त हुए वीर पूर्व सैनिकों के सम्मान, त्याग और योगदान को नमन करने के लिए समर्पित है।

इस आयोजन के माध्यम से पूर्व सैनिकों के साहस, अनुशासन और सेवाभाव को सम्मान देते हुए शहीदों और उनके परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना भी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व सैनिक देश की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे सैनिकों ने समय-समय पर देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है, देश को ऐसे वीर सैनिकों, वीर नारियों पर गर्व है। उपायुक्त ने पूर्व सैनिकों की मांग पर कहा कि शहीद स्मारक बिलासपुर में शेड निर्माण तथा मुख्य सड़क से ईसीएचएस वाया सीएसडी कैंटीन को जाने वाले संपर्क मार्ग के सुधारीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### किसी पहचान की मोहताज नहीं सेना : बालक राम

**समारोह** में कैप्टन बालक राम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना किसी पहचान की मोहताज नहीं है। सेना का पराक्रम पूरे विश्व में जाना जाता है और देशवासियों को उस पर गर्व है। कार्यक्रम के उपरांत एक्स-सर्विसमैन लीग की बैठक सर्किट हाउस बिलासपुर में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने, सदस्यता बढ़ाने और सैनिकों के हित में एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वारंट ऑफिसर अवतार सिंह चंदेल को लीग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# कांग्रेस ने चीनी डेलिगेशन से मिलने पर भाजपा को घेरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के नेता हीरापाल सिंह ठाकुर ने चीनी डेलिगेशन की भाजपा एवं संघ के कार्यालय में हुई बैठक पर कड़ा सवाल उठाते हुए भाजपा की दोहरी और ढोंगी राष्ट्रवादी राजनीति को उजागर किया है।

उन्होंने कहा कि जब कोई विदेशी प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेताओं या राहुल गांधी से मिलता है, तो भाजपा आईटी सेल और उसके समर्थक इसे देशद्रोह करार देकर हंगामा खड़ा कर देते हैं, लेकिन जब वही चीनी डेलिगेशन भाजपा कार्यालय में बैठक करता है, तो सभी तथाकथित राष्ट्रवादी मौन साध लेते हैं। हीरापाल सिंह ने कहा कि यह बेहद गंभीर और चिंताजनक है कि भाजपा और संघ, जो स्वयं को हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का सबसे बड़ा रक्षक बताते हैं, इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि इस विषय पर संघ प्रमुख और भाजपा नेतृत्व की प्रतिक्रिया क्यों नहीं आ रही है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी सुरंगानी के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चमके




अनंत ज्ञान, चंबा। कठिन परिश्रम का फल मीठा होता है। विभिन्न डीएवी विद्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी पीएसबीएसपीएस सुरंगानी के 16 प्रतिभागियों ने हिमाचल प्रदेश जोन-एफ का प्रतिनिधित्व किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ छात्राओं ने भाग लिया। हर्षिता (कक्षा 9वीं 'ए') और अक्षरा शर्मा (कक्षा 8वीं) ने अंडर-14 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लिपाक्षी कुमारी (अंडर-14, 50 किग्रा) और गोरिका सैनी (अंडर-19, 76 किग्रा) ने भी कांस्य पदक अपने नाम किए। कुल प्रतिभागियों में छह लड़के (कबड्डी-4, कुश्ती-1, वॉलीबॉल-1) और दस लड़कियां (कबड्डी-8, कुश्ती-2) शामिल थीं। प्रधानाचार्य डीएवी नरेश कुमार शर्मा ने प्रबंध समिति, स्पोर्ट्स क्लस्टर इंचार्ज नमित कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार गुलेरिया, अध्यक्ष केटी राजा पांडियन, समर्पित शिक्षक-टीम और विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने अभिभावकों को भी निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद कहा।

### यातायात व कोटपा उल्लंघन पर काटे 503 चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 397, कोटपा एक्ट के अंतर्गत 106 तथा माइनिंग के तीन चालान करते हुए कुल 10,900 रुपए जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक मंडी जिला ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों के उल्लंघन पर सख्ती के तहत यह कार्रवाई की गई है।

### मकर संक्रांति पर करसोग में धार्मिक उत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मकर संक्रांति श्रद्धा और परंपराओं के साथ मनाई गई। उत्तरायण की शुरुआत के इस दिन गंगा और अन्य पावन संगमों पर स्नान की परंपरा निभाई गई। जिन श्रद्धालुओं ने तीर्थों पर स्नान नहीं किया, उन्होंने घर पर गंगाजल और तिल डालकर आत्मशुद्धि की। स्नान और पूजा के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देकर ब्राह्मणों, बच्चों और जरूरतमंदों को खिचड़ी और नगद राशि दान की गई। लोक परंपरा अनुसार तिल, मूंगफली और गुड़ से बने लड्डू (तलुए) सभी में बांटे गए। घर-घर उड़द की खिचड़ी घी, दही और कढ़ी के साथ परोसी गई। सुहागिन स्त्रियों को भोजन और दान स्वरूप तलुएं एवं शृंगार सामग्री दी गई। पज्याणु गांव के रमेश शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष एकादशी होने के कारण सुबह के भोजन में खिचड़ी की जगह तले बटुरु, बाबरु और भल्लों का सेवन किया गया। मकर संक्रांति केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का जीवंत पर्व है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोक जीवन को जोड़ता है।



## नवनीत चौफला ने मुख्यमंत्री के दावे पर उठाए सवाल, बोले-

# चिलगोजा भूटान को भरमौर को क्यों नहीं?

अनंत ज्ञान

चंबा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा भूटान के लिए चिलगोजा (पाइन नट) के पौधे भेजे जाने की खबर पर अब राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया है। उन्होंने इसे 'जमीनी हकीकत से कटा हुआ हरित दिखावा' करार देते हुए कहा कि जब हिमाचल के अपने चिलगोजा वन विशेषकर भरमौर वन मंडल के खणी-उलांसा क्षेत्र आग, सड़क निर्माण और जलविद्युत परियोजनाओं से नष्ट हो रहे हैं, तब बाहर पौधे भेजना दुर्भाग्यपूर्ण है।

नवनीत चौफला ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि वन क्षेत्र बढ़ रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी तरह विकसित फलदार चिलगोजा वन आंखों के सामने खत्म हो रहे हैं। नर्सरियों में एक भी चिलगोजा या चिनार का पौधा तैयार नहीं किया गया, जबकि भूटान को



पौधे और बीज भेजे जा रहे हैं। यह विरोधाभास नहीं तो और क्या है?

उन्होंने जलविद्युत परियोजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजस्व कमाने वाली बड़ी कंपनियां जंगलों को हुए नुकसान की भरपाई से बच रही हैं।

आगजनी, कटान और उखाड़े गए पेड़ों पर कोई जवाबदेही तय नहीं होती। यदि सरकार सच में गंभीर है, तो हाइडल कंपनियों को बाध्य करे कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर से जैसे ट्रांस-साइबेरियन क्षेत्र रूस से उपयुक्त बीज/पौध सामग्री लाकर वैज्ञानिक ढंग से पुनर्वनीकरण करें।

चौफला ने मुख्यमंत्री के दावों पर भी निशाना साधा कि वन क्षेत्र 55 वर्ग किमी बढ़ा है। आंकड़ों से जंगल नहीं बचते, जमीनी कार्रवाई से बचते हैं। भरमौर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वनीकरण अभियान नगण्य है, जबकि यहीं सबसे ज्यादा जरूरत है।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि चंबा जिले में होली के पास स्थित एकमात्र गरम पानी का स्रोत आज भी सड़क संपर्क से वंचित है। यदि सरकार सच में स्थानीय आजीविका और हरित विकास चाहती है, तो ऐसे स्थलों को जोड़कर पर्यटन और रोजगार बढ़ाया जाए।

अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री से धैर्यपूर्वक स्थानीय आवाजों को सुनने की अपील करते हुए कहा कि भूटान से मित्रता सराहनीय है, लेकिन पहले अपनी हरी विरासत बचाइए, जो जंगल हमारे पूर्वजों ने हमें सौंपे, उन्हें नष्ट होने देना इतिहास के साथ अन्याय होगा।

### राजनौन फीडर में आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि उच्च अधिकारी अधीक्षण अभियंता वृत्त, डलहौजी के आदेशानुसार राजनौन फीडर पर प्रस्तावित शटडाउन अब 15 जनवरी (गुरुवार) को किया जाएगा। इससे पूर्व यह शटडाउन 10 जनवरी 2026 को प्रस्तावित था, जिसे प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-1 के अंतर्गत आने वाले राजनौन फीडर पर इस दिन आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शटडाउन से प्रभावित क्षेत्रों में हरदासपुरा, हरदासपुरा कॉलोनी, अपर जुलाकड़ी, लोअर जुलाकड़ी, पुलिस लाइन बारगाह, मोहल्ला सुराडा, ड्रोभी, जनसाली, रामगढ़, खरुडा सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है। विभाग के अनुसार मरम्मत कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

## लिल्ह पुल की जर्जर हालत से मंडरा रहा हादसे का खतरा




लिल्ह पुल की टूटी रेलिंग, जो दे रही हादसे को न्योता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** चूड़ी-लिल्ह मार्ग पर बाटनू नामक स्थान पर बना लिल्ह पुल इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। यह पुल किलोड, कुनेड, गांण, प्रीणा सहित कई पंचायतों को जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं।

पुल की साइड में लगी सुरक्षा रेलिंग पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों, स्कूली छात्र-छात्राओं, भेड़ पालकों और मवेशियों के लिए भारी खतरा उत्पन्न हो गया है। पुल के नीचे गहरी नदी बहती है, जहां किसी भी प्रकार की अनहोनी की स्थिति में जान बच पाना लगभग नामुमकिन है। स्थानीय निवासी अमरू राम, बोधराज, लक्ष्मी, चंपा देवी, राजेश शर्मा, बालकृष्ण, उदित कुमार, अनित शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि लिल्ह पुल की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। टूटी हुई सुरक्षा रेलिंग के कारण यहां हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक सुध लेने को तैयार नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पुल की मरम्मत नहीं की गई तो कोई बड़ा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुल की तत्काल मरम्मत कर नई सुरक्षा रेलिंग लगाई जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों का सफर सुरक्षित और सुगम हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## परछोड़ में गोशाला जलकर राख, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

**बबलू पठानिया, भटियात।** परछोड़ की ग्राम पंचायत चिन्याहा में करतार चंद उर्फ सुंको राम की गोशाला में रात लगभग 11 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि गोशाला में रखा सारा सामान और सभी मवेशी जलकर राख हो गए।

पास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे, लेकिन आग की भयंकरता इतनी थी कि किसी को मवेशियों को बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका। देखते ही देखते पूरी गोशाला जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों और पंचायत प्रधान ने तुरंत घटना की सूचना प्रशासन को दी।



गोशाला में जले पशु को देखते लोग। अनंत ज्ञान

सुबह प्रशासन पीड़ित के घर पहुंचा और फौरी राहत के तौर पर 5000 रुपए प्रदान किए। नुकसान का आकलन किया गया, जो लगभग 2 लाख रुपए पाया गया। परिवार गरीब है और यह हादसा उनके लिए बहुत बड़ा झटका साबित हुआ। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही नई गोशाला का निर्माण किया जाएगा और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिलेगा। ग्रामीणों ने भी परिवार के प्रति सहानुभूति जताई और आग से हुए नुकसान को जल्द ठीक करने की मांग की।

घटना ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आग से सुरक्षा और तत्काल राहत की व्यवस्था अत्यंत जरूरी है। प्रशासन ने कहा है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी।

## पायल सूर्यवंशी ने 'द वॉयस ऑफ पंजाब' में शीर्ष 16 में बनाई जगह

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के लिए गर्व का अवसर है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास हिमगिरी कोठी की पूर्व छात्रा पायल सूर्यवंशी ने प्रसिद्ध गायन मंच 'द वॉयस ऑफ पंजाब' में शीर्ष 16 प्रतिभागियों में अपनी जगह पक्की कर ली है।



पायल हिमगिरी कोठी की रहने वाली हैं और उन्होंने कक्षा छठी से आठवीं तक विद्यालय और छात्रावास में शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई के साथ-साथ वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषण, नृत्य और गायन में सक्रिय रही हैं। बचपन से ही प्रतिभाशाली पायल ने मंच पर आत्मविश्वास और गायकी का अद्भुत अंदाज दिखाया।

साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली पायल और उनके परिवार ने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा और प्रतिभा को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। उनकी तीन बहनें भी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुकी हैं और परिवार का यह उदाहरण समाज के लिए प्रेरणादायक है।

पायल की इस उपलब्धि पर उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) और जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा भाग सिंह, जिला समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान और छात्रावास वार्डन रीता शर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास बालिकाओं की शिक्षा और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

समस्त विद्यालय परिवार ने आशा जताई है कि पायल आने वाले समय में गायकी के क्षेत्र में और बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगी और चंबा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गौरवान्वित करेंगी।

## चंबा में वीर सैनिकों व वीर नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार के तत्वावधान में जिला सैनिक कल्याण विभाग, चम्बा द्वारा 14 जनवरी 2026 को सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा में योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं तीनों सेनाओं से जुड़े गौरव सेनानियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ब्रिगेडियर आरएस जम्वाल, एसएम, वीएसएम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व सैनिक लीग चंबा के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, बैंक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन पराशर, निदेशक/उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण विभाग, चंबा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है, ताकि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के त्याग, साहस और समर्पण को नमन किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे भूतपूर्व सैनिकों ने विषम परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर देश को सुरक्षित रखा है। कैप्टन पराशर ने वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों के योगदान को भी रेखांकित करते हुए कहा कि उनका त्याग और धैर्य देश के लिए प्रेरणास्रोत है। समारोह के दौरान उपस्थित सभी गौरव सेनानियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सैनिकों के सम्मान की भावना के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में देश के रक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बगोड़ी में दिनदहाड़े दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा मुख्यालय से महज 15-16 किलोमीटर दूर स्थित बगोड़ी पंचायत कियानी में तेंदुए की सक्रियता ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। तड़के सुबह 4 बजे गांव के समीप तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों की नींद उड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेंदुआ इससे पहले भी शिकार की तलाश में क्षेत्र में आता रहा है, लेकिन लंबे अंतराल के बाद उसकी वापसी ने खतरे की घंटी बजा दी है।



ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ खासतौर पर घरों में पाले गए कुत्तों को निशाना बनाता है। बीते समय में कुत्तों के शिकार की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे गांव के लोग अपने पालतू जानवरों को खुले में छोड़ने से डरने लगे हैं। रात के समय गांव में सन्नाटा पसर जाता है और लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। स्थिति तब और भयावह हो गई जब बुधवार दोपहर करीब 3 बजे, दिनदहाड़े एक महिला अपने खेत में काम करने पहुंची और वहां तेंदुए को सामने देख लिया। अचानक तेंदुआ दिखाई देने से महिला घबराकर जान बचाकर घर लौट आई। दिन के उजाले में तेंदुए का दिखना इस बात का संकेत है

**◆ पालतू कुत्तों को बना रहा शिकार, ग्रामीणों ने मांगी वन विभाग से त्वरित कार्रवाई**

कि खतरा अब और बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में तत्काल गश्त, ट्रैप कैमरे लगाने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। साथ ही प्रशासन से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है। गांव में इस समय डर, चिंता और असुरक्षा का माहौल है, और हर आहट पर लोग सहम जा रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन और वन विभाग इस गंभीर खतरे को लेकर कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

### शुष्क ठंड में बच्चों की सेहत को खतरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में बढ़ती शुष्क ठंड के चलते बच्चों में बुखार, जुकाम, खांसी और गले में खराश जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसे लेकर जिला आयुर्वेदिक अस्पताल, बालू के चिकित्सक डॉ. कुलविंदर संधू ने अभिभावकों को सतर्क रहने और आयुर्वेदिक उपाय अपनाने की सलाह दी है।

डॉ. संधू के अनुसार शुष्क ठंड में वातावरण में नमी की कमी हो जाती है, जिससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ती है और वायरल संक्रमण जल्दी पकड़ लेता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ठंडी चीजों से दूर रखना चाहिए और उनके खान-पान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आयुर्वेदिक दृष्टि से तुलसी, अदरक और शहद का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। गुनगुना पानी पीने से गले की समस्या कम होती है, जबकि हल्दी वाला दूध शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है।

डॉ. संधू ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को सुबह-शाम ठंड से बचाकर रखें, गर्म कपड़े पहनाएं और संतुलित आहार दें। उन्होंने कहा कि यदि बुखार या जुकाम लंबे समय तक बना रहे तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए, ताकि समय रहते उचित उपचार किया जा सके।

## नशे का सबसे बड़ा इलाज है खेल' : उमेश ठाकुर

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** राज्य में बढ़ते नशे के जाल पर केवल पोस्टर, नारे और सेमिनार अब पर्याप्त नहीं हैं। यह बात वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी उमेश ठाकुर ने कही। उन्होंने सरकार की मौजूदा नशा मुक्ति रणनीति पर सीधे सवाल उठाए और खेल को असली समाधान बताया।



उमेश ठाकुर ने कहा कि अगर किसी बच्चे को बचपन से खेल से जोड़ दिया जाए, तो उसे नशे से दूर रखने के लिए अलग समझाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। खेल खुद अनुशासन, आत्म-संयम और सही रास्ता सिखाता है।

उन्होंने सरकार से हर स्कूल में खेल को अनिवार्य बनाने की मांग की और सुझाव दिया कि इसे केवल मैदान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि खेल कोटे के माध्यम से सरकारी नौकरियों और रोजगार से जोड़कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाया जाए।

ठाकुर ने आगे कहा कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की पाठशाला है। यह टीमवर्क, नेतृत्व, खेल भावना, सामाजिक मर्यादा और जिम्मेदारी सिखाता है, यही गुण बच्चों को नशे से दूर रखते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।

उमेश ठाकुर ने जोर देकर कहा कि नशे के खिलाफ स्थायी लड़ाई जेल या पोस्टर से नहीं, बल्कि खेल के मैदान से जीती जा सकती है। उनका मानना है कि अगर खेल नीति को गंभीरता से लागू किया जाए और हर बच्चे को खेल से जोड़ा जाए, तो राज्य में न केवल नशा मुक्त समाज बनेगा बल्कि राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और अनुशासित पीढ़ी भी तैयार होगी।

## देश की सरहद पर डटा सैनिक, गांव की सड़क के लिए पांच साल से लड़ रहा जंग

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात एक जवान पिछले पांच वर्षों से अपने ही गांव छमेरी की बुनियादी जरूरत 'सड़क' के लिए संघर्ष कर रहा है। यह मामला चंबा विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे गांव का है, जो जिला उपायुक्त मुख्यालय से मात्र 7-8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, लेकिन आज भी सड़क सुविधा से वंचित है।

सैनिक का कहना है कि जब भी वह देश सेवा से छुट्टी लेकर घर आता है, तो परिवार के साथ समय बिताने के बजाय उसका आधा समय अधिकारियों के दफ्तरों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगाने में निकल जाता है। गांव तक पहुंचने के लिए लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क की मांग पिछले कई वर्षों से लंबित है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सड़क के अभाव में गांव के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीमारों को कंधों पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। वहीं, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए हालात और भी भयावह हैं। बच्चों की पढ़ाई और किसानों की आजीविका भी इस बदहाल व्यवस्था से प्रभावित हो रही है। सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि जो सैनिक देश की सीमाओं पर हर परिस्थिति में डटा रहता है, वह अपने ही गांव के लिए एक छोटी-सी सड़क बनवाने में खुद को असहाय महसूस कर रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब जिला मुख्यालय इतनी नजदीक है, तो फिर उनके गांव तक विकास की राह क्यों नहीं पहुंची?



प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से बात करता हुआ। अनंत ज्ञान

ग्रामीणों और सैनिक ने प्रशासन से अपील की है कि 2 किलोमीटर की इस सड़क को प्राथमिकता में लेकर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि देश सेवा करने वाले जवान को अपने गांव के लिए यूं संघर्ष न करना पड़े। इसी मुद्दे को लेकर सैनिक और ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा।

उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे बीडीओ चंबा को अग्रिम कार्रवाई हेतु मार्क कर दिया है। अब ग्रामीणों को उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित इस मांग पर शीघ्र कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। यह मामला न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता की परीक्षा है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि क्या देश की रक्षा करने वालों को अपने ही घर की बुनियादी सुविधाओं के लिए भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी?

### चंबा में अवैध शराब और आगजनी के मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा पुलिस ने 14 जनवरी 2026 को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो महत्वपूर्ण मामले दर्ज किए और जिले में व्यापक जांच अभियान चलाया। पहले मामले में पुलिस ने ओम प्रकाश, निवासी चकड़ा, के खिलाफ छापेमारी कर 27,000 एमएल देशी शराब, 17,250 एमएल अंग्रेजी शराब और 12,000 एमएल बीयर बरामद की। यह कार्रवाई पुलिस थाना सदर में अधिनियम 39(1)ए, हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज की गई। दूसरे मामले में पांगी के योग राज के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता लक्ष्मण दास के अनुसार सर्दियों के लिए जमा किया गया चारा आग की भेंट चढ़ गया, जिससे नुकसान हुआ। पुलिस द्वारा अन्वेषण जारी है। साथ ही, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिला में कूरियर सर्विस सेंटरों की भी सघन जांच की गई। 22 टीमों ने 22 कूरियर सेंटरों की जांच की, जिसमें कोई नशीली या संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। चंबा पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून के उल्लंघन पर सख्ती बरती जाएगी।

**दुर्दशा** भरमौर चौक से मुख्य बाजार तक का रास्ता टूटा-फूटा और कचरे से भरा

## ऐतिहासिक चंबा की छवि पर दाग, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भरमौर चौक से चंबा मुख्य बाजार की ओर जाने वाला पैदल रास्ता इन दिनों बदहाली का शिकार है। जिस रास्ते से होकर स्थानीय लोग और सैलानी प्रतिदिन गुजरते हैं, उसकी हालत अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। लोहे से बने पैदल मार्ग के बीचों-बीच जगह-जगह छेद हो चुके हैं, जो किसी भी समय हादसे को न्योता दे सकते हैं।

इतना ही नहीं, यदि थोड़ी-सी नजर बाईं ओर घुमाई जाए तो चारों तरफ बिखरा कचरा दिखाई देता है, जो चंबा जैसे ऐतिहासिक और खूबसूरत शहर की छवि को पूरी तरह धूमिल कर देता है। यह स्थिति न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए परेशानी का कारण है, बल्कि उन पर्यटकों के लिए भी निराशाजनक है जो दूर-दराज से चंबा की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य देखने आते हैं।

जब कोई यात्री चंबा जिले में आता है, तो वह यहां की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और माहौल के आधार पर अपनी राय बनाता है। वर्तमान हालात को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि पर्यटक चंबा से एक सकारात्मक और अच्छी छवि लेकर नहीं लौट पा रहे हैं।



चंबा के मुख्य बाजार की ओर जाने वाले पैदल रास्ते के साथ पड़ी गंदगी का दृश्य। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस गंभीर समस्या की ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए। पैदल मार्ग की मरम्मत, लोहे के टूटे हिस्सों को बदलना और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था करना अब बेहद जरूरी हो गया है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सीधा असर चंबा की पर्यटन छवि और स्थानीय जनजीवन पर पड़ेगा। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब जागते हैं और ऐतिहासिक चंबा की गरिमा को बनाए रखने के लिए ठोस कार्रवाई करते हैं।

**कोई** तुम्हारे कांधे पर हाथ रखता है तो तुम्हारा हौसला बढ़ता है पर जब किसी का हाथ कांधे पर नहीं होता तुम अपनी शक्ति खुद बन जाते हो और वही शक्ति ईश्वर है! – **रश्मि प्रभा**

## संपादकीय

# हिमाचलीयत और जिम्मेदारी

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की ओर से बाहरी राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर हिमाचलीयत को ठेस पहुंचाने के आरोप ने सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। मंत्री का यह बयान विवादास्पद होने के साथ-साथ प्रशासनिक तंत्र और राज्य के भीतर अधिकारियों के मनोबल पर गंभीर असर डाल सकता है। यदि किसी अधिकारी ने व्यक्तिगत स्तर पर किसी तरह की समस्या उत्पन्न की भी हो, तो इसका मतलब यह नहीं है कि पूरे आईएएस या आईपीएस कैडर को ही बदनाम किया जाए। हिमाचल के कई अधिकारी भी अन्य राज्यों में सेवाएं दे रहे हैं और यदि उनके ऊपर भी इसी तरह के आरोप लगाए जाएं, तो यह उनके पेशेवर सम्मान और कार्यकुशलता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। प्रशासनिक पदों तक पहुंचने के लिए अधिकारियों को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है और जिम्मेदारी का स्तर अत्यंत उच्च होता है। ऐसे में यह कहना कि उन्होंने हिमाचलीयत को ठेस पहुंचाई, उचित जांच के बिना अनुचित लगता है।

इस मामले में वरिष्ठ बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने साफ किया कि वे इस दृष्टिकोण से सहमत नहीं हैं, क्योंकि बाहरी राज्यों के कई अधिकारी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। केवल कुछ मामलों के आधार पर पूरे सिस्टम की आलोचना करना उचित नहीं है। इस तरह के सामान्य और अतार्किक बयान उन अधिकारियों के मनोबल को कमजोर कर सकते हैं, जो कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रशासनिक काम कर रहे हैं।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह का तर्क यह था कि हिमाचल प्रदेश के संसाधन प्रदेशवासियों के लिए हैं और केंद्र से मिलने वाले धन का उपयोग भी राज्य के हित में होना चाहिए। वे यह मानते हैं कि अधिकारी अपने विवेक से पैसों का आवंटन नहीं कर सकते। हालांकि, ऐसे बयान देते समय यह देखना जरूरी है कि यह किसी भी प्रकार से प्रशासनिक समन्वय या सहयोग को प्रभावित न करे।

इस विवाद के बाद आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की एकजुट प्रतिक्रिया सामने आई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंत्री के बयान ने हिमाचली और गैर-हिमाचली अधिकारियों के बीच अनावश्यक विभाजन पैदा करने का प्रयास किया। हिमाचल प्रदेश में भारतीय पुलिस सेवा एसोसिएशन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण, विभाजनकारी और प्रशासनिक दृष्टि से नुकसानदेह बताया। एसोसिएशन ने मांग की कि ऐसे बयान देने वाले मंत्री के अधीन किसी अधिकारी की पोस्टिंग न की जाए, क्योंकि यह अधिकारी की कामकाजी स्थिति और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यानी मामला अब काफी तूल पकड़ गया है।

यह समझना आवश्यक है कि आईएएस और आईपीएस अधिकारी किसी राज्य, क्षेत्र या जन्मभूमि के आधार पर नहीं, बल्कि संविधान और कानून के प्रति अपनी निष्ठा के आधार पर पहचाने जाते हैं। किसी अधिकारी की योग्यता, प्रतिबद्धता या वैधता पर उनके कैडर या क्षेत्र के आधार पर सवाल उठाना तथ्यात्मक रूप से गलत है और प्रशासनिक अविश्वास को जन्म देता है।

मंत्री और अधिकारियों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता तभी बनी रहती है जब अधिकारी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन करें और राजनीतिक नेतृत्व विवेकपूर्ण बयान दे। विवादास्पद बयान केवल सामाजिक और प्रशासनिक तनाव को बढ़ाते हैं और कामकाजी माहौल को प्रभावित करते हैं।

हिमाचल में बाहरी अधिकारियों की सेवाएं भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे राज्य के विकास और प्रशासनिक दक्षता में योगदान करते हैं। अतः किसी भी आरोप या असंतोष का समाधान खुली चर्चा, उचित जांच और तथ्यात्मक समीक्षा के माध्यम से ही होना चाहिए। यह घटना प्रशासनिक और राजनीतिक नेतृत्व दोनों के लिए सीख का अवसर भी है। नेताओं को यह समझना चाहिए कि जिम्मेदारी और अधिकारों के साथ-साथ सम्मान और संतुलन बनाए रखना जरूरी है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मायावती** नैना कुमारी (जन्म : 15 जनवरी 1956, नई दिल्ली) भारत की प्रमुख महिला राजनीतिज्ञों में से एक हैं। वे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। अपने समर्थकों के बीच वे 'बहनजी' के नाम से लोकप्रिय हैं।



मायावती
**जन्म :** 15 जनवरी, 1956

वर्ष 2007 के विधानसभा चुनावों में बसपा को पूर्ण बहुमत दिलाकर उन्होंने उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य की सत्ता संभाली, जो उनकी राजनीतिक क्षमता का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

मायावती का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता प्रभुदास डाक विभाग में कार्यरत थे और माता रामरती गृहिणी थीं। मूल रूप से उनका संबंध उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के बादलपुर गांव से है। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उनके माता-पिता ने शिक्षा को प्राथमिकता दी। मायावती ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की, वहीं से एलएलबी की डिग्री हासिल की और गाजियाबाद के वीएमएलजी कॉलेज से बीएड किया।

प्रारंभ में उन्होंने दिल्ली के एक स्कूल में अध्यापन कार्य किया, लेकिन वर्ष 1977 में दलित नेता कांशीराम से मुलाकात के बाद उन्होंने राजनीति को अपना जीवन लक्ष्य बना लिया। 1984 में कांशीराम द्वारा बसपा की स्थापना के साथ ही मायावती उनकी कोर टीम का हिस्सा बनीं। वे पहली बार बिजनौर लोकसभा सीट से जीतकर संसद पहुंचीं और 1995 में पहली बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। इसके बाद 1997, 2002-03 और 2007 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद संभाला।

मायावती का राजनीतिक जीवन सामाजिक न्याय, दलित और वंचित वर्गों के उत्थान पर केंद्रित रहा है। प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शिता और आत्मनिर्भर नेतृत्व उनकी प्रमुख पहचान रही है। उन्होंने अपने संघर्षमय जीवन और बहुजन आंदोलन पर स्वयं भी पुस्तकें लिखी हैं, जो उनके विचारों और संघर्षों को रेखांकित करती हैं। ■



कविता

### प्रेम

देशराज कमल, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़, जिला हमीरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**प्रेम** विरह की अग्न की लग्न में
पीड़ा और आनंद का संबंध है,
अनंत से एक होने का उपबंध है।
काया कैसे गुनगुना पाएगी प्रेम को
माया कैसे छल पाएगी प्रेम को
यह तो प्राण का प्राण से अनुबंध है।
भाव सिंधु में तैरने का उदबंध है,
अपने आपे को नेस्तनाबूद कर
ज्ञात से अज्ञात में समाने का निबंध है।
वक्त कैसे छीन सकता है इसे
प्रेम मालिक से मिलने का प्रबंध है,
प्रेम आत्मा की पुकार का छंद है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जल स्वच्छता और संरक्षण : गंभीर होती समस्या

सुक्खू सरकार जल स्वच्छता को लेकर गंभीर होती नजर आ रही है। जल स्रोतों की समय पर जांच और रखरखाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक योजना बनाई गई है, जो निस्संदेह सराहनीय पहल है। योजना के तहत अब प्रत्येक दस दिनों के अंतराल पर जल शक्ति विभाग के अधिकारी जल स्रोतों की जांच करेंगे।



सुखदेव सिंह
नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विभाग द्वारा अब तक 2,16,382 पानी के सैंपलों की जांच की जा चुकी है, जिनमें कई नमूने निर्धारित पांच मानकों पर खरे नहीं उतरे। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि दूषित पानी पीने से ही सबसे अधिक बीमारियां फैलती हैं। आज के समय में लोग बीमारियों से बचने के लिए मिनरल वाटर को प्राथमिकता देने लगे हैं, लेकिन यह हर किसी के लिए संभव नहीं है। गरीब व्यक्ति के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना ही कठिन होता है, ऐसे में मिनरल वाटर खरीदना उसके सामर्थ्य से बाहर है।

मजबूरी में वह वही पानी पीता है, जो उपलब्ध होता है, चाहे वह स्वच्छ हो या नहीं। बरसात के मौसम में प्राकृतिक जल स्रोतों में कच्चा और गंदा पानी भर जाता है। यदि समय रहते इसकी जांच और सफाई न हो, तो इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। बरसात के दिनों में दूषित पानी पीने से तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, पानी में यूरेनियम की अधिक मात्रा होने से मानव शरीर की किडनियां तक खराब हो सकती हैं। इसके बावजूद जल भंडारण टैंकों की सफाई का कोई स्पष्ट और सार्वजनिक शेड्यूल सामने नहीं आता।

इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पहले भी कड़ा रुख अपनाया था और पूर्व प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी। एनजीटी ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि एसओपी बनाकर प्रत्येक माह जल भंडारण टैंकों की सफाई सुनिश्चित की जाए। बावजूद इसके जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का पूर्ण पालन होता नहीं दिख रहा।

आज स्थिति यह है कि धरती के भीतर से निकलने वाले पानी को लोग बेकार बहा रहे हैं और आसमानी पानी को भविष्य के लिए बचाने की केवल योजनाएं बनाई जा रही हैं। भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है और यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पानी की एक-एक बूंद अमूल्य है, लेकिन हम इसकी वास्तविक कीमत नहीं समझ पा रहे हैं। 'जल ही जीवन है' जैसे



नारे कहने और पढ़ने तक ही सीमित रह गए हैं। सिर्फ जनता ही नहीं, बल्कि विभागीय लापरवाही भी जल संकट को बढ़ावा दे रही है। जगह-जगह पाइप लाइनों में रिसाव होता रहता है, लेकिन उन्हें ठीक करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। ऐसे में जल संरक्षण अभियानों की सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

घटते जंगल और बढ़ता अवैध खनन भी जल स्रोतों के सूखने का बड़ा कारण बन चुके हैं। जब भी प्रकृति से खिलवाड़ किया गया है, उसके दुष्परिणाम इंसान को ही भुगतने पड़े हैं। सरकारों ने करोड़ों रुपए खर्च कर जल स्रोत तो बनाए, लेकिन समुचित संरक्षण के अभाव में पानी की समस्याएं और गहराती चली गईं। नलकूप, हैंडपंप, कूहलें, तालाब, बावड़ियां और कुएं तक सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। कई जल योजनाएं बिना पानी के 'सफेद हाथी' साबित हो रही हैं।

गर्मियों के आते ही पानी की समस्या विकराल रूप ले लेती है। जल स्रोतों में पर्याप्त पानी एकत्रित न होना जल शक्ति विभाग के लिए भी चुनौती बन गया है। करोड़ों रुपए का बजट खर्च होने के बावजूद जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि भविष्य में जल स्तर को कैसे संतुलित रखा जाए। इसके लिए सरकार, विभाग और जनता-सभी को मिलकर गंभीर प्रयास करने होंगे। वनों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ चुका है। जंगलों में अवैध कटान और आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे कीमती वन संपदा नष्ट हो रही है। पेड़ ही वर्षा को आकर्षित करते हैं और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ों की कमी के कारण ही आज बारिश अनियमित हो गई है, जिससे किसान खेती से विमुख होते जा रहे हैं और हर साल फसलें सूखे की भेंट चढ़ रही हैं। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में भी पर्यावरणीय असंतुलन साफ नजर आने लगा है। पहाड़ों से बहने वाले प्राकृतिक झरने सूख रहे हैं और जंगलों की कमी के कारण भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। अत्यधिक रसायनों और खादों के प्रयोग से भूमि की नमी खत्म हो रही है, जिससे सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता पड़ती है।

हालांकि प्रदेश सरकार ने नई खनन नीति बनाकर अवैध खनन पर रोक लगाने का प्रयास किया है, लेकिन पहले हो चुके अत्यधिक खनन का प्रभाव जल स्रोतों पर साफ दिखाई दे रहा है। कूहलों, नहरों और नलकूपों में पानी की कमी के कारण खेती प्रभावित हो रही है और अधिकांश हैंडपंप बिना पानी के बेकार पड़े हैं। स्वच्छता अभियान के तहत हिमाचल को खुले में शौचमुक्त राज्य घोषित किया गया है, जो उपलब्धि है। घर-घर शौचालय बने हैं और जल भंडारण टैंकों की आवश्यकता बढ़ी है। अब जरूरी है कि इन टैंकों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, तभी संपूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वेनेजुएला संकट : ट्रंप डॉक्ट्रिन और भारत-अमेरिका संबंध

हाल ही में अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में की गई सैन्य कार्रवाई कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह केवल एक क्षेत्रीय हस्तक्षेप नहीं, बल्कि अमेरिकी रणनीतिक सोच, सैन्य दबाव की राजनीति और शक्ति-आधारित विदेश नीति का स्पष्ट उदाहरण है।



डॉ. विमल कुमार कश्यप
सहायक प्राध्यापक, केंद्रीय विवि हिमाचल प्रदेश, देहरा/धर्मशाला

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह घटनाक्रम यथार्थवादी सिद्धांत की उस मान्यता को पुष्ट करता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नैतिकता से अधिक राष्ट्रीय हित निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस संदर्भ में अमेरिकी विदेश नीति में 1823 की मुनरो डॉक्ट्रिन की स्पष्ट झलक दिखाई देती है, जो अमेरिकी महाद्वीप में बाहरी हस्तक्षेप के प्रति अमेरिका की ऐतिहासिक असहिष्णुता को दर्शाती है।

डोनाल्ड ट्रंप 2.0 की विदेश नीति को उनके पहले कार्यकाल में अधूरे रह गए एजेंडे की निरंतरता के रूप में देखा जा सकता है। तथाकथित ट्रंप डॉक्ट्रिन वस्तुतः कोई सुव्यवस्थित वैचारिक सिद्धांत नहीं, बल्कि 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का व्यावहारिक विस्तार है। इसमें अमेरिकी आर्थिक, सैन्य और रणनीतिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। यह दृष्टिकोण बहुपक्षीयता, संस्थागत व्यवस्था और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली से स्पष्ट विचलन को दर्शाता है, जो दशकों तक अमेरिकी विदेश नीति की आधारशिला रही है।

इसी पृष्ठभूमि में भारत-अमेरिका संबंधों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। 2007 के बाद दोनों देशों के संबंधों ने नया आयाम ग्रहण किया है। हिंद-प्रशांत रणनीति, रक्षा सहयोग, असैन्य परमाणु ऊर्जा और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आज भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में उभरा है, विशेषकर चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के संदर्भ में। हालांकि, हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों




ने इन संबंधों में कुछ जटिलताएं भी उत्पन्न की हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देना इसी का उदाहरण है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में उच्चस्तरीय राजनीतिक निकटता के बावजूद व्यापार, वीजा नीति और ऊर्जा से जुड़े कई अमेरिकी निर्णय भारत के लिए प्रतिकूल रहे। इन निर्णयों को भारत-विरोधी दृष्टिकोण के बजाय 'अमेरिका फर्स्ट' नीति की कठोर व्यावहारिक अभिव्यक्ति के रूप में समझना अधिक उपयुक्त होगा। वेनेजुएला संकट अमेरिका की बदलती सैन्य रणनीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। वियतनाम, अफगानिस्तान और इराक जैसे अनुभवों से सीख लेते हुए अमेरिका ने प्रत्यक्ष सैन्य नियंत्रण के बजाय सीमित और लक्षित हस्तक्षेप की नीति अपनाई है। लैटिन अमेरिका शीत युद्ध काल से ही समाजवादी विचारधाराओं और अमेरिकी वर्चस्व की आलोचना का केंद्र रहा है। यह क्षेत्र न केवल विशाल हाइड्रोकार्बन संसाधनों से समृद्ध है, बल्कि रेयर अर्थ मैटेरियल्स और इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रयुक्त खनिजों के कारण भी रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ह्यूगो शावेज और निकोलस मादुरो के शासनकाल में चीन के साथ बढ़ती निकटता ने इस क्षेत्र में चीनी प्रभाव को मजबूत किया है। साथ ही, कुछ देशों में नार्को-स्टेट जैसी प्रवृत्तियों का उभरना भी गंभीर चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों के बावजूद किसी भी प्रकार के सैन्य या राजनीतिक हस्तक्षेप को नैतिक आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस संदर्भ में भारत का दृष्टिकोण संतुलित और व्यावहारिक रहा है।

भारत की भू-रणनीतिक स्थिति उसे यथार्थवादी नीति अपनाने के लिए बाध्य करती है। भारत-अमेरिका संबंधों का सुदृढ़ होना दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के लिए आवश्यक है, किंतु भारत को अमेरिका की लेन-देन आधारित विदेश नीति और ट्रेड-वार कूटनीति से सावधान रहना होगा। अतः भारत को तात्कालिक लाभों के बजाय दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों और रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नेतृत्व और नैतिक विकास के लिए भगवान श्रीराम से लें प्रेरणा

भगवान श्रीराम के गुणों को आधुनिक लीडरशिप, साइकोलॉजी और नैतिक विकास के थ्योरीटिकल फ्रेमवर्क से जोड़ने वाली इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च अभी सीमित है, जबकि यह आज की चुनौतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ओलिवेल (2017) के अनुसार, राम केवल पौराणिक किरदार नहीं हैं, बल्कि इंटीग्रेटेड एक्सीलेंस का उदाहरण हैं जो व्यक्तिगत क्षमता और सामाजिक मेलजोल की समझ देते हैं। राम के गुणों को वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और अन्य पौराणिक स्रोतों में अलग-अलग दृष्टिकोण—ऐतिहासिक, फिलॉसॉफिकल, भक्ति और आध्यात्मिक-से समझा जा सकता है। डॉ. रॉबर्ट गोल्डमैन (1984) के अनुसार, विभिन्न वर्शन्स के बीच कमियों को समझने के लिए उन्हें पूरक के रूप में देखना आवश्यक है। अनुसंधान में हर्मेन्यूटिक एनालिसिस, कम्पेरेटिव एनालिसिस, क्रॉस-कल्चरल एनालिसिस और कॉन्सेप्चुअल इंटीग्रेशन का उपयोग किया गया। इन फ्रेमवर्क्स से राम के गुणों को सिस्टमैटिक रूप में कोड किया गया और उन्हें अलग-अलग थ्योरीटिकल लेंस से विश्लेषित किया गया। ब्रायमैन (2018) के 'थ्योरीटिकल ट्रायंगुलेशन' के अनुसार, एक ही घटना को कई दृष्टिकोण से देखना गहरी समझ देता है। राम के गुणों का विश्लेषण चार स्तरों पर किया गया- व्यक्तिगत, सामाजिक, कॉस्मिक और ट्रांसेंडेंट।

डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, राम का सत्यव्रत केवल झूठ से दूर रहना नहीं बल्कि सभी स्तरों पर सच्चाई के साथ तालमेल बनाना है। यह कॉग्निटिव कंसिस्टेंसी (फेस्टिंगर, 1957) के सिद्धांत से मेल खाता है, जिसमें विश्वास, भावना



और कर्म में तालमेल होता है। सियालडिनी (2016) के 'प्री-सुएशन' सिद्धांत से पता चलता है कि यह कंसिस्टेंसी दूसरों में भरोसे और प्रभाव का माहौल बनाती है। फ्रैंकफर्ट (2018) के ट्रूथ स्टडीज के अनुसार, राम की सत्यनिष्ठा केवल सटीकता नहीं बल्कि वास्तविकता के प्रति झुकाव है।

राम का धर्म केवल नियम पालन नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार नैतिक और न्यायसंगत निर्णय लेने की क्षमता है। यह 'सिचुएशनल विजडम' और जॉन रॉल्स के 'रिफ्लेक्टिव इक्विलिब्रियम' के समान है। स्वामी विवेकानंद (1896) के अनुसार, राम धर्म में दुनियावी तालमेल और व्यावहारिक बुद्धिमत्ता का उदाहरण हैं। मार्था नुसबौम (2021) की कैपेबिलिटीज थ्योरी के दृष्टिकोण से, राम की नैतिकता पारंपरिक नियमों और कॉन्टेक्स्टुअल एप्लीकेशन के बीच संतुलन दिखाती है।

राम नाम के जप से व्यक्ति में मानसिक और शारीरिक लाभ होते हैं। स्वर विज्ञान के अनुसार, मंत्रों में सही स्वर और उच्चारण से लाभ होता है। राम नाम जपने से मानसिक शांति, आनंद, नियंत्रित वाणी, कम भूख और अधिक ध्यान की क्षमता विकसित होती है।

यह अभ्यास व्यक्ति में लालच और चिंता को कम करता है और कर्म में पूर्ण समर्पण और निस्वार्थता लाता है। धीरे-धीरे राम नाम का जप व्यक्तिगत क्रेडिट लेने की प्रवृत्ति कम करता है और समाधि, ध्यान और योग के अनुभव को स्वाभाविक रूप से बढ़ाता है।

कुल मिलाकर, भगवान श्रीराम के गुण और उनका व्यवहार आधुनिक लीडरशिप, साइकोलॉजी और नैतिक विकास के लिए आज भी प्रेरणादायक हैं। उनके जीवन और शिक्षा से यह सिद्ध होता है कि सत्य, धर्म और सामाजिक संतुलन के सिद्धांत व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर कार्यात्मक और सार्वकालिक हैं। राम का आदर्श केवल धार्मिक या सांस्कृतिक उदाहरण नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन, नेतृत्व और नैतिकता का जीवंत मॉडल है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सैनिकों के बलिदान और शौर्य को समर्पित भारतीय सेना दिवस

हर साल 15 जनवरी को भारत में भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व इसलिए है, क्योंकि 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ बने।



प्रिया, 11वीं कक्षा
सीनियर सेकेंडरी स्कूल गाहलियां, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह स्वतंत्र भारत की सेना के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसने भारतीय नेतृत्व की शुरुआत की। सेना दिवस का मुख्य उद्देश्य हमारे वीर सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पण को सम्मानित करना और आम नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। भारतीय सेना देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश के अंदर शांति और सुरक्षा बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है। सेना के जवान कठिनतम परिस्थितियों में भी ड्यूटी करते हैं। वे अत्यधिक ठंड, गर्मी, रेगिस्तान, ऊंचे पहाड़ और घने जंगल जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दिन-रात काम करते हैं। अपने प्राणों की परवाह किए बिना वे देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि भारतीय सेना का बलिदान और समर्पण अद्वितीय माना जाता है। भारतीय सेना दिवस का मुख्य समारोह नई दिल्ली में आयोजित होता है। इस अवसर पर सैनिक अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन करते हैं। बहादुर सैनिकों को उनके असाधारण साहस और देश सेवा के लिए वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह दिन सेना के अद्वितीय योगदान और बलिदान को जनता के सामने लाता है।

भारतीय सेना का योगदान केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। वे आपदा राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सेना के जवान प्रभावित इलाकों में पहुंचकर भोजन, चिकित्सा सहायता और बचाव सेवाएं प्रदान करते हैं। इस तरह भारतीय सेना न केवल बाहरी खतरों से देश की रक्षा करती है, बल्कि नागरिकों की



सुरक्षा और सहायता में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। भारतीय सेना दिवस हर नागरिक के लिए देशभक्ति, एकता और सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश लेकर आता है। यह दिन हमें हमारे वीर जवानों के साहस, बलिदान और निस्वार्थ सेवा की याद दिलाता है।

भारतीय सैनिक कठिन परिस्थितियों में- अत्यधिक ठंड, गर्मी, रेगिस्तान और ऊंचे पहाड़ भी दिन-रात अपनी ड्यूटी निभाते हैं और देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनका अनुशासन, कठिन परिश्रम और समर्पण हमें यह सिखाते हैं कि राष्ट्र की सेवा में लगन और दृढ़ता कितनी आवश्यक है। इस अवसर पर हम अपने वीर जवानों को सिर झुकाकर सलाम करते हैं और उनके साहस, त्याग और प्रतिबद्धता को सम्मान देते हैं। स्वतंत्र और सुरक्षित भारत का निर्माण केवल सैनिकों की मेहनत, साहस और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। भारतीय सेना का बलिदान और निष्ठा देश की रक्षा की रीढ़ हैं और हमेशा हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

भारतीय सेना दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति, साहस और समर्पण का प्रतीक है। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि हर नागरिक को अपने देश के प्रति जागरूक और जिम्मेदार होना चाहिए।

यदि हम सभी मिलकर अपने कर्तव्यों का पालन करें और राष्ट्र के विकास और सुरक्षा में योगदान दें, तो हमारा देश मजबूत और सुरक्षित बन सकता है। यह दिवस सैनिकों के अद्वितीय योगदान और निस्वार्थ सेवा को याद करने और उनका सम्मान करने का अवसर है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन आज से जिले के दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन नरदेव सिंह कंबर 15 से 17 जनवरी तक जिला मंडी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनकी अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर जागरुकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर के अनुसार 16 जनवरी को औट तथा 17 जनवरी को शिव मंदिर, सरकाघाट में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में श्रमिकों को बोर्ड में पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र श्रमिकों को मौके पर ही आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

जोगिंद्रनगर.3ः सूना पड़ा जोगिंद्रनगर बाजार।

### लोहड़ी पर जोगिंद्रनगर बाजार रहा सूना




**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में बुधवार को लोहड़ी के पर्व पर मुख्य बाजार और आसपास के व्यापारिक क्षेत्र पूरी तरह खाली नजर आए। आम दिनों में भीड़ से भरे रहने वाले बाजार में दिनभर ग्राहकों की आवाजाही नगण्य रही। पर्व के कारण लोगों ने घरों में रहकर त्योहार मनाना उचित समझा। यातायात व्यवस्था पर भी इसका असर दिखा; जोगिंद्रनगर से विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसें लगभग खाली रहीं और केवल गिने-चुने यात्री ही दिखाई दिए। दुकानदारों ने बताया कि बिक्री में भारी गिरावट हुई है। उम्मीद है कि त्योहार के बाद बाजार और यातायात सामान्य हो जाएंगे।

### डीजे की धुनों पर जमकर थिरके लोग

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** साल के पहले पर्व यानी नए साल के पहले पर्व लोहड़ी एवं मकर संक्रांति को लोगों ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। बच्चों ने लोहड़ी गीत गाकर अपनी परंपरा का निर्वहन कर रहे लोगों के यहां अलख जगाते हुए हक से लोहड़ी मांगी। वहीं, मकर संक्रांति का धूम धड़ाका भी देखते ही बना, उल्लास से भरे लोगों ने लोहड़ी पर्व का आनंद उठाने के लिए विभिन्न वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल करते हुए नाच गाना किया। इसके साथ ही डीजे की धुनों पर भी लोग थिरकते नजर आए। मकर संक्रांति के दिन लोगों ने मेहमानबाजी का लुत्फ उठाने व मिल-जुलकर पर्व मनाया और खिचड़ी सहित अन्य व्यंजन बनाए खाए।

### अवैध निर्माण से सरकारी रास्ता रोका, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर के तहत धनीराम पुत्र निलाम्बर निवासी गांव नैहरा डाकघर चाम्बी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई कि पलाहोटा से सेरढ जाने वाली सड़क से गांव नैहरा होकर सेरढ को जाने वाला पक्का रास्ता करीब 60-65 वर्षों से प्रचलन में है, जिसका निर्माण 2016 में मनरेगा के तहत हुआ था और जिस पर ग्रामीण स्कूटी, पावर टिल्लर सहित रोजमर्रा का सामान लाने-ले जाने के लिए निर्भर हैं। लेकिन इस पर यादविंद्र पुत्र हरदेव तथा उसके परिवार के सदस्यों व अन्य व्यक्तियों द्वारा डंगा व सीढ़ियां डालकर अवैध निर्माण कर रास्ता रोके जाने से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और ग्रामीणों की आवाजाही बाधित हुई है, जिस पर पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुन्दरनगर में मामला दर्ज कर आगामी अन्वेषण जारी है।

# पटड़ीघाट में नालियों में व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

## रोपड़ी गांव के आधा दर्ज परिवार दो सप्ताह से बूंद-बूंद को तरसे

अनंत ज्ञान

**रितेश, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की पंचायत पटड़ीघाट में जल शक्ति विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। पंचायत के रोपड़ी गांव के आधा दर्जन से अधिक परिवार पिछले करीब दो सप्ताह से पीने के पानी से वंचित हैं, जबकि दूसरी ओर विभागीय लीक पाइपलाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों और नालियों में व्यर्थ बह रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



पटड़ीघाट में व्यर्थ बह रहा पानी। अनंत ज्ञान

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पानी की कमी नहीं है, लेकिन जल शक्ति विभाग द्वारा टूटी हुई पाइपलाइन की मरम्मत समय पर न करने के कारण पूरा पानी रास्तों में बह रहा है और रोपड़ी गांव तक जल आपूर्ति ठप पड़ी है। गांव में लगाए गए नल पूरी तरह से बेकार हो चुके हैं और अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार विभाग को शिकायतें देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पानी की समस्या के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन

रोपड़ी गांव के निवासी हीमत राम, ब्रह्मी देवी, बविता देवी, प्रमिला कुमारी, दूनी चंद, लीलाधर, निर्मला कुमारी, सुमना देवी आदि ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई और पाइपलाइन की लीकेज बंद नहीं की गई, तो कलखर चौक पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इसका जिम्मेवार जल शक्ति विभाग ही होगा सहायक अभियंता दीपक वर्मा ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता ढलवान को आदेश देकर जल्द ही पाइपों की लिकेज को बंद कर दिया जाएगा। लोगों को पर्याप्त पानी की सप्लाई दी जाएगी।

# इधर... दलित बस्ती मुकड़ानी में पेयजल को तरसा परिवार

अनंत ज्ञान

**मंडी।** कृष्ण लाल निवासी मुकड़ाणी सिहली सुंदरनगर ने जलशक्ति विभाग पर पानी देने में भेदभाव का आरोप लगाया है। कृष्ण लाल ने चीफ इंजीनियर मंडी को ज्ञापन सौंप पेयजल क्नेक्शन लगाने की गुहार लगाई है। कृष्ण लाल ने कहा कि पिछले दो साल से एक नलका लगवाने के लिए वह जलशक्ति विभाग के हर कार्यालय में दर-दर की ठोकरें खाते रहे। तीन बार पेयजल कनेक्शन लगाने के लिए कार्रवाई शुरू हुई और एक बार तो पाइपें भी आ गई, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने पाइपें उखाड़ कर पेयजल कनेक्शन नहीं लगाने दिया।

◆ **दो साल से नहीं लगा एक नलका**

इस बारे में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से गुहार लगा चुके हैं। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने जलशक्ति विभाग सुंदरनगर के अधिकारियों को समस्या समाधान के आदेश दिए, लेकिन दो साल बाद भी समस्या जस की तस बनी रही। उन्होंने बताया कि देवीदड़ में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनते हुए सुंदरनगर में जल शक्ति विभाग एक्सईएन को कनेक्शन देने के आदेश दिए, लेकिन एक्सईएन एक साल बीतने के बाद भी हमारा नलका नहीं लगा पाए। कृष्ण लाल ने कहा कि दलित बस्ती में पानी की एक बूंद नहीं है और दूसरे गांवों में तीन तीन स्कीमों का पानी जा रहा है। चीफ इंजीनियर मंडी को ज्ञापन देने वालों में किशन चंद बंसल परिषद के महासचिव, नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षद राम सिंह, श्याम लाल पूर्व पंचायत पदाधिकारी शामिल रहे। वहीं, अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने मुकड़ाणी दलित बस्ती का दौरा कर प्रभावितों की समस्याओं को सुना और कांग्रेस सरकार से हरसंभव मदद करवाने का आश्वासन दिया।



ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

# दलेड और सारली गांव में चोरी की घटना से लोग दहशत में

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में एक बार फिर चोरियों का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। मंगलवार रात दलेड और सारली गांवों में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं ने लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ढेलू पंचायत के दलेड गांव में सुधा देवी के घर उस समय चोरी हुई, जब वह अपने बेटे के पास दिल्ली गई हुई थीं। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 35 हजार रुपए नकद और चार चांदी के सिक्के चुरा लिए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। इसी दौरान उनकी देवरानी पिंकी देवी के घर का ताला भी तोड़ा गया।

◆ **चारों ने घर के ताले तोड़कर नकदी पर किया हाथ साफ**

◆ **लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की उठाई मांग**

गांव के गुलाब सिंह रांगड़ा ने बताया कि रात करीब दो से ढाई बजे दरवाजे खुलने की आवाज सुनाई दी और बाहर निकलने पर एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए दिखाई दिया, जो शोर मचाने पर फरार हो गया। दूसरी घटना जोगिंद्रनगर के सारली गांव में हुई, जहां चोरों ने परिवार के सोते समय वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर ऊपरी मंजिल के ताले तोड़े और नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोगों में रोष है और उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### नागेश्वर महादेव कुड में मकर संक्रांति पर घृत पर्व का शुभारंभ

# 51 किलो मक्खन और मेवों से भोलेनाथ का अलौकिक श्रृंगार

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर महादेव कुड में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। बुधवार को मंदिर में सात दिवसीय पारंपरिक घृत पर्व का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा।

इस वर्ष घृत पर्व को और अधिक भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति व शिव भक्तों द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। बुधवार दोपहर बाद विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग का भव्य श्रृंगार आरंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने 51 किलो शुद्ध मक्खन तथा विभिन्न प्रकार के सूखे मेवों से भोलेनाथ का अलौकिक श्रृंगार किया।



भक्तों ने किए भगवान शिव की पिंडी के दर्शन। अनंत ज्ञान

मक्खन से सजी भगवान शिव की पिंडी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रृंगार से पूर्व मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन किए। मंदिर के प्रबंधक एवं थानापति महंत विमल गिरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार 51 किलो मक्खन व सूखे मेवों से तैयार की गई भोलेनाथ की प्रतिमा अत्यंत मनमोहक है। महंत विमल गिरि ने बताया कि यह घृत मंडल 21 जनवरी तक शिवलिंग पर सुसज्जित रहेगा। 21 जनवरी को विधिवत पूजा के पश्चात मक्खन को हटाकर प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

# मकर संक्रांतिः तत्तापानी में किया कन्या पूजन




एसडीएम गौरव ने कन्या पूजन किया। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** तत्तापानी में दूसरे दिन मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मेला समिति की ओर से कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने विधिवत रूप से 21 कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की गई तथा उन्हें प्रसाद एवं भेंट प्रदान की गई। एसडीएम गौरव महाजन ने कहा कि कन्या पूजन हमारी सनातन संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो नारी शक्ति के सम्मान और समाज में सकारात्मक मूल्यों को स्थापित करने का संदेश देती है। कार्यक्रम में मेला समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रम करते शोध और बौद्धिक संस्कृति को सुदृढ़ः ललित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रम उच्च शिक्षा में सहयोग, शोध और बौद्धिक साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करता है, जो आज के ज्ञान-आधारित समाज की अनिवार्यता है। ये शब्द उन्होंने इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा के गुजरात से विश्वविद्यालय वापसी पर कहे।

उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक संबंधों को मजबूत करती है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर शोध, नवाचार और बौद्धिक सहयोग को भी नई दिशा देती है। ऐसे कार्यक्रम संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हैं। गौरतलब है कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से पहली बार संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने 6 से 12 जनवरी तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, आनंद (गुजरात) में शैक्षणिक सहभागिता की। यह कार्यक्रम दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य हुए एमओयू के तहत आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व, राष्ट्रनिर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक कार्यों पर विशेष व्याख्यान दिए। उन्होंने प्रशासनिक दक्षता, रियासतों के एकीकरण और आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार पटेल के योगदान का तथ्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक विवेचन किया। डॉ. शर्मा ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्नद्रष्टाः सरदार वल्लभभाई पटेल' विषयक राष्ट्रीय परिसंवाद में बीज वक्तव्य भी दिया। उन्होंने इसे कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी की दूरदृष्टि का परिणाम बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# धर्मपुर का जिलास्तरीय लोहड़ी मेला चढ़ा बदइंतजामी की भेंट

## जनता में भारी रोष, दुकानदारों को सड़क पर ही लगाने पड़े स्टॉल

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की मनमानी और प्रशासन की नालायकी के कारण क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया, जिससे जनता में भारी रोष है। सेना, शिक्षा और अन्य महत्वपूर्ण अंगों में बड़े-बड़े पदों पर आसीन होने वाले इस क्षेत्र के लोग सामाजिक योगदान में भी कभी पीछे नहीं रहे, लेकिन विधायक और उपमंडल में बैठे अधिकारियों ने सज्जाओ पीपलू के जिलास्तरीय लोहड़ी मेले को कुप्रबंधन का शिकार बना डाला।

यह आरोप लगाते इसी वार्ड के पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने लगाए। उन्होंने कहा कि इस मेले के आयोजन पर बदइंतजामी और राजनीति हावी रही और एसडीएम कार्यालय एक बार फिर अक्षम ही साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम कार्यालय अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असफल रहा। पूर्व सरकार के समय यह मेला जिलास्तरीय बना था और वर्तमान सरकार ने इसे तीन दिवसीय किया, लेकिन इस बार पूर्व निर्धारित स्कूल मैदान में मेले के लिए समय पर अनुमति नहीं मिल पाई। इसके चलते न तो पर्याप्त दुकानें लग सकीं और सड़क पर ही स्टॉल लगाने पड़े। न ही विभागीय प्रदर्शनियों के लिए स्थान उपलब्ध हो पाया। मेले के कार्यक्रम भी तय समय पर शुरू नहीं हो सके। उद्घाटन सुबह के बजाए दोपहर बाद हुआ, खेल प्रतियोगिताएं देरी से शुरू हुईं और स्थानीय युवाओं व बच्चों को पूरा अवसर नहीं मिल पाया। मैराथन दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां भी आनन-फानन में आयोजित की गईं या रद्द होती रहीं। स्कूल मैदान में मेले के आयोजन के लिए आवश्यक लिखित अनुमति समय पर नहीं दिलवाई गई, जबकि स्कूलों में गैर-शैक्षणिक गतिविधियों पर पहले से प्रतिबंध है। नतीजतन, मेले का स्वरूप और उत्साह दोनों ही समाप्त हो गए। कुल मिलाकर, इस बार का लोहड़ी मेला प्रशासनिक लापरवाही का शिकार होकर एक 'फ्लॉप शो' बनकर रह गया, जिससे क्षेत्रवासियों में गहरा असंतोष है। इस बार के आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों, महिलाओं और युवाओं की जमकर उपेक्षा की गई, जो सरकार, विधायक और प्रशासन के नजरिए को दिखाती है।

> सज्जाओ पीपलू का जिलास्तरीय लोहड़ी मेला क्षेत्र के नेता ठाकुर महेंद्र सिंह की देन है। एसडीएम कार्यालय ने मेले के आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया। इस मेले में सबसे ज्यादा भागीदारी महिलाओं की रहती थी, लेकिन इस बार जानबूझकर महिलाओं के कार्यक्रम नहीं रखे गए।
>
> **-सरिता ठाकुर, प्रधान, सज्जाओ पीपलू पंचायत।**

### छोटा भंगाल और चौहार घाटी में प्राकृतिक खेती की अपार संभावनाएं

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल और चौहार घाटी में पारंपरिक खेती के साथ-साथ जड़ी-बूटियों पर आधारित खेती में व्यापक संभावनाएं हैं। यदि सरकार घाटीवासियों को इस दिशा में सहयोग दे, तो स्थानीय किसानों की आर्थिक स्थिति पूरी तरह बदल सकती है। इन घाटियों की ऊंची पहाड़ियों में पतीश, मुशकला, कड़ू, रखाला, नाग छतरी, बुनक्षा जैसी बहुमूल्य जड़ी-बूटियां प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं। वैज्ञानिक तरीके से इनका दोहन करने से रोजगार सृजन के साथ औषधीय उत्पादन में भी वृद्धि संभव है। स्थानीय किसानों जसवंत सिंह, रूप लाल, प्यार चंद, उत्तम चंद, दर्शन कुमार, मान सिंह, विद्या सागर, सुंदर सिंह और सुरेश कुमार का कहना है कि जड़ी-बूटी आधारित खेती से जंगली जानवर फसलों को नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे और किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलेगा। इससे बंजर होती भूमि पर भी खेती संभव होगी और किसान लाखों रुपए कमा सकते हैं।

### बार एसोसिएशन सुंदरनगर की कार्यकारिणी गठित

# नरेंद्र सिंह चंदेल प्रधान और अमर चंद बने उपप्रधान



बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिले की सब डिवीजन बार एसोसिएशन सुंदरनगर के चुनाव बुधवार को न्यायालय परिसर में संपन्न हुए। इन चुनावों में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बार एसोसिएशन सुंदरनगर के चुनाव एडवोकेट राजेश तिवारी चेयरमैन, गीता राम ठाकुर, रतन लाल वर्मा और कीर्ति ठाकुर ने बतौर सदस्य चुनाव अधिकारियों की अध्यक्षता में संपन्न हुए। बार एसोसिएशन सुंदरनगर के चुनाव कमेटी के सदस्य गीता राम ठाकुर ने कहा कि बार एसोसिएशन सुंदरनगर के चुनाव विधिवत तौर पर संपन्न हुए। इसके तहत प्रधान के लिए नरेंद्र सिंह चंदेल और उपप्रधान के लिए अमर चंद ठाकुर और सह सचिव पद के लिए सूरज चंदेल निर्विरोध चुने गए। चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। नवनियुक्त प्रधान नरेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि उनका लक्ष्य सुंदरनगर न्यायालय में पिछले लंबे समय से बंद पड़े हुए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 की नियुक्ति करवाना रहेगा।

इसके साथ बार एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याओं का निराकरण करने के सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं, इस मौके पर उपप्रधान अमर चंद ठाकुर ने कहा कि बार में लंबित कार्यों को अतिशीघ्र पूरा किया जाएगा।

**परेशानी** | बस में सवार यात्रियों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना, पैदल जाना पड़ा

# एक साल बाद शुरू हुई बस, पर आधे रास्ते में खराब

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की सरकाघाट-गोभड़ता बस सेवा लगभग एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद दोबारा शुरू तो कर दी गई, लेकिन सेवा शुरू होते ही तकनीकी खामी के चलते बस आधे रास्ते में ही खराब हो गई। इससे बस में सवार यात्रियों सहित मार्ग पर बस का इंतजार कर रहे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह बस सेवा आवागमन का मुख्य साधन मानी जाती है।

लंबे समय से बंद रहने के कारण पहले ही स्थानीय लोगों को निजी वाहनों या महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा था। ऐसे में सेवा बहाल होने से लोगों में राहत की उम्मीद जगी थी, लेकिन बस के रास्ते में खराब हो जाने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।




तकनीकी खामी के चलते बस आधे रास्ते में ही खराब हो गई। अनंत ज्ञान

यात्रियों का कहना है कि बसों की समय रहते तकनीकी जांच नहीं की जा रही है, जिसके चलते बार-बार ऐसी समस्याएं सामने आ रही हैं। आधे रास्ते में बस खराब होने से यात्रियों को घंटों तक सड़कों पर इंतजार करना पड़ा। वहीं, कई यात्रियों को पैदल या निजी वाहनों से आगे की यात्रा पूरी करनी पड़ी। लोगों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम और प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण रूटों पर चलाई जा रही बसों की नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित की जाए तथा खराब हालत में चल रही बसों को रूट पर न उतारा जाए। साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक बस व्यवस्था भी समय पर उपलब्ध करवाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बस सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

सरकाघाट के क्षेत्रीय प्रबंधक राज कुमार पे बताया कि तकनीकी खराबी के कारण बस खराब हुई थी। इस रूट पर और बस भेजी जाएगी।

# रती ने खयूरी टीम को 6 विकेट से हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी



विधायक इंद्र सिंह गांधी ने खिलाड़ी किए सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रिवालसर।** बल्ह क्षेत्र के खयूरी में जय देव महूनाग स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को विधायक इंद्र सिंह गांधी की उपस्थिति में समापन हुआ।

प्रतियोगिता में क्षेत्र की लगभग 20 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच खयूरी व रति टीम के बीच खेला गया, जिसमें रति टीम ने 6 विकेट से विजय प्राप्त कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति विधायक इंद्र सिंह गांधी ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अपनी ऐच्छिक निधि से 16,000 रुपए की राशि प्रदान की। इस मौके पर भाजपा बल्ह मंडल नेरचौक के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ,मंडल महामंत्री पवन कुमार, उपाध्यक्ष केदारनाथ शर्मा, कर्म सिंह ठाकुर तथा पार्टी के अन्य सम्मानित पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### भेड़पालकों की उपेक्षा कर रही सरकारः भीम सिंह

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल घाटी की बड़ा ग्रां पंचायत के पूर्व प्रधान एवं भाजपा ग्राम केंद्र मुल्थान प्रमुख भीम सिंह ठाकुर ने कहा है कि दुर्गम परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले भेड़पालकों की प्रदेश सरकार लगातार अनदेखी कर रही है, क्योंकि चौहार व छोटाभंगाल के भेड़पालकों को जनजातीय आरक्षण न देकर सरकार ने इस वर्ग के साथ अन्याय किया है, जबकि उनकी चरागाहें बड़ा भंगाल में स्थित हैं और वहां पहुंचने के लिए उन्हें थमसर जोत की लगभग 18 हजार फुट ऊंची चढ़ाई पार कर तीन से चार दिन का कठिन सफर तय करना पड़ता है, जहां ऑक्सीजन की कमी व जड़ी-बूटियों से बीमारी का खतरा बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने उनके लिए न तो चिकित्सा सुविधा और न ही ठहरने की कोई व्यवस्था की है, इसलिए सरकार को चाहिए कि भेड़पालकों के लिए तुरंत चिकित्सा व विश्राम की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आवश्यकता

**मंडी जिले में पत्रकार चाहिए**

प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।

**संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी मो. 8263880288**

## न्यूज ब्रीफ

### सरबजीत सिंह बॉबी ने चिंतपूर्णी में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सामाजिक कार्यकर्ता सरबजीत सिंह बॉबी, जो कि आईजीएमसी शिमला में पिछले 11 वर्षों से कैंसर रोगियों के लिए मुफ्त लंगर चला रहे हैं, जिन्हें उनके लोकप्रिय नाम 'बेला सरदार' से भी जाना जाता है, उन्होंने बुधवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में अपनी हाजिरी भरी। शिमला से आए बॉबी को वीरवार को सुजानपुर में होने वाले एक विशेष कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सम्मानित किया जाना है, जिसके लिए उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पहुंचने पर, मंदिर के वित्त एवं लेखा अधिकारी राजेंद्र कटोच और आपदा मित्र संदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान से सरबजीत सिंह बॉबी की पूजा-अर्चना करवाई और उन्हें माता का आशीर्वाद दिलाया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरबजीत सिंह बॉबी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें 20 से 25 साल बाद एक बार फिर माता के दर्शन करने और हाजिरी लगाने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने बताया कि वीरवार 15 जनवरी को सुजानपुर में भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उन्हें सम्मानित करेंगे। इसी सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए वह विशेष रूप से शिमला से यहां पहुंचे हैं।

### यूथ फेस्टिवल में साहिल का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, अंब।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल में हिमाचल के होनहार कलाकार साहिल पंडित ने क्लासीकल वोकल विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 6 से 10 जनवरी तक पंजाब में आयोजित की गई। इसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान व दिल्ली सहित देशभर के लगभग 27 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। साहिल पंडित की इस उपलब्धि पर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक बलवीर चौधरी तथा भाजपा चिंतपूर्णी मंडल के महासचिव कुलदीप ठाकुर ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने साहिल पंडित को चिंतपूर्णी माता की तस्वीर व चुनरी भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साहिल पंडित इससे पूर्व भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। वह लगातार दो वर्षों से क्लासिकल वोकल में गोल्ड मेडल विजेता रहे हैं। अब तक साहिल 6 बार हिमाचल स्तर पर गोल्ड, 2 बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड व सिल्वर, तथा एक बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। इस मोके पर साहिल पंडित के पिता राजेश शर्मा ओर माता रमा शर्मा ओर वहन छवि ने खुशी जताई। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षण संस्थान सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### पेंशनर्स को वित्तीय लाभ देने में सरकार नाकाम: वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार कर्मचारियों व पेंशनर्स को वित्तीय लाभ देने में पूरी तरह से नाकाम रही है। इससे कर्मचारियों व पेंशनर्स में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। यह बात भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट, जिला परिषद सदस्य अशोक धीमान,यशपाल रायजादा, शिव मैहन, अजय पराशर, ठाकुर श्रीचंद ने कहीं। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की 58 प्रतिशत की किश्त दे दी है। साथ में आठवां वेतन आयोग भी बिठा दिया है। जबकि हिमाचल सरकार ने अपने कर्मचारियों व पैंशनर्ज को अभी तक 45 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त दी है। कर्मचारियों व पैंशनर्ज का अभी भी 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने में नाकाम रही है। कर्मचारियों व पैंशनर्ज की महंगाई भत्तों की किस्तों का एरियर, रिवाइज्ड पे स्केल का एरियर, कम्युटेशन, ग्रेच्युटी तथा चिकित्सा बिलों का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। इससे कर्मचारियों व पैंशनर्ज में काफी रोष पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू आए है, जो कर्मचारियों, पैंशनर्ज व अन्य वर्गो के साथ झूठे वायदे करके सरकार सत्ता में आई थी। आज तक इस सरकार ने अपनी कोई भी गारंटी पूरी नहीं की है। जबकि केंद्र सरकार समय-समय पर प्रदेश सरकार को हर तरह की सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने का वायदा किया था, लेकिन सरकार बने 3 साल हो चुके है एक भी महिला के खाते में 15 रुपए तक नहीं आए। इसके अलावा प्रदेश के लोगों के लिए भाजपा सरकार में बेहतर उपचार मुहैया करवाने के लिए हिमकेयर योजना चलाई गई थी, प्रदेश सरकार ने उसे भी बंद कर दिया। इसके अलावा बिजली दरों में बढ़ोतरी कर दी और स्टांप डयूटी में भारी वृद्धि कर लोगों पर महंगाई की मार मारी है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में पूर्ण सशस्त्र सेना दिवस समारोह आयोजित

# सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में बुधवार को दसवां पूर्ण सशस्त्र सेना दिवस समारोह गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की।

इस मौके पर डीसी ने कहा कि पूर्ण सशस्त्र सेना दिवस हमें उन शहीद वीरों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि सैनिकों का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की मजबूत नींव है। डीसी ने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी केवल सैनिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिवारों, विशेषकर वीर नारियों, वीर माताओं और आश्रितों को सम्मान और हर संभव सहायता देना भी हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। कोई भी सैनिक या आश्रित अपनी समस्या के साथ कभी भी प्रशासन से संपर्क कर सकता है तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कलिया ने सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा वीर नारियों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। समारोह के दौरान उपायुक्त ने वीर नारियों, वीर माताओं एवं बहादुरी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर बहादुरी पुरस्कार विजेता ऑनरेरी कैप्टन सुखदेव सिंह (वीर चक्र), पूर्व नायक देव प्रकाश (वीर चक्र), पूर्व सूबेदार दौलत राम (सेवा मेडल), ऑनरेरी कैप्टन सुशील कुमार (शौर्य चक्र), ऑनरेरी कैप्टन चरण दास (शौर्य चक्र) के साथ-साथ सविता ठाकुर (पत्नी स्वर्गीय अमित कुमार), रुचि (पत्नी स्वर्गीय अमरिक सिंह), कंचन बाला (पत्नी कुलविंदर सिंह), प्रकाशो देवी (पत्नी स्वर्गीय शिव देव), राकेश कुमारी (पत्नी स्वर्गीय हरपाल दत्ता—सेवा मेडल) तथा 87 वर्षीय सेवा निवृत्त सूबेदार दिलबाग सिंह को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त सहित उपस्थित अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग ऊना के अध्यक्ष कर्नल शक्ति चंद, भूतपूर्व सैनिक लीग दौलतपुर के अध्यक्ष कर्नल जोगिंद्र पाल, कर्नल सतदेव सिंह, कर्नल रघुवीर सिंह, कर्नल केपीएस चन्झोत्रा, कर्नल नानक चंद, कर्नल पीएस राजपूत, कर्नल योगेश समनोल, कर्नल दर्शन सिंह, कर्नल कुलदीप सिंह वशिष्ठ (सेवा मेडल), कर्नल जोगिंदर राणा, कर्नल डीपी वशिष्ठ सहित अन्य सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



वीर नारी को सम्मानित करते डीसी जतिन लाल। अनंत ज्ञान

### 'जी राम जी' योजना गरीबों, किसानों वंचितों के लिए वरदान: धर्मेंद्र राणा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत जी राम जी योजना को गरीबों, किसानों और वंचित वर्ग के लिए एक बड़ी राहत और वरदान बताया है।

उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और जनकल्याणकारी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। धर्मेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें ईमानदारी, पारदर्शिता और प्रभावी तरीके से धरातल पर लागू करना है। वीबीजी राम जी योजना इसी नीति का प्रमाण है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सीधा लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों, किसानों, मजदूरों और असहाय लोगों को एक मजबूत सहारा प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि आज देश का गरीब वर्ग केंद्र सरकार की योजनाओं से आत्मनिर्भर बन रहा है। किसानों को आर्थिक सहयोग, गरीबों को आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाएं सरकार की प्राथमिकता में हैं। विकसित भारत जी राम जी योजना भी इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। धर्मेंद्र राणा ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वह इस जनहितकारी योजना का बेवजह विरोध कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को 'राम' नाम से ही आपत्ति है और इसी मानसिकता के कारण वे ऐसी योजनाओं पर राजनीति कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल गरीबों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह रवैया न तो जनहित में है और न ही देश के विकास के पक्ष में। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गरीबों और किसानों की समस्याओं को हमेशा नजरअंदाज किया गया। उस समय केवल घोषणाएं की जाती थीं, लेकिन उनका लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचता था। इसकेविपरीत वर्तमान केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है।



### हिमाचल दिवस व गणतंत्र दिवस से पहले चिंतपूर्णी में होटलों व सरायों की पुलिस ने की सघन जांच

◆ सुरक्षा के मद्देनजर बाजार में विशेष चेकिंग अभियान

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** हिमाचल दिवस व आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से, पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत आते चिंतपूर्णी बाजार में पुलिस द्वारा होटलों और सरायों में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस टीम ने यह सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच की कि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि न हो। इस अभियान के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने होटल व सराय मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया पहचान पत्र की अनिवार्यता, होटल मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी आगंतुक को बिना वैध पहचान पत्र के होटल में न ठहराया जाए। प्रत्येक ठहरने वाले व्यक्ति का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य है। होटल संचालकों को हिदायत दी गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। होटलों में लगे सुरक्षा उपकरणों, जैसे सीसीटीवी कैमरे, की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई और आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होटलों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, जैसे नशीले पदार्थों का सेवन या देह व्यापार, बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है और ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारों और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है। डीएसपी डाडासीबा राज कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### मेला कमेटी में हुए विस्तार को बताया सराहनीय

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** 14 जनवरी को राज महें (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान ने कहा कि गांव संतोषगढ़ में श्री गुरु रविदास महाराज के मंदिर प्रकरण को हुए 21 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन उस मंदिर प्रकरण का इतिहास आज भी सारे समाज में जिंदा है। इसी घटना की याद में हर वर्ष 21-22 जनवरी को गांव संतोषगढ़ में श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी व श्री गुरु रविदास सभा संतोषगढ़ द्वारा हर वर्ष जोड़ मेला के रूप में धार्मिक कार्यक्रम करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य सभी वर्गों व समाज को आपस में जोड़ना है। इस बार कार्यक्रम से पहले ही श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी के चेयरमैन बलवंत सिंह द्वारा जोड़ मेला कमेटी का विस्तार किया गया और हिमाचल में से समाज के अलग-अलग सभाओं संगठनों से गणमान्य व्यक्तियों व संत समाज के संतों को विस्तारपूर्वक जोड़ मेला कमेटी में शामिल किया है, जो कि एक सराहनीय कार्य है, क्योंकि संतोषगढ़ में स्थापित श्री गुरु रविदास एतिहासिक मंदिर केवल संतोषगढ़ के एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल व पंजाब के सभी वर्गों का है, जिसने इस मंदिर को बनवाने व जेल से लोगों को रिहा करवाने के लिए संघर्ष किया है।

### स्वदेशी चीजें अपनाओ, देश आत्मनिर्भर बनाओ: टिकम

अनंत ज्ञान

**ऊना।** आरएसएस के जिला ऊना प्रचारक टिकम ने हरौली के हिंदू सम्मेलन में भाग लेकर हिंदू समाज में एकता बनाए रखने का मंत्र दिया। सकल हिंदू समाज समिति मंडल कांगड़ खंड हरौली के सौजन्य से धर्मपुर में सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हिंदू धर्म के रक्षक शिव शशि कंवर, सतीश शर्मा, शादी लाल, रघुविंद, सन्नी भारद्वाज, अमित डोगरा, अभिषेक कुमार, ओंकार समेत आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया। संत बड़भागी ने कार्यक्रम में एकता बनाए रखने को प्रथम चरण का कार्य करार दिया। संत मार्ग पर चलने का उपदेश भी दिया। आरएसएस के प्रचारक टिकम ने कहा कि अपने परिवार से ही समाज को सही रास्ते पे ले जाने का प्रण लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार में अपने रहन-सहन व विचारों का सही आचरण करके ही समाज को सही दिशा देकर सामाजिक समरसता के मार्ग पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन के बारे में विस्तृत तौर पर जानकारी देते आपसी एकता व आपसी मेलजोल बढ़ाने को सर्वोपरि बताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाने का कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्वदेशी चीजें दैनिक दिनचर्या में उपयोग करने के टिप्स दिए। उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी होने के लिए कहा ताकि सभी अपने अपने अधिकारों की रखवाली कर सके। उन्होंने हिंदुओं में एकता बनाए रखने पर बल दिए जाने के बारे ओर हिंदुत्व की रक्षा के लिए प्रचार प्रसार किए जाने के लिए अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि विश्व में राष्ट्र निर्माण के लिए सभी को स्वदेशी चीजें अपनानी चाहिए, ताकि देश आत्मनिर्भर से महकता रहे। कार्यक्रम में हिंदू धर्म रक्षक के प्रतिनिधि शिव शशि कंवर ने कहा कि हिंदू एकता सम्मेलन में आमजन को खासी जागृति मिली है जिसे बरकार रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन लगातार जारी रहेंगे।



हिंदू सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

## बंगाणा में राष्ट्रीय किसान संगठन का अधिवेशन कल

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** राष्ट्रीय किसान संगठन हिमाचल प्रदेश 16 जनवरी शुक्रवार को बंगाणा तहसील में जमासनी देवी मंदिर धुंधला की प्रांगण में वार्षिक अधिवेशन करने जा रहा है।

इसमें विवेक शर्मा मुख्यातिथि तथा कुबेर सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री, विशिष्टातिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम प्रात: 10:00 से 3:00 बजे तक चलेगा उसके उपरांत सबके लिए दोपहर का भोजन रहेगा। संगठन द्वारा कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा, जैसे बैलों से खेती करने वाले, देसी गाय पालने वाले, सब्जी पैदा करके अपनी आजीविका कमाने वाले, दूध उत्पादन करके अपनी अजीबिका कमाने वाले, बागवानी करके अपनी आजीविका कमाने वाले, बकरी या अन्य पशु पालकर आजीविका कमाने वाले, और प्राकृतिक खेती करने वाले, हर वर्ग के लगभग 10-10 किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी के साथ प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की उपज के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

अधिवेशन में हिमाचल प्रदेश के किसानों से संबंधित मुद्दे सरकार के समक्ष उठाए जाएंगे, जिनके ज्ञापन मुख्य अतिथि के माध्यम से सरकार को भेजे जाएंगे, जो जो मुद्दे सरकार के समक्ष उठाए जा रहे हैं, वे इस प्रकार हैं भाखड़ा डैम से कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए एक बड़ी उठाऊ सिंचाई परियोजना का निर्माण सरकार करें जिससे कि कुटलैहड़ के किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके। सब डिवीजन बंगाणा में नकल ब्रांच तुरंत चालू की जाए।

## पंजोआ लाडोली में भक्तों ने किया कथा श्रवण

अनंत ज्ञान

**अंब।** पंजोआ लाडोली स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। लखनऊ से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी गोपालानंद जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा का रसपान करने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्वामी गोपालानंद जी महाराज ने भगवान श्रीराम केओ आदर्श चरित्र, मर्यादा, भक्ति और धर्म से जुड़े भावपूर्ण प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

कथा के दौरान उन्होंने श्रीराम जी के विवाह प्रसंग का भी अत्यंत भावपूर्ण और जीवंत वर्णन किया। माता सीता स्वयंवर, धनुष भंग और श्रीराम-सीता विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस दौरान मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक ने बताया कि श्रीराम का विवाह केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि आदर्श दांपत्य जीवन और मर्यादा का प्रतीक है, जिससे समाज को सदैव प्रेरणा मिलती है। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। आयोजकों ने जानकारी दी कि यह श्रीराम कथा 18 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक व 19 जनवरी को भवन के बाद पूर्ण आहुति व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों में कथा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। कथा के समापन पर विधिवत आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।



कथा सुनाते कथा वाचक स्वामी गोपालानंद। अनंत ज्ञान

### बाथड़ी में सेवा व समर्पण की मिसाल हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया लंगर

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** बाथड़ी स्थित डेरा बाबा सिद्ध चानों छपड़ी वाला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहड़ी के पावन अवसर पर पांच दिवसीय विशाल लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर लोहड़ी से आरंभ होकर मकर संक्रांति तक लगातार पांच दिनों तक चला।

डेरा प्रमुख बाबा सतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दस वर्षों से लगातार लोहड़ी को मुख रखकर इस विशाल लंगर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य में बाथड़ी के समस्त निवासियों का पूर्ण सहयोग रहता है तथा डेरा की संगत दिन-रात सेवा में जुटी रहती है। बाबा जी ने यह भी कहा कि जब तक शरीर में सांस है, तब तक लंगर की यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। लंगर के साथ-साथ रस का लंगर भी लगाया गया, जिसमें विशेष रूप से ताजा गन्ने का रस श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति के दिन लंगर सेवा का विशेष समापन किया गया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर सेवा की, जिससे आपसी भाईचारे, सहयोग और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।



डेरा बाबा सिद्ध चानों छपड़ी वाला बाथड़ी में लंगर आयोजित। अनंत ज्ञान

### पवन को सम्मानित करेगा भाजपा एससी मोर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा चिंतपूर्णी लोअर मंडल के अध्यक्ष ब्रह्मदास मुसाफिर ने कहा कि पार्टी की सुदृढ़, संगठित व विस्तारीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोर्चा में नई नियुक्तियों से पार्टी में नए जोश का संचार होगा। उन्होंने पवन शर्मा ठठल को पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक बनाए जाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पवन शर्मा पार्टी हित में समर्पित भाव से सेवा कर रहे हैं और अपने सेवाकाल के दौरान परिवहन मजदूर संघ के विभिन्न ओहदों पर कार्य कर चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद चिंतपूर्णी भाजपा में विभिन्न ओहदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं, उन्हीं की नई नियुक्ति से अब पार्टी को ओर अधिक मजबूती मिलेगी। जल्द ही चिंतपूर्णी अनुसूचित जाति मोर्चा सह संयोजक पवन शर्मा को सम्मानित करेगा ।

**दौरा** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया निरीक्षण, कहा-धर्मशाला स्टेडियम जैसी सुविधाएं करवाई जाएंगी उपलब्ध

# राष्ट्र स्तर का क्रिकेट मैदान विकसित हो सकता है डूमखर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डूमखर स्थित क्रिकेट मैदान को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। अखिल भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की टीम के साथ डूमखर क्रिकेट मैदान का विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान मैदान की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध भूमि, पिच, आउटफील्ड और आसपास के क्षेत्र का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के बाद पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि डूमखर का यह क्रिकेट मैदान भविष्य में राष्ट्रीय स्तर का खेल केंद्र बन सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य इस मैदान को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना है, ताकि यहां उच्च स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन संभव हो सके। कंवर ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा अत्यंत आवश्यक है। मैदान की भूमि व प्राकृतिक वातावरण की सराहना करते हुए वीरेंद्र कंवर ने कहा कि डूमखर की भौगोलिक स्थिति और सुंदरता उन्हें धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि यहां का मौसम, खुला वातावरण और पहाड़ियों से घिरा क्षेत्र क्रिकेट के लिए बेहद अनुकूल है और इसमें अपार संभावनाएं छिपी हैं।

कंवर ने बताया कि इस परियोजना को लेकर वे पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री एवं भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से चर्चा करेंगे। साथ ही, चर्चा के बाद भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधिकारियों को भी डूमखर मैदान का दौरा करवाया जाएगा, ताकि केंद्र सरकार के सहयोग से विकास कार्यों को गति मिल सके।

पूर्व मंत्री ने कहा कि मैदान के विकसित होने से खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सुविधा मिलेगी। भविष्य की योजना में आधुनिक पिच, प्रैक्टिस नेट, ड्रेसिंग रूम, दर्शक दीर्घा और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल होंगी। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे अपने क्षेत्र में ही बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान वीरेंद्र कंवर ने मैदान पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और उनकी समस्याएं सुनीं। खिलाड़ियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में आगे बढ़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस पर कंवर ने उन्हें आश्वासन दिया कि बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर वीरेंद्र कंवर स्वयं भी मैदान में उतरे और खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलते हुए चौके-छक्के लगाए, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल बन गया। एचपीसीए के सदस्यों ने मैदान से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने उम्मीद जताई कि डूमखर क्रिकेट मैदान के विकसित होने से क्षेत्र के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



खिलाड़ियों के साथ पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर। अनंत ज्ञान

### पारंपरिक हर्षोल्लास से मनाई लोहड़ी

**बंगाणा।** अखिल भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ क्षेत्र की प्रसिद्ध गोशाला धमान्द्री में कार्यकर्ताओं और सैकड़ों गणमान्य लोगों के साथ पारंपरिक हर्षोल्लास से लोहड़ी पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की और क्षेत्र की जनता के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने लोहड़ी की अग्नि के चारों ओर परिक्रमा कर तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी अर्पित की। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों से गोशाला परिसर उल्लासमय हो उठा। इस मौके पर वीरेंद्र कंवर ने कहा कि लोहड़ी केवल पर्व नहीं, बल्कि भाईचारे, सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रसाद वितरित किया गया और गोसेवा कार्यों की सराहना की गई।

### 80 वाहन चालकों की आंखें जांची

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज(बुधवार) को आईएसबीटी ऊना में परिवहन और स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुरेश चौधरी द्वारा हिमाचल प्रदेश पाथ परिवहन निगम के चालकों, ऑटोरिक्शा चालक, टैक्सी ऑपरेटर्स और निजी बसों के लगभग 80 वाहन चालकों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। आरटीओ ऊना, अशोक कुमार ने बताया कि नेत्र जांच शिविर के दौरान 25 वाहन चालकों को चश्में अनुमोदित किए, जो कि परिवहन विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जाएंगे। सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित करके लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आरटीओ ने बताया कि इस मौके पर सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग से बचाव, गुड समेरिटन नियमों तथा सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

## 24वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए मानसी चयनित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल और पंजाब के लिए गर्व का क्षण तब बना जब 24वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का दूसरी बार चयन हुआ।

मानसी राणा इससे पहले भी कराटे एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नेशनल गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। वहीं पर अब दूसरी बार फिर से 24वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हिमाचल प्रदेश जोमासर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ बाबी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 जनवरी को शोकिन इंटरनेशनल स्कूल चावला दिल्ली में आयोजित होने जा रही है, जिसमें देशभर से चुनिंदा ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लेंगे। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का चयन उनके शानदार खेल कौशल, कठोर मेहनत व कई सफल प्रदर्शनों के आधार पर किया गया है। यह खिलाड़ी 24 जनवरी को दिल्ली के लिए रवाना होंगी और अगले दिन चैंपियनशिप में अपने दमखम का लोहा मनवाएंगी। एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि मानसी राणा ने पिछले कई महीनों से जिस अनुशासन व मेहनत के साथ अपनी तैयारी को निखारा है, वह निश्चित तौर पर उसे इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन तक पहुंचाएगा। क्षेत्रवासियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में इनके चयन से उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों व बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि मानसी राणा अपने माता-पिता गुरुजनों स्कूल क्षेत्र व जिला सहित राज्य का नाम एक बार फिर से राष्ट्रीय मंच पर चमका कर लौटेगी। इसके अलावा इस बार मानसी राणा के साथ पंजाब की अमरित कौर, तनिक्षा धीमान, पुरनीत धीमान, हिमाचल प्रदेश के नवीन, सौरभ डोगरा, शिवाय ठाकुर, गुरप्रित सिंह भी इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



# खिचड़ी व कुल्लवी पकवानों की खुशबू से महकी घाटी

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्योहार, लोगों ने लगाई तीर्थ स्थलों में आस्था की डुबकी

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा कुल्लू।** जिला कुल्लू में बुधवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह ही लोगों ने जहां ब्रम्हा मुहूर्त में जिला के विभिन्न तीर्थ स्थानों में जहां श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई। वहीं, उसके बाद अपने घरों में अलग-अलग तरह के कुल्लवी व्यंजनों के अलावा खिचड़ी बनाई और मेहमानबाजी का दौर भी शाम तक जारी रहा।

घाटी पहाड़ी व्यंजनों और देसी घी व खिचड़ी की खूश्बू से महक उठी। वहीं, जिलाभर के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय कुल्लू के रघुनाथपुर स्थित रघुनाथजी के मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई। दोपहर के समय भगवान रघुनाथजी के पुजारियों ने सबसे पहले रघुनाथजी, सीता माता, व भगवान नरसिंह जी को खिचड़ी का भोग लगाया और उसके पश्चात पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों ने भी खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ रही और भजन कीर्तन का दौर भी लगातार जारी रहा। रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि हर वर्ष माघ माह के पहले प्रविष्ट मकर सक्रांति के मौके पर रघुनाथ मंदिर में खिचड़ी बनाई जाती है और सबसे पहले भगवान रघुनाथ जी को भोग लगाने के बाद खिचड़ी को प्रसाद के रूप में भक्तों को परोसा जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी परंपरा का बखूबी निर्वहन किया गया और परंपरानुसार पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों ने अलावा सभी भक्तों ने प्रसाद चखा। उधर, जिलाभर में लोगों ने एक-दूसरे को जौ की दूब भेंट की और देवी-देवताओं के साथ-साथ बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। वहीं अधिकतर मंदिरों में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से संक्रांति की शुभ बेला में अपने-अपने देवालय लौटे जबकि कुछेक घाटी के देवता फाल्गुन की संक्रांति को अपने देवालय लौटेंगे। जिला में देवताओं ने गुर के माध्यम से देवी-देवताओं ने भविष्यवाणियां भी की।


मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ों को दूब देकर आशीर्वाद लेते हुए। अनंत ज्ञान

- **कुल्लू में एक माह के बाद खुले कुछ मंदिरों के कपाट**
- **भगवान रघुनाथ जी को भी लगा खिचड़ी का भोग**

मकर संक्रांति के दिन जिला कुल्लू के विभिन्न तीर्थ स्थलों वशिष्ठ, मणिकर्ण, ब्यास-पार्वती संगम स्थल जिया भुंतर सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों में श्रद्धालु संक्रांति का स्नान करके पुण्य कमाया। उधर, जिला के बंजार में लोग हर वर्ष अलग अंदाज में मकर संक्रांति मनाते हैं। बंजार के कुछ क्षेत्रों में सुबह चार बजे उठकर एक स्थान पर एकत्र होने के पश्चात लोग ढोल नगाड़ों की थाप पर प्राकृतिक जल स्त्रोत तक अंधेरे में मशालों के साथ गए और वहां पर प्राकृतिक जल स्त्रोत में संक्रांति का स्नान किया। इसके अलावा पुरातन गांव मलाणा में माइनस तापमान के बीच लोगों ने माघी साजे के मौके पर नल के पानी में सक्रांति का स्नान कर पुण्य कमाया।

जिले का मलाणा गांव अपने ऐतिहासिक रीति रिवाजों के लिए देश व दुनियाभर में प्रसिद्ध है और यहां पर देव आदेश ही सर्वोपरि माना जाता है। मलाणा पंचायत के प्रधान राजूरामजी व उप प्रधान रामजी ठाकुर ने बताया कि गांव में स्नान के साथ ही सभी घरों में खिचड़ी बनाई गई। वहीं, दोपहर के समय देवस्थल के समीप हर घर से कुछ न कुछ सामान जिसमें बिस्कुट, फल आदि सामान एक जगह एकत्र कर बाद में उसे लोगों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि पोष माह से जिला के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर थे, कुछ देवी देवता जहां वापिस लौट आए हैं जिससे सक्रांति पर कुछ मंदिरों में पूजा पाठ व अन्य देव कार्य शुरू हो गए हैं।

# मकर संक्रांति पर शमशरी महादेव मंदिर में रही धूम

## देववाणी में 2026 के लिए सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की भविष्यवाणी

अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी के प्राचीन एवं ऐतिहासिक शमशरी महादेव मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित देववाणी एवं धार्मिक अनुष्ठानों में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर देव आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा और चारों ओर 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे।

मकर संक्रांति पर्व पर देवता के गूर द्वारा नववर्ष 2026 की देववाणी सुनाई गई, जिसमें देवी-देवताओं के आशीर्वाद से क्षेत्र में अच्छी फसल, सुख-शांति और समृद्धि का संकेत दिया गया। देववाणी में यह भी कहा गया कि आउटर सराज क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों की आस्था और अधिक मजबूत होगी। भाईचारे, आपसी सहयोग और देशप्रेम के बल पर भारत विश्व पटल पर अपनी सशक्त पहचान बनाए रखेगा—ऐसा संदेश भी देववाणी के माध्यम से दिया गया।


मकर संक्रांति के अवसर पर शमशरी महादेव मंदिर में देववाणी के दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर देवता शमशरी महादेव के 13 सियानों, कारदारों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर नए वर्ष की कार्ययोजना तैयार की।

इसमें आगामी मेलों, त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। परंपरा के अनुसार अब आगामी पंद्रह दिनों तक मंदिर में कोई भी धार्मिक कार्य संपन्न नहीं होगा। इस अवधि के बाद देवता स्वर्ग यात्रा से लौटकर पुनः अपने मंदिर में विराजमान होंगे। मकर संक्रांति के अवसर पर आनी क्षेत्र के देऊरी माता, खेगसू माता, बूढ़ी नागिन, बाड़ी दुर्गा माता, शैलपुत्री माता, कुइंर देवता सहित सभी प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से दोपहर करीब 12 बजे तक मंदिर परिसरों में पांव रखने तक की जगह नहीं थी, जबकि शाम के समय भीड़ में कुछ कमी आई।

# बिजली महादेव रोपवे को लेकर कंपनी व सरकार ने जवाब के लिए मांगा अतिरिक्त समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बिजली महादेव रोपवे को लेकर जवाब देने के लिए निर्माणाधीन कंपनी और सरकार ने अतिरिक्त समय मांगा है। पिछली सुनवाई में एनजीटी ने कंपनी और सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। मंगलवार को बिजली महादेव रोपवे से संबंधित मामले की एनजीटी में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बिजली महादेव रोपवे के संबंध में एनएचएआई, निर्माण कर रही कंपनी के अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त समय मांगा, जिसे एनजीटी ने स्वीकार करते हुए जवाब देने के लिए समय दिया, अब मामले की अगली सुनवाई की तारीख 18 मार्च को रखी गई है। बिजली महादेव रोपवे के लिए कायल के 67 हरे पेड़ कटने के बाद मामला एनजीटी में पहुंचा था। बिजली महादेव रोपवे के विरोध में एनजीटी में याचिका दायर हुई है। एनजीटी में प्रदेश सरकार व निर्माण करने वाली कंपनी अभी तक ठोस जवाब नहीं दे पाए हैं। बहरहाल, यह देखने वाली बात होगी कि आखिर एनजीटी में बिजली महादेव रोपवे का निर्माण कर रही कंपनी व सरकार क्या जवाब दायर करती है। एनजीटी में मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अजय मरवाह ने कहा कि अब मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली का दिया निमंत्रण


डीसी कुल्लू शरदोत्सव मनाली का सीएम को निमंत्रण देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** डीसी एवं अध्यक्ष, राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली तोरुल एस रवीश ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2026 के भव्य शुभारंभ के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रण दिया।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को शरदोत्सव के आयोजन, कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2026 का आयोजन 20 से 24 जनवरी तक पारंपरिक उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया जाएगा। डीसी ने कहा कि राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव मनाली हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

इस महोत्सव से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को भी लाभ प्राप्त होगा।

# रिवालसर में 25 जनवरी को कैंसर जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लला मेमे फाउंडेशन और 'प्रोजेक्ट कॉज' संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 25 जनवरी को रिवालसर में एक विशेष कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता, विशेषकर महिलाओं को कैंसर के लक्षणों, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना है लला मेमे फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रसिद्ध समाजसेवी हरमीत सिंह बिट्टू की विशेष सेवाएं ली जाएंगी। शिविर की रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित बैठक में फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर चंद्र मोहन परशीरा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी स्वयं राम, वरिष्ठ पत्रकार शाम आजाद, रक्तदान शिविर संयोजक प्रेम लाल और रिवालसर गोम्पा के अध्यक्ष रमेश फ़रका ने भाग लिया। 'प्रोजेक्ट कॉज' की चेयरपर्सन सुरजीत चटर्जी ने बताया कि शिविर में दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के विख्यात विशेषज्ञ डॉक्टर सुमित गोयल मुख्य परामर्शदाता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# लारजी व दलासनी के जंगलों में भड़की आग, लपटें पहुंची ग्रामीण क्षेत्रों में

अनंत ज्ञान

**सैंज।** सराज वन मंडल के लारजी बीट में मंगलवार देर रात से आग भड़की हुई है तथा बुधवार को आग ने विकराल रूप धारण करते हुए दलासनी बीट में भी प्रवेश कर दिया है।

करीब बीस हेक्टर क्षेत्र में फैली आग ने अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख़ कर दिया है जबकि एशिया की सबसे बड़ी विद्युत परियोजना पार्वती कोल डैम बिजली लाइन के टावरों को भी आग ने अपनी चपेट में लिया। हालांकि टावरों को ज्यादा नुकसान तो नहीं हुआ किंतु शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में लगाई आग ने बिजली के टावरों को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। पार्वती कोल्ड डैम ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि जंगलों में फैली आग ने तबाही मचाई हुई है। ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने बिजली टावरों के आसपास की आग को बुझाने में सफलता हासिल की है अन्यथा करोड़ों का नुकसान हो जाता। स्मरण रहे कि बंजार वन मंडल में बहुमूल्य वन संपदा का आग से धू-धू कर जल ने का सिलसिला शुरू हो गया है। शाम ढलते ही कुछ शरारती तत्व व शिकारी किस्म के लोग जंगलों में आग लगा देते हैं। एक तरफ ऊपर से सूखा और कई महीनो से जंगलों में बारिश न होने से जंगल खूब दहकने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं और कुछ शरारती तत्व व शिकारी किस्म के लोग शिकार के लिए घास को आग लगाते है ताकि उनका शिकार करने में आसानी हो। मंगलवार देर शाम शरारती लोगों ने सैंज के लारजी वन बीट में आग लगा दी जिस कारण आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे जंगल को तबाह कर डाला। वन विभाग की टीम ने स्थानीय के साथ मिलकर अभियान चलाया तथा आग को काबू पा लिया, अन्यथा पंचायत के तीन गांव आग की चपेट में आ सकते थे।


जंगल में भड़की आग। अनंत ज्ञान

> **जंगलों** में आग लगाने वाले शरारती लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग आग की आपदा से निपटने के लिए हर समय तत्पर है।
> **मनोज कुमार, वन मंडल अधिकारी, सराज वन मंडल बंजार।**

वन परिक्षेत्र अधिकारी सैंज लेनिन शर्मा ने बताया कि वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है तथा शरारती लोगों की पहचान की जा रही है। उधर पंचायत प्रधान कुबेर सिंह ने बताया कि स्वार्थी लोगों की वजह से वनों में असंख्य जीव जंतुओं, वनस्पतियों के अतिरिक्त नन्हे पेड़ पौधों को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। पंचायत प्रधानों, समाज सेवकों व पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग से मांग की है कि शरारती तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि घाटी के वनों की रक्षा की जाए। फिलहाल बंजार व सैंज के जंगल आग से सुरक्षित नहीं है तथा शाम ढलते ही रोजाना वनों में आग लग रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिकर्ण घाटी में ठंड से पंजाब के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की पार्वती वैली में पुलिस थाना मणिकर्ण के तहत भुर्जी नामक स्थान पर पंजाब के एक व्यक्ति की ठंड में अकड़ने के कारण मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने एक व्यक्ति की मौत की सूचना दी थी, जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। यह व्यक्ति पिछले करीब 40 साल से पुलगा गांव के समीप भुर्जी में टैंट में रह रहा था। मौत के पीछे ठंड से व्यक्ति का अकड़ना कारण माना जा रहा है। मृतक की पहचान रविंद्र कुमार (65) पुत्र भगवान दास निवासी मकान नंबर 7 करतारपुर जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू मदन लाल ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### जयराम ठाकुर सम्मेलनों में होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 16 जनवरी शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा सम्मेलन भाजपा कुल्लू और 17 जनवरी को भाजपा मनाली की बैठक में कटराई शुभम होटल में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वह विकसित भारत ग्रामीण आजीविका मिशन के जागरूकता अभियान में भी भाग लेंगे। कहा कि विपक्षी दलों ने इस योजना को लेकर आम जनता के बीच भ्रांतियां फैलाने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि इन भ्रांतियों को दूर करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर जिले में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कांग्रेस की योजना से तुलना करते हुए कहा कि जहां कांग्रेस ने 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी थी, वहीं केंद्र सरकार ने इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया है। उन्होंने मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले 200 से अधिक बिखरे हुए कार्य थे, जिन्हें अब चार मुख्य सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

# विधायक भुवनेश्वर ने मनाली अस्पताल में आधुनिक मशीनों का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली सिविल अस्पताल में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अत्याधुनिक मशीनों का शुभारंभ किया।

भुवनेश्वर गौड़ ने अल्ट्रा साउंड 22 लाख , सिया आर एम मशीन हड्डियों के उपचार के लिए 27 लाख की राशि तथा एलाइन दुहांगन की और से तथा महिलाओं के उपचार के लिए लेप्रोस्कॉपी मशीन 5 लाख 50 हजार की राशि से एन एच एम की और से दी गई है। गौड़ ने कहा कि मनाली सिविक अस्पताल हिमाचल में पहला अस्पताल है जहां पर यह अतिआधुनिक मशीनें स्थापित की गई है । गौड़ ने बताया कि मनाली सिविल अस्पताल में सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद भरे गए है तथा सर्जन है तथा सिविल अस्पताल में उपचार के लिए और ऑपरेशन के लिए लाहौल स्पीति, खिलाफ , पांगी, भरमौर कुल्लू और मंडी से भी उपचार की लिए आ रहे है। कहा कि आज मनाली में आने वाले वाले लाखों सैलानी अच्छा उपचार के लिए मनाली सिविल अस्पताल में उपचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनका प्रयास है कि मनाली विधानसभा क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। गौड़ ने कहा कि जल्द ही मनाली सिविल अस्पताल में सिटी स्कैन और एम आर आई की मशीन स्थापित की जाएगी । उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि मनाली विधानसभा की और विशेष ध्यान है तथा मनाली के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं जो भी डिमांड वह विधायक की और से करते है उसे मुख्यमंत्री बिना किसी रोक टोक के करते है। इस अवसर पर उनके साथ महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी, नगर परिषद के पार्षद नवीन तनबर , चीफ मेडिकल अधिकारी रंजीत बौद्ध, बीएमओ मनाली डॉ. करण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।


विधायक भुवनेश्वर मनाली अस्पताल में मशीनों का उद्घाटन करते हुए। अनंत ज्ञान

## गोविंद सिंह के आरोपों को नकारा

**मनाली।** मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बुधवार को मनाली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 3 सालों में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनाली के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 500 करोड़ से अधिक की राशि मनाली विधानसभा के लिए अर्जित की है। उन्होंने कहा कि आज मनाली विधानसभा में 325 करोड़ की लागत से सीवरेज का कार्य प्रगति पर है बाईपास सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है।

इसके अलावा रांगड़ी में 15 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है । पूर्व विधायक और मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर पर जमकर बरसते हुए उन्होंने कहा की पूर्व विधायक ने बिना बजट के प्रावधान से आचार संहिता लगने से एक दिन पूर्व अनेक संस्थाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जबकि उन संस्थाओं के लिए ना ही बजट का प्रावधान था और न ही भूमि अधिग्रहण की गई थी। उन्होंने कहा कि भेखली गांव में चुनावों से ठीक पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया जबकि न वहां भवन था और न ही बजट का प्रावधान किया गया था इसी तरह एक सड़क का भी शिलान्यास किया गया जिसमें न तो भूमि अधिग्रहण की गई और न ही कोई धन का प्रावधान किया गया था आज तक उसे सड़क के लिए कोई बजट का प्रावधान नहीं है सिर्फ चुनाव में लोगों को लुभाने के लिए इस तरह के कार्य किए गए इसी तरह लोग निर्माण विभाग का एक बोर्ड मिला है जिस में बाहग से कृष्णापुर तक वहां योग्य पुल का निर्माण बताया गया है द्य जब कि वहां पर पुल के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगाई गई है द्य पूर्व भाजपा सरकार ने इस तरह के अनेक कार्य किए हैं, जो सिर्फ लोगों को लॉलीपाप के लिए किया है। पूर्व विधायक और मंत्री आजकल अनरग़ल आरोप लगा रहे हैं अगर उन्हें विकास पर कोई चर्चा करनी है तो कहीं भी बैठकर आपस में बैठकर इस पर चर्चा की जा सकती है उन्होंने कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह की सरकार बनी है मनाली पूरी तरह से विकास के पद पर अग्रसर है ।

# गुणवत्ता नियंत्रण व विपणन की मिली जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएएसी ग्रेड 'ए' से मान्यता प्राप्त टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (टीआईएएस), रोहिणी, दिल्ली द्वारा 10 से 15 जनवरी 2026 के दौरान एक औद्योगिक-सह-शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, उद्योग से सीधा संपर्क तथा पेशेवर दक्षताओं से परिचित कराना था। इस शैक्षणिक भ्रमण में एमबीए, बीबीए, बीसीए एवं बीए जर्नलिज़्म एंड मास कम्युनिकेशन (बीएजेएमसी) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश की प्रमुख औद्योगिक, आईटी एवं मीडिया संस्थाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। एमबीए एवं बीबीए के विद्यार्थियों ने कैच फैक्टरी का भ्रमण किया, जहां उन्हें उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीतियों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी सिक्स ब्वॉयज अरसू के नाम


लोहड़ी पर्व के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**निरमंड।** ग्राम पंचायत बाड़ी के गांव पाली में द्वितीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 15 टीमों ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चली रही। कड़े संघर्ष के बावजूद इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिक्स ब्वॉयज अरसू, जबकि द्वितीय स्थान जिला शिमला के क्यावबील ने हासिल किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन में विभिन्न महिला मंडल एवं स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से समा बांधा। लोकगायक निखिल ने भी अपनी आवाज़ से सभी को नचाया। प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम के समापन समारोह में समाजसेवी गुर दास जोशी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को ईनाम वितरित किए एवं महिलामंडलों को ईनाम से नवाजा।

मुख्यातिथि ने अपने अभिभाषण में नशे से दूर रहने की अपील की, और क्षेत्र में इस पहल को शुरू करने के लिए युवा मंडल पाली की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। गांव के बुजुर्गों एवं अन्य कलाकारों को भी ईनाम से नवाजा गया। क्लब के प्रधान आदित्या ने मुख्यातिथि व सभी ग्रामवासियों, महिला मंडलों और खिलाड़ियों का धन्यवाद किया।

**मांग** डोभी पुल बाजार में गति अवरोधक लगाने की लोगों ने उठाई मांग

# तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ा हादसों का खतरा

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** डोभी पुल बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ते छोटे वाहनों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाना अब बेहद जरूरी हो गया है। डोभी पुल बाजार कुल्लू घाटी की सबसे पुरानी और व्यस्त मार्किटों में से एक है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण लंबे समय तक भारी यातायात का दबाव झेलती रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर नया पुल बनने के बाद बाजार क्षेत्र से बसों और भारी वाहनों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है, जिससे लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है। इसके बावजूद छोटे वाहन, निजी कारें और दोपहिया वाहन बाजार क्षेत्र में अत्यधिक तेज गति से गुजर रहे हैं। संकरी सड़क और बाजार में लगातार आवाजाही के चलते यह स्थिति बेहद खतरनाक बनती जा रही है। डोभी पुल बाजार से रोजाना स्कूली बच्चों का पैदल आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा बुजुर्ग, महिलाएं और स्थानीय व्यापारी भी दिनभर सड़क किनारे आवाजाही करते रहते हैं। बाजार में दुकानों के सामने ही सड़क होने के कारण अचानक कोई वाहन तेज रफ्तार में आ जाए तो हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक बाजार क्षेत्र को खुला मार्ग समझकर तेज गति में निकल जाते हैं, जिससे राहगीरों को जान बचाकर किनारे हटना पड़ता है।


डोभी पुल बाजार में वाहन चलते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

स्थानीय व्यापार मंडल और ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस स्थान पर छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

लोगों का मानना है कि यदि समय रहते एहतियाती कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी को लेकर डोभी पुल बाजार के लोगों ने संबंधित विभाग से बाजार क्षेत्र में कम से कम तीन स्थानों पर गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर लगने से वाहनों की गति नियंत्रित होगी और पैदल चलने वालों को सुरक्षित सड़क पार करने में सुविधा मिलेगी।

इसके साथ ही चेतावनी संकेतक बोर्ड और सड़क पर गति सीमा अंकित करने की भी मांग की जा रही है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई करने की अपील की है। उनका कहना है कि डोभी पुल बाजार केवल व्यापार का केंद्र ही नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। लोगों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग जनहित को देखते हुए जल्द गति अवरोधक स्थापित कर संभावित हादसों पर अंकुश लगाएगा।

# मनाली टैक्सी यूनियन सख्त, ऑनलाइन फर्जीवाड़े पर अब कसा जाएगा शिकंजा

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली टैक्सी यूनियन के नाम पर ऑनलाइन ठगी और आए दिन होने वाले फर्जी बुकिंग ने आखिरकार मनाली टैक्सी यूनियन को बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। यूनियन ने केवल चेतावनी तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि अब आधिकारिक स्तर पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यूनियन ने मनाली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाकर मांग की है कि यूनियन के नाम पर फर्जी वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों व पोर्टलों के जरिए बुकिंग लेने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। जानकारी के अनुसार कई प्लेटफॉर्म व लिंक यूनियन का लोगो, नाम और पहचान इस्तेमाल कर रहे थे, जिनके जरिए पर्यटकों से एडवांस भुगतान लिया जा रहा था। यूनियन ने इसे सीधा-सीधा मिसयूज और धोखाधड़ी करार देते हुए कहा है कि इस तरह की ठगी न सिर्फ पर्यटकों को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मनाली के पर्यटन की साख को भी भारी नुकसान पहुंचा सकती है। यूनियन ने बताया कि अवैध रूप से डिजिटल बुकिंग करने वाले ऑपरेटरों पर अब साइबर निगरानी बढ़ा दी गई है। इसके लिए साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। यूनियन ने सख्त लहजे में कहा है कि बुकिंग सिर्फ अधिकृत कार्यालय से मान्य होगी और आरटीओ रेट ही मान्य होंगे इसके साथ ही फर्जी प्लेटफॉर्म व बिचौलियों पर कोई भरोसा नहीं किया जाएगा।

उनके अनुसार बिना कार्यालय के की गई बुकिंग को पूरी तरह अवैध माना जाएगा। इसके साथ ही यूनियन ने भी खुद ही मोर्चा संभाल लिया है और प्रमुख पर्यटन स्थलों में निगरानी दलों की तैनाती कर दी गई है। यूनियन का लक्ष्य यह है कि कोई भी अवैध ऑपरेटर पर्यटकों को गुमराह न कर पाए। 'यह लड़ाई न सिर्फ हमारे ऑपरेटरों के हक की है, बल्कि मनाली पर्यटन की प्रतिष्ठा बचाने की है।' इसके साथ ही यूनियन ने पर्यटकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए अपील की है किसी भी अंजान ओर फर्जी लिंक या भ्रामक ब्लॉगर्स, यूट्यूबर, इन्फ्लुएंसर, या अनजान लिंक के जरिए एडवांस पेमेंट न करें और न ही किसी फर्जी साइटों से बुकिंग करें। पर्यटक सिर्फ मनाली स्थित अधिकृत यूनियन काउंटर से ही रसीद के साथ टैक्सी की सेवा लें, ताकि पर्यटकों को किसी भी तरह की कोई परेशानी पेश न आए।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने तीन युवकों से पकड़ा 11 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चिट्टा नशा के खिलाफ पुलिस ने मुहिम जारी रखते हुए तीन युवकों से 11 ग्रामीण चिट्टा बरामद किया। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना कंडाघाट की टीम थाना क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी, तो इसी दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कंडाघाट क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक आल्टो मारुति कार, जो शिमला की ओर जा रही थी, को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान कार में सवार 3 युवकों रजत शरकोट (31 वर्ष) पुत्र स्व. हंस राज निवासी गांव गाहन डाकखाना खुनी तहसील नानखड़ी जिला शिमला, अविनाश सूद (35 वर्ष) पुत्र सुदर्शन सूद निवासी गाँव व डाकखाना नारकंडा तहसील कुमारसेन जिला शिमला तथा निखिल (29 वर्ष) पुत्र स्व. सत्यानन्द निवासी गांव भराड़ा डाकखाना व तहसील ठियोग जिला शिमला के कब्जे से करीब 11 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। जिस सन्दर्भ में पुलिस थाना कंडाघाट में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 21 व 29 के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । मामले में प्रयुक्त आल्टो मारुति कार को जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया है। मामले की प्रारंभिक जाँच के दौरान पाया गया की उक्त तीनो आरोपी काफी समय से चिट्टा तस्करी में शामिल है जो उक्त तीनो से बरामद किये गए चिट्टा/हेरोइन को भी यह सप्लाई करने के लिया ले जा रहे थे। आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है । मामले में आगे की जांच जारी है ।

### 120 पदों के लिए होगा कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने बताया कि सिस इंडिया लि. आरटीए हमीरपुर (Security and Intelligence Services) द्वारा पुरुष वर्ग के 120 पद सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाईजर के रोजगार कार्यालय के माध्यम से भरे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 15 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय राजगढ़, 16 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय सराहां तथा 17 जनवरी को उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, रखी गई है। इच्छुक अभियार्थी आवश्यक दस्तावेज जिसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्थाई हिमाचली प्रमाणपत्र तथा 2 पास पोर्ट साइज फोटो सहित निर्धारित तिथियों में उपरोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 8558062252 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### नारीवाला स्कूल में बच्चों को बांटे ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** युवा व्यवसायी और समाज सेवी रॉबिन पुंडीर व उनकी धर्मपत्नी बबली पुंडीर तथा पूत्री शिवा पूंडीर ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नारीवाला में सभी 30 स्टूडेंट्स को उच्च क्वालिटी के ट्रैक सूट प्रदान किए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान प्रोमिला देवी व समस्त कार्यकारिणी ने रोबिन पुंडीर का धन्यवाद किया और उनके व्यवसाय में उन्नति की कामना की। इस अवसर पर अजोली विद्यालय के केंद्रीय मुख्य शिक्षक संजु कुमार तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नारीवाला के अध्यापक अंजू देवी व दिनेश कुमार और अन्य अभिभावक मौजूद रहे। युवा व्यवसायी रॉबिन पुंडीर पुत्र बलबीर गिरिपार के दुगाना गांव से संबंध रखते हैं तथा वर्तमान में पांवटा साहिब में अपना व्यवसाय चलाते है और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है।

### पूर्व मंत्री सैजल के पिता के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल डॉ. राजीव सैजल के पूज्य पिताजी स्व. सतगुर दास के निधन पर भाजपा सोलन शहरी मंडल ने व्यक्त किया गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हिमाचल प्रदेश व पूर्व कसौली विधायक डॉ. राजीव सहजल के पूज्य पिताजी स्वर्गीय सतगुर दास का शिमला में हृदयाघात के कारण दुखद निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है, जिससे परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वर्गीय सतगुर दास एक सरल, सादगीपूर्ण एवं संस्कारवान व्यक्तित्व के धनी थे। उनका संपूर्ण जीवन पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और नैतिकता को समर्पित रहा। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुखद अवसर पर भाजपा सोलन शहरी मंडल एवं समस्त सोलन जिला भाजपा नेतृत्व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है तथा शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है। पार्टी इस कठिन समय में सैजल परिवार के साथ खड़ी है और ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वे परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस शोक में सोलन जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, परमजीत सिंह पम्मी, केएल ठाकुर, लखविंदर सिंह राणा, डॉ. राजेश कश्यप, गोविंद राम शर्मा, पुरुषोत्तम गुलेरिया, डेजी ठाकुर, मीरा आनंद, बलवीर ठाकुर आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### स्थानीय अवकाश की घोषणा संबंधी शुद्धिपत्र जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिला सिरमौर में तहसील व उपतहसील में मनाए जाने वाले प्रमुख मेलों व त्योहारों के अवसर पर वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश की घोषणा संबंधी शुद्धिपत्र जारी करते हुए बताया कि उप मंडल राजगढ़ के अन्तर्गत तहसील राजगढ़ व उप तहसील नौहरी में श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेला अवसर पर स्थानीय अवकाश 13 अप्रैल के स्थान पर 16 अप्रैल, 2026 को रहेगा। जारी की गई सूची अनुसार तहसील नाहन में 25 मार्च, 2026 को त्रिलोकपुर मेला चैत्र, 20 नवंबर, को श्री रेणुका जी मेला अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। श्री रेणुका जी मेला अवसर पर ही तहसील ददाहू में 19 व 20 नवंबर, तहसील संगडाह, तहसील नौहराधार तथा उप तहसील हरिपुरधार में 21 व 23 नवंबर, 2026 को स्थानीय अवकाश होगा। डीसी ने बताया कि तहसील पांवटा साहिब तथा उप तहसील माजरा में होला-मोहल्ला के अवसर पर 5 मार्च तथा शरद उत्सव के लिए 27 अक्तूबर, 2026 को स्थानीय अवकाश होगा। तहसील कमरऊ में माघी त्योहार अवसर पर 12 जनवरी तथा श्री रेणुका जी मेला अवसर पर 20 नवंबर, 2026 को अवकाश होगा। तहसील शिलाई तथा उप तहसील रोनहाट में माघी त्योहार पर 12 जनवरी तथा बूढ़ी दिवाली अवसर के लिए 9 दिसंबर को स्थानीय अवकाश होगा। इसी प्रकार तहसील राजगढ़ तथा उप तहसील नोहरी में बैसाखी मेला 16 अप्रैल, तथा श्री रेणुका जी मेला पर 20 नवंबर को अवकाश रहेगा। तहसील पच्छाद तथा उप तहसील नारग में वामन द्वादशी मेला 23 सितंबर तथा श्री रेणुका जी मेला के लिए 20 नवंबर, 2026 को अवकाश रहेगा।

# डंपिंग साइट के बिना मलबे के ढेर वाला शहर बनता जा रहा सोलन

## सब्जी मंडी के समीप जगह चिन्हित पर प्रशासन की मंजूरी बाकी, शहर के सौंदर्य को लगा ग्रहण

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** तेजी से होते शहरीकरण के बावजूद सोलन शहर में आज तक डपिंग साइट नहीं बन पाई।

इससे शहर के गली माहौलों में मलबे के ढेर लगे हैं। इससे शहर के सौंदर्य को ग्रहण लगा है। साथ ही नालों में फैंकी जा रही मिट्टी से बरसात का पानी आवासीय कॉलोनी की तरफ आ जाता है, ऐसे में शहर को व्यवस्थित करने के लिए डपिंग साइट की सख्त जरूरत है। शहर में हो रहे भवन निर्माण के बाद निकलने वाला मलबा फेंकना चुनौती बन गया है। ऐसे में लोग सड़क किनारे डपिंग करते हैं जिससे पर्यावरण को भी नुकसान होता है। ऐसा नहीं है कि सोलन नगर निगम ने इसके लिए प्रयास न किए हों, लेकिन जो प्रयास हुए हैं वे जमीनी स्तर पर आज तक नहीं उतर पाए। बीच कई लोग नियमों को ताक पर रख मिट्टी सड़क किनारे ही फेंक रहे है। इससे सबसे ज्यादा बाईपास शामती रोड प्रभावित हो रहा है। यहां



सोलन शहर के इर्द-गिर्द की गई डपिंग। अनंत ज्ञान

दुर्गा पब्लिक स्कूल से आगे तो रोजाना ही लोग बड़े-बड़े टिप्पर के माध्यम से मिट्टी फेक रहे हैं। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि जहां सड़क के दोनों तरफ मिट्टी के ढेर लग चुके हैं। वहीं, सड़क इतनी संकरी होने लगी है कि यहां कभी भी कोई बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। सर्दियों के दिनों में तो स्थिति और खराब हो जाती है। जब रात का फायदा लेकर शातिर मिट्टी को ठिकाने लगा रहे हैं। हालांकि, इस बारे में कई बार ग्रामीणों और ट्रक ड्राइवरों के बीच बहस भी हो चुकी है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

बकायदा कुख लोगों ने तो इस विषय में वन विभाग को भी सूचित करवाया है। बावजूद इसके फिलहाल स्थिति खराब है और लोग यहीं पर ही अपने घरों का मलबा फेंक रहे है।

इससे जहां एकतरफ सुदरता खराब हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ सड़क की हालत भी खस्ता होती जा रही है। लिहाजा न तो लोगों को सुविधा मिल पा रही है और न ही नगर निगम इस दिशा में कुछ कर पा रहा है। गौरतलब है कि सोलन शहर तेजी से बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने शहर में मलबे को डंप करने की समस्या काफी सब्जी मंडी सोलन के पास जगह चयनित की है। फिलहाल इसकी फाइल बनाकर डीसी को भेजी गई है। जैसे ही अप्रूव होगी तो यहां मिट्टी फेंकने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। इस साइट को लेकर नगर निगम द्वारा बनाए गए खाके पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो यदि कोई व्यक्ति डपिंग साइट पर मिट्टी फेंकता पाया जाता है, तो बकायदा उससे टिप्पर, महिंद्रा व वाहन के हिसाब से चार्ज लिया जाना था। इसके लिए पूरी रूपरेखा भी बता दी गई थी, लेकिन अब इसकी फाइल डीसी के पास अटकी हुई है।

> नगर निगम ने मलवा फेंकने के लिए सोलन सब्जी मंडी के पास जगह चयनित की है। बाकायदा इसकी एक फाइल बनाकर सोलन डीसी के पास एनओसी के लिए भेज दी है, अप्रूल मिलने पर डपिंग की समस्या हल होगी।
>
> **गोपी चंद, एसडीओ, नगर निगम सोलन।**

# सिरमौर के गिरिपार के टौरु में शराब परोसने पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** बदलते समय में शादियों और अन्य सामाजिक आयोजनों में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति आम लोगों के लिए आर्थिक बोझ बनती जा रही है। कई परिवार इन आयोजनों के लिए कर्ज लेने या जमीन बेचने तक को मजबूर हो जाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के टौरू गांव के लोगों ने बच्चे के जन्म, शादी, मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में खर्च कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

इन फैसलों में शादी में शराब परोसने पर प्रतिबंध, डीजे एक दिन ही बजाने समेत काम करने वालों के लिए बकरा नहीं काटना मुख्य हैं। गिरिपार क्षेत्र के टौरू गांव के अतर सिंह तोमर, उदय राम तोमर, गंगा सिंह तोमर ने बताया कि ऐसे फैसले लेने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना और अनावश्यक खर्च रोकना है। उन्होंने बताया कि गांव में होने वाली पलटोज पार्टी (शादी के बाद लड़की पक्ष की पार्टी) को सीमित किया जाएगा। अब सिर्फ अपने बेड़े (केवल अपना परिवार और साथ लगते घर) और गांव के प्रमुख लोगों को ही कार्यक्रम में बुलाया जाएगा। गांव में करीब 450 घर हैं, जिसमें अपने गांव से शादी कर गई लड़की उनके बच्चों को मिलाकर तकरीबन 1,000 लोग हो जाते थे। बाहर से मेहमान को अगर जोड़ दें तो संख्या 1,500 से अधिक हो जाती थी। यहां शादी पांच दिन तक चलती है। पहले दिन मामा स्वागत, दूसरे दिन बरात, रात को मुख्य भोज, तीसरे दिन नेवदा रस्म, चौथे दिन पलटोज, पांचवें दिन टोलुवा (जो लोग शादी में हेला प्रथा के तहत निशुल्क काम करते हैं) के लिए भी अलग से भोज दिया जाता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आयोजन बड़ा खर्चीला पड़ता है। ऐसे में कर्ज तक की नौबत आ जाती है। निर्णय लिया गया कि प्रचलित दसूठन (बच्चे के जन्म के बाद होने वाले कार्यक्रम) की परंपरा अब केवल बड़े पुत्र के जन्म पर ही की जाएगी।

जन्म लेने वाले पुत्र या पुत्री के अवसर पर मात्र चार-पांच निकटतम परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। शादी-विवाह में शराब नहीं पिलाई जाएगी।

# मकर संक्रांति पर राजगढ़ में पहाड़ी व्यंजनों की महक

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** मकर संक्रांति का तीन दिवसीय पर्व समूचे राजगढ़ क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

लोगों ने अपने घरों में सर्दी की ठिठुरती ठंड में पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन बनाकर खूब चटकारे लिए। इसके अलावा राजगढ़ के मंदिरों विशेषकर शाया में स्थित शिरगुल देवता के प्राचीन मंदिर में काफी भीड़ देखी गई। माघी पर्व पर राजगढ़ क्षेत्र में लोहड़ी पर आंगन में अलाव जलाकर तिल की रेवड़ी गजक, मूंगफली से अग्नि पूजा करने की कोई परंपरा नहीं है। इस पर्व पर दुल्ला भट्टी और सुंदरी मुंदरी की गाथा नहीं गाई जाती है और न ही बच्चे लोहड़ी मांगते हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार शेरजंग चौहान, रणजीत सिंह तोमर, जगदीश चंद सरोल्टा सहित अनेक लोगों ने बताया कि मकर संक्रांति का त्योहार राजगढ़ में मकर संक्रांति से दो दिन पूर्व आरंभ होता है। इसमें पहले



डिमलाईटी, दूसरे दिन सकलायन और तीसरे दिन माघ की साजी पर पटांडे खीर बनाई जाती है। डिमलाईटी की रात्रि को आटा को गुड़ में पकाया जाता है, जिसे घी के साथ खाया जाता है। जिसे पहाड़ी भाषा में आटा घींडणा बोलते हैं। इस व्यंजन की ताहसीर गर्म होती है और गिरिपार क्षेत्र को यह प्रमुख पहाड़ी व्यंजन है। दूसरे सकलायन होती है। इसमें रात्रि को चावल के आटे की अस्कलियां बनाई जाती है, जबकि कुछ लोग सिड्डू भी बनाते हैं। इस व्यंजन को घी के साथ खाते हैं। माध की साजी को बड़ी साजी कहते हैं। इस दिन गांव में देवी-देवताओं के प्राचीन मंदिरों में पारंपरिक पूजा की जाती है और लोग साजी को अपने कुलदेवता के मंदिर जाकर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं। इनका कहना है कि हिंदू रीति के अनुसार वर्ष का अंतिम त्यौहार है और अंग्रेजी महिने का वर्ष का पहला त्यौहार है । माघी पर्व से दिन बढ़ने और रातें घटने लग जाती है। गिरि नदी के दोनों और सिरमौर व शिमला जिले के क्षेत्रों में वर्ष के दौरान पड़ने वाली चार बड़ी साजी अर्थात बैशाखी, हरियाली, दिवाली और माघ की साजी पर कुल देवी व देवता की पारंपरिक पूजा करने का विशेष विधान है। लोगों की आस्था है कि इन चार बड़ी साजी पर पीठासीन देवता की पूजा से देवी देवता प्रसन्न होते हैं और क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली का सूत्रपात होता है। बदलते परिवेश में ग्रामीण परिवेश में त्योहारों का स्वरूप बदलने लगा है इसके बावजूद भी लोग पारंपरिक त्यौहारों का प्रचलन कायम है जिससे क्षेत्र की संस्कृति का संवर्धन होता है।

# कोटड़ी ब्यास में बार-बार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, नहीं हो पा रही सुनवाई

◆ ग्रामीणों ने विभाग पर लगाया अनदेखी का आरोप

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पावंटा साहिब।** उपमंडल के कोटड़ी ब्यास क्षेत्र के निवासी लगातार हो रही बिजली कटौती से भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दिन में कई-कई बार बिजली गुल हो जाती है, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बार-बार बिजली आने-जाने से घरों में लगे बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, किसानों को सिंचाई में भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बिजली कटौती के कारण मोटर और पंप नहीं चल पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। इस संबंध में शिकायत करने वालों में फूल सिंह, लेख राज, राजेश कुमार, नीरज कुमार, सुलेख चंद, राजकुमार, रूपिंदर सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। वहीं, पंचायत प्रतिनिधियों में अनिल कुमार (उप-प्रधान), शशी बाला (बीडीसी), सतीश, विद्या, किक्कर सिंह, रानो देवी, आशा देवी, शिवानी वार्ड मेंबर, कमल सिंह और देविंदर सिंह ने भी विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुचारू किया जाए, ताकि आम जनता और किसानों को राहत मिल सके। वहीं, इस बारे ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि विभाग को कई बार इस समस्या बारे अवगत कराया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है।

# परवाणू मारपीट मामले में एक और गिरफ्तारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा बीते दिनों पंचकूला के व्यक्ति के साथ हुई मारपीट मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आगामी जांच तथा तकनीकी व अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तथा पीड़ित के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों में शामिल एक अन्य आरोपी राहुल गुज्जर, पुत्र गुरनाम सिंह, निवासी गांव खेड़ावाली, डाकघर लेही, तहसील व थाना कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा), उम्र 20 वर्ष को रेलवे स्टेशन कालका के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त मामले में अब सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही, वारदात में प्रयुक्त लोहे के पाइपों जिससे आरोपियों द्वारा पीड़ित से मारपीट की गई थी। उनकी निशानदेही पर बरामद कर लिए गए हैं। मामले में जांच जारी है।

# तीन साल से झूठ बोल रहे सीएम : शैलेंद्र गुप्ता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू पिछले लगभग तीन वर्षों से लगातार झूठ पर झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

बार-बार यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि केंद्र सरकार से प्रदेश को कोई सहायता नहीं मिल रही, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई है। गुप्ता ने कहा कि सबसे गंभीर और चौंकाने वाली बात यह है कि स्वयं मुख्यमंत्री के दो कैबिनेट सहयोगियों ने सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि केंद्र से प्राप्त धनराशि का योजनाबद्ध तरीके से दुरुपयोग व बंदरबांट की जा रही है। इस कारण आम जनता तक उसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। यह प्रदेश की जनता के साथ खुला धोखा है और सुशासन के दावों पर करारा तमाचा है। भाजपा सोलन शहरी मंडल यह कड़े शब्दों में मांग करती है कि प्रदेश सरकार केंद्र से प्राप्त प्रत्येक रुपए का हिसाब जनता को दे, भ्रष्टाचार और राजनीतिक बंदरबांट पर तुरंत रोक लगाए तथा यह सुनिश्चित करे कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक बिना भेदभाव पहुंचे।

# कंडाघाट अस्पताल में डायलिसिस सेंटर स्थापित करने की मांग

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सिविल अस्पताल में डायलिसिस सेंटर न होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस सेंटर को स्थापित करने की मांग उठाई है। यह सिविल अस्पताल कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में स्थित है। इस अस्पताल पर 20 पंचायत क्षेत्रों सहित करीब 50 हजार आबादी की स्वास्थ्य सेवा का जिम्मा है। दो सौ गांव उपगांव के इलाज के लिए इस अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा नहीं है। क्षेत्र में किडनी और डायबिटीज के बहुत से मरीज हैं, जिन्हें ईलाज के लिए शिमला और चंडीगढ़ जाना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ गरीब लोगों को आर्थिक साधन जुटाना मुश्किल होता है। इस सेंटर को स्थापित करने की मांग पिछले काफी समय से चली आ रही है इसलिए पूर्व मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी राजन उप्पल ने निरीक्षण किया। अस्पताल में इसके लिए स्थान उपलब्ध है। इसके बावजूद यह सेंटर अभी तक स्थापित नहीं हो सका है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव हमिंद्र ठाकुर पूर्व प्रधान, नीशा शर्मा, सीता ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य दयाराम, अजय कुमार, पूर्व प्रधान प्रेम कश्यप, महेश कनौजिया, कलावती कई दर्जन वर्तमान व पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि कंडाघाट अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस सेंटर स्थापित किया जाए, ताकि लोगों को सुविधा के साथ गरीब लोग भी ईलाज करा सकें।

# अवैध बाइक-टैक्सी सेवाओं को लेकर ऑटो चालक लामबंद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन शहर में 'रैपिडो' मोबाइल एप के माध्यम से संचालित हो रही कथित अवैध बाइक-टैक्सी सेवाओं को लेकर शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन सोलन ने मोर्चा खोल दिया है।

यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने इस अवैध गतिविधि पर कड़ा एतराज जताते हुए इसे कानून, यात्री सुरक्षा व स्थानीय रोजगार के लिए गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर सफेद नंबर प्लेट वाली निजी मोटरसाइकिलें खुलेआम यात्रियों को ढो रही हैं, जो मोटर वाहन अधिनियम का सरेआम उल्लंघन है। धर्मपाल ने कहा कि सोलन में ऑटो व टैक्सी चालक वर्षों से नियमों के तहत परमिट, फिटनेस, बीमा और सरकार के खजाने में भारी भरकम टैक्स जमाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं, जबकि बाइक-टैक्सी के नाम पर निजी वाहन बिना किसी वैधानिक अनुमति के सवारियां ढो रहे हैं। यह न केवल अनुचित प्रतिस्पर्धा है, बल्कि मेहनत से कमाने



वाले सैकड़ों ऑटो चालकों के रोजगार पर सीधा प्रहार भी है। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर के नेतृत्व में यूनियन सदस्यों ने डीसी सोलन, पुलिस अधीक्षक सोलन और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि इस पूरे मामले की गहन जांच करवाई जाए। बिना वैध लाइसेंस व परमिट के चल रहे वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए तथा संबंधित कंपनी और इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

यूनियन प्रधान धर्मपाल ने स्पष्ट किया कि यूनियन किसी भी अवैध परिवहन गतिविधि को स्वीकार नहीं करेगी। यूनियन ने डीएसपी अनिल रोलटा को भी मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो यूनियन को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित, यात्री सुरक्षा व स्थानीय परिवहन से जुड़े श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हुए तुरंत कार्रवाई करें। इस अवसर पर यूनियन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे। शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन के प्रधान धर्मपाल ने बताया कि इस अवैध संचालन से राज्य सरकार को भी भारी राजस्व की हानि हो रही है, न तो इन सेवाओं से कोई व्यावसायिक कर वसूला जा रहा है और न ही परमिट शुल्क। इससे एक ओर जहां नियमों का पालन करने वालों के साथ अन्याय हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए यूनियन प्रधान ने कहा कि बिना कमर्शियल बीमा व पंजीकरण के चल रही बाइक-टैक्सी सेवाओं में यात्रा करना जोखिम भरा है।

# कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों ने जीते पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी द्वारा संचालित दो कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-अटारी), जोन-1, लुधियाना के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।



केवीके लाहौल एवं स्पीति-II, ताबो के प्रमुख डॉ. आरएस सिपहिया को प्रभावी नेतृत्व, प्रतिबद्धता तथा फ्रंटलाइन विस्तार कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन और कृषि अनुसंधान व ज्ञान प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए अभिनव रणनीतियों के लिए परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया। पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से केवीके में सेवाएं दे रहे डॉ. सिपहिया ने सेब एवं मटर जैसी स्पीति की विशिष्ट फसलों के विपणन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील शीत मरुस्थलीय क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में योगदान दिया है। प्राकृतिक विधियों से तैयार 120 सेब पौधों की 9 लाख में नीलामी हुई तथा इन्हें राज्य सरकार से सितारा प्रमाणन भी प्राप्त हुआ। किसानों के हित में डॉ. सिपहिया ने केवीके में फूड प्रोसेसिंग प्रयोगशाला को भी क्रियाशील बनाया, जिससे अधिशेष व विपणन योग्य न होने वाले फलों का मूल्य संवर्धन संभव हो सका। एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त होने के बाद इस इकाई ने लाखों रुपए का राजस्व अर्जित करना शुरू कर दिया है और आगामी वर्ष तक इसके आत्मनिर्भर बनने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, स्पीति घाटी में किए गए व्यापक ऑन-फार्म परीक्षणों और फ्रंट लाइन प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय की पैकेज ऑफ प्रैक्टिस में नवोन्मेषी तकनीकों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर केवीके सोलन (कंडाघाट) की टीम डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. मीरा देवी एवं डॉ. आरती शुक्ला को उच्च मूल्य फसल उत्पादन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा विविधीकरण मॉडल विषय के अंतर्गत आय सृजन हेतु विविधीकृत समशीतोष्ण बागवानी पर प्रस्तुत पोस्टर के लिए सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पोस्टर के माध्यम से गांव धारों की धार के कृषि उद्यमी करन सिंह की सफलता गाथा प्रस्तुत की गई। जोन-1 के 72 केवीके से प्राप्त प्रविष्टियों में से चयनित इस प्रस्तुति में उच्च मूल्य नर्सरी, उच्च सघनता सेब बागवानी, ब्लूबेरी तथा कार्नेशन उत्पादन जैसे उनके अभिनव उद्यमों को दर्शाया गया। केवीके सोलन के सहयोग से विकसित उनकी उपलब्धियों को परिश्रम एवं नवाचार का अनूठा उदाहरण बताते हुए हिमाचल प्रदेश के युवा किसानों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया। यह पुरस्कार मुख्यातिथि प्रो. राजेश्वर एस चंदेल, कुलपति, यूएचएफ नौणी; डॉ. परविंदर, निदेशक, आईसीएआर अटारी, जोन-I. डॉ. गुरबचन सिंह, पूर्व अध्यक्ष, एएसआरबी, डॉ. नचिकेत कोतवालिवाले, निदेशक, आईसीएआर सिफेट, लुधियान व डॉ. पीएस बिर्थल, पूर्व निदेशक, आईसीएआर राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की उपस्थिति में प्रदान किए गए।

# कल होगा 'मनरेगा बचाओ संग्राम'

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की विधानसभा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 16 जनवरी 2026 को 'मनरेगा बचाओ संग्राम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समन्वयक हिमराल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्की के पूर्व महासचिव कमलेश शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए जा रहे संशोधनों, मजदूरों के अधिकारों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में की जा रही कटौती के प्रयासों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना एवं शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज करना है। समन्वयक हिमराल ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम जनता से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना गरीब, मजदूर एवं ग्रामीण परिवारों की आजीविका से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसे कमजोर करने का हर प्रयास जनविरोधी है। इसकी रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

**निर्देश** अग्निकांड प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया जायजा, प्रभावितों से की मुलाकात

# सरकार अग्निकांड प्रभावितों के साथ: विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोलन जिले के अर्की में गत दिनों हुए दुखद अग्निकांड घटना स्थल पर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें यथा सम्भव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमादित्य सिंह ने अर्की बाजार में इस दु:खद घटना में जान-माल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अर्की का यह बाजार ऐतिहासिक है और यहां ऐसी घटना होना दुखद है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रभावितों को फौरी राहत मुहैया करवा दी गई है और भविष्य में भी यथासम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन तथा बचाव दलों की टीमों से बातचीत कर घटना तथा राहत एवं बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि



अर्की में हुए अग्निकांड घटना स्थल पर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेने पहुंचे लोक निर्माण मंत्री विक्रमदित्या सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए एहतियाती उपाय अपनाने आवश्यक हैं। इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

आपातकालीन स्थिति की तैयारी के लिए भविष्य के अनुसार कार्य योजना तैयार करना आवश्यक है। इस दिशा में सभी विभागों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि अग्निकांड में प्रभावित सभी लोगों को फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। उन्होंने अग्निकांड के प्रभावित दुकानदारों को उचित सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। विक्रमादित्य सिंह ने आग बुझाने में स्थानीय युवाओं के साहसिक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्की शहर के लिए 11 करोड़ रुपए की अमृत 2 योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के तहत अर्की शहर में हाईड्रेंट का प्रावधान भी किया जाएगा, ताकि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग किया जा सके। लोक निर्माण मंत्री ने तदोपरांत लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर राज्य महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जैनब चंदेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, नगर पंचायत अर्की के उपाध्यक्ष पदम देव कौशल, पार्षदगण, पंचायत समिति सदस्य शशिकांत शर्मा, ग्राम पंचायत देवरा के प्रधान रूप सिंह ठाकुर, उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, लोक निर्माण विभाग अर्की के अधिशाषी अभियंता कृष्णकांत चौहान, प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड अर्की के अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार, जल शक्ति विभाग अर्की अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति व स्थानीय लोग उपस्थित थे।




# के-कंपनी से मुक्ति मांग रहा पंजाब : अनुराग ठाकुर

## बोले-'आप' सरकार गुरुओं की बेअदबी करने वालों का कर रही सम्मान

अनंत ज्ञान



**बठिंडा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बठिंडा स्थित माघी मेले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और अन्य गणमान्यों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर कठोर आलोचना करते हुए कहा कि जनता की खुशहाली खतरे में है और राज्य अराजकता, नशा, अपराध और भ्रष्टाचार की चपेट में है।

ठाकुर ने कहा कि पंजाब को अब पंच-फ्रंट पर लड़ाई लड़नी होगी। आप सरकार ने के-कंपनी, अपराध और नशे को बढ़ावा दिया है। पुलिस राजनीतिक इशारों पर काम कर रही है और पत्रकारों व आरटीआई कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। दिल्ली से आए नेताओं द्वारा सिख गुरुओं का अपमान और सरकार का उनका बचाव अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, अपराध और गोलीबारी बढ़ गई है। व्यापारियों में भय व्याप्त है और लोगों की सुरक्षा नहीं है। ठाकुर ने चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कभी साथ, कभी अलग होकर जनता को भ्रमित करती हैं।

उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सिख धर्म और विरासत की सुरक्षा, वीर बाल दिवस की स्थापना, करतारपुर कॉरिडोर और धार्मिक स्थानों पर सुविधाओं के माध्यम से सरकार ने सिख समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा 'विरासत भी, विकास भी' के मंत्र पर चल रही है और पंजाब को खुशहाल व सुरक्षित बनाने के लिए जनता को जागरूक होकर निर्णय लेना होगा। अब समय आ गया है कि पंजाब अपनी सुरक्षा, संस्कृति और भविष्य के लिए सचेत हो।

# चंडीगढ़ में श्रद्धा से मनाया 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आज चंडीगढ़ में 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा में बलिदान देने वाले शहीदों और राष्ट्र सेवा में समर्पित पूर्व सैनिकों के शौर्य, पराक्रम और त्याग को नमन किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन 1953 में भारत के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा सेवानिवृत्त हुए थे।

कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, यूटी चंडीगढ़ द्वारा किया गया, जिसमें चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद, आईएएस मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों से अपने स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर वीर नारियों और शौर्य एवं विशिष्ट सेवा पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया।

उपायुक्त, सह-अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड निशांत कुमार यादव ने पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए उनके साहस और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इससे पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हरजीत सिंह घुमन ने स्वागत भाषण में कल्याणकारी योजनाओं में की गई बढ़ोतरी और सैनिक विश्राम गृह के नवीनीकरण की जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में ईडब्ल्यूएस आय सीमा बढ़ी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपए कर दिया है। यह फैसला केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, जिससे अधिक परिवारों को आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से बुधवार को इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। संशोधित आय सीमा राज्य में सिविल पदों व सेवाओं में प्रत्यक्ष भर्ती के साथ-साथ सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए लागू होगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 25 फरवरी 2019 को जारी आदेशों के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आय सीमा छह लाख रुपये प्रतिवर्ष तय की गई थी। अब इसकी समीक्षा के बाद सरकार ने इसे बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि आय सीमा में संशोधन के अतिरिक्त, ईडब्ल्यूएस से जुड़े अन्य सभी नियम और निर्देश पूर्ववत ही लागू रहेंगे।

### झज्जर में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की टीम ने बुधवार को गांव परनाला और बहादुरगढ़ शहर की भूमि पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई विभागीय नियमों के तहत की गई, जिसमें अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया गया। डीटीपी अंजू जून ने बताया कि राजस्व संपदा में किए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। करीब 17 एकड़ क्षेत्र में फैली पांच अवैध कॉलोनियों में 13 ढांचों, तीन प्रॉपर्टी डीलर कार्यालयों, 60 डीपीसी और लगभग 1500 मीटर सड़क नेटवर्क को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान एचएसआईआईडीसी बहादुरगढ़ के कार्यकारी अभियंता राजीव डागर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर बहादुरगढ़ के एसडीएम अभिनव सिवाच ने आम जनता से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें, क्योंकि ऐसे मामलों में भविष्य में गंभीर कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य अवैध निर्माण पर रोक लगाना और सुनियोजित विकास को बढ़ावा देना है। उधर, गांव लुहारी और कुलाना में भी जिला प्रशासन ने बिना लाइसेंस और तय प्रक्रिया के काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर कड़ा संज्ञान लिया है। डीटीपी कार्यालय के अनुसार इन क्षेत्रों में न तो कोई लाइसेंस, सीएलयू और न ही एनओसी प्राप्त की गई थी।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्योहार



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्कूल सेक्टर-20बी चंडीगढ़ ने स्कूल कैंपस में बड़े उत्साह के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया। शिक्षकों ने पारंपरिक कपड़े पहनकर सेलिब्रेशन में हिस्सा लिया, जिससे एक जीवंत और उत्सव का माहौल बन गया। इस कार्यक्रम में लोहड़ी के सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया गया और एकता और परंपरा के मूल्यों को बढ़ावा दिया गया। स्कूल मैनेजमेंट ने सेलिब्रेशन को सार्थक और यादगार बनाने में स्टाफ के प्रयासों की सराहना की।

# कैथल के रजबाहे में मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, कैथल।** कैथल जिले के पूंडरी क्षेत्र में एक रजबाहे से करीब 34 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। रजबाहे के पास से गुजर रहे लोगों ने जब शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पूंडरी चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मृतक की पहचान पिहोवा निवासी करीब 34 वर्षीय शिव कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से कुछ परेशान था और मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। फिलहाल उसकी मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस मामले में पुलिस ने पूंडरी के एमसी राम प्रसाद के बयान के आधार पर इत्तफाकिया मौत की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पूंडरी चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, शव को रजबाहे से बाहर निकलवाया गया और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत ठंड के कारण हुई हो सकती है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# सीएम सैनी के हिसार दौरे को लेकर धारा-163 लागू

अनंत ज्ञान

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 15 जनवरी को प्रस्तावित हिसार दौरे के मद्देनजर जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। जिलाधीश महेंद्र पाल ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहित सभी कार्यक्रम स्थलों को ड्रोन नियम-2021 के तहत रेड जोन घोषित करते हुए निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार वीवीआईपी मार्गों व कार्यक्रम स्थलों के आसपास बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के दो किलोमीटर के दायरे में लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, आग्नेय शस्त्र अथवा किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर रोक रहेगी। खुले पेट्रोल-डीजल को बोतल या केन में रखने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

साथ ही वीवीआईपी व वीआईपी कार्यक्रम स्थलों के 75 मीटर के दायरे में सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 223 सहित अन्य प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदेश जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिए गए हैं।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 245 अंक गिरकर 83,383 पर बंद, निफ्टी 67 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 245 अंक की गिरावट के साथ 83,383 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 67 अंक गिरावट रही। ये 25,666 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में बढ़त रही।

आज ऑटो, एफएमसीजी और आईटी शेयर में बिकवाली देखने को मिली। वहीं मेटल और सरकारी बैंकों के शेयर्स में बढ़त रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.65% ऊपर 4,723 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 1.48% ऊपर 54,341 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.56% ऊपर 26,999 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.31% नीचे 4,126 पर बंद हुआ। 13 जनवरी को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.80% गिरकर 49,191 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.10% गिरा। S&P 500 में 0.19% की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के इंफाल वेस्ट में 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उग्रवादी प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (एसओआरईपीए) के सदस्य थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान कीथेलकपम तेलहेइबा मंगांग , कोनथौजम गुड्डी मेइतेई और लैशराम इचन देवी उर्फ संगीता के रूप में हुई है। उन पर इंफाल घाटी जिलों में जबरन वसूली में शामिल होने, अपने संगठन में नए सदस्यों की भर्ती करने और विभिन्न कुख्यात गतिविधियों के लिए रसद संबंधी सहायता प्रदान करने का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

# सोने और चांदी के दाम तीसरे दिन भी ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने**-चांदी के दाम बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 14,145 रुपए बढ़कर 2,77,175 रुपए हो गई है। कल इसने 2,63,032 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

◆ 14,145 रुपए बढ़े चांदी के दाम

तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपए से ज्यादा महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,868 रुपए बढ़कर 1,42,152 रुपए के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ है। कल इसकी कीमत 1,40,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। (अनंत ज्ञान)

# सिद्धारमैया बोले- कर्नाटक सीएम पद पर हर दिन भ्रम, राहुल करें स्थिति साफ

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**कर्नाटक** में एक बार फिर मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहुल गांधी के साथ मीटिंग के दौरान सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की मौजूदगी में लीडरशिप का मुद्दा उठा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह कैबिनेट विस्तार करना चाहते हैं, लेकिन कर्नाटक सीएम के पद को लेकर हर दिन भ्रम की स्थिति बन रही है। ऐसे में राहुल गांधी को सीएम पद की स्थिति को साफ करना चाहिए। इसी बीच बुधवार को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने एक्स पर लिखा, 'भले ही कोशिश नाकाम हो जाए, लेकिन प्रार्थना नाकाम नहीं होती।' ऐसे में उनकी पोस्ट को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है। दरअसल, कांग्रेस लीडर राहुल गांधी 13 जनवरी को मैसुरु पहुंचे थे। इस दौरान एयरपोर्ट पर डीके शिवकुमार ने राहुल गांधी से अकेले में चर्चा की थी। कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि 2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी, लेकिन सिद्धारमैया समर्थक इसे नकारते आए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हाथ से सिलकर बना जहाज 'कौंडिन्य' भारत से ओमान पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारत** में हाथ से सिलकर तैयार हुए पारंपरिक जहाज आईएनएसवी 'कौंडिन्य' ने 18 दिन की समुद्री यात्रा के बाद ओमान के मस्कट पहुंचकर अपना ऐतिहासिक सफर पूरा कर लिया। बुधवार को जहाज के मस्कट तट के पास पहुंचने की पुष्टि हुई। जहाज पर कमांडर विकास श्योराण के नेतृत्व में 16 सदस्यीय क्रू मेंबर्स सवार थे। कौंडिन्य 29 दिसंबर, 2025 को गुजरात के पोरबंदर से अपनी पहली विदेशी यात्रा के लिए रवाना हुआ था। यात्रा लगभग 15 दिनों में पूरी होने वाली थी। हालांकि, इसमें 18 दिन लगे। जहाज पर कोई कमरा नहीं बना था। क्रू मेंबर्स स्लीपिंग बैग में सोते थे। वहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं थी। अन्य जहाजों को चेतावनी देने के लिए क्रू के पास सिर्फ हेडलैंप्स थे, जो अपने सिर पर लगाकर रखते थे। क्रू मेंबर्स ने 18 दिन खिचड़ी और अचार खाकर बिताए।

**क्रू मेंबर बोले- गुड मॉर्निंग इंडिया, मस्कट दिख गया :** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिप के ओमान पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने स्किपर कमांडर विकास श्योराण और प्रोजेक्ट हेड हेमंत कुमार के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि इस पल का आनंद ले रहे हैं... हमने कर दिखाया। जहाज के एक अन्य क्रू सदस्य हेमंत ने पोस्ट किया कि लैंड अहॉय! मस्कट दिख गया। गुड मॉर्निंग इंडिया, गुड मॉर्निंग ओमान। समुद्री मार्ग से बिना रुके अकेले विश्व का चक्कर लगाने वाले पहले भारतीय, रिटायर्ड नौसेना कमांडर अभिलाष टॉमी ने भी कौंडिन्य की टीम को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** में बुधवार को कड़ाके की ठंड जारी है और न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शहर की प्राथमिक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है।

पालम में तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके अलावा रोधी रोड वेधशाला में यह 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.4 डिग्री कम है। रिज स्टेशन में यह 4.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3.5 डिग्री कम) और आयानगर में 4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम) दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है तो शीतलहर घोषित की जाती है। आईएमडी ने कहा कि शहर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली की वायु गुणवत्ता बिगड़कर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 354 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के मुताबिक, 33 निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि चार केंद्रों में यह 'गंभीर' और दो केंद्रों पर 'खराब' श्रेणी में रही। जहांगीरपुरी में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई। यहां एक्यूआई 420 रहा, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'अत्यंत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

# ग्रीनलैंड के पीएम बोले- अमेरिका को नहीं, डेनमार्क को चुनेंगे

**एजेंसी, कोपेनहेगन**

**ग्रीनलैंड** के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि अगर ग्रीनलैंड को अमेरिका और डेनमार्क में से किसी एक को चुनना पड़े, तो वह डेनमार्क को चुनेगा। उन्होंने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं।

नीलसन ने यह बात 13 जनवरी को डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। यह बयान अमेरिका की संसद में ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने से जुड़े बिल के पेश होने के बाद पहला आधिकारिक बयान है। नीलसन के बयान पर ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें नहीं जानता और इस बात पर उनसे सहमत नहीं हूं।। ये प्रधानमंत्री के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। अमेरिकी संसद में 12 जनवरी को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम का बिल पेश किया गया था। इसका मकसद ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करना और बाद में उसे अमेरिका का राज्य बनाना है। अगर यह बिल पास होता है, तो ग्रीनलैंड अमेरिका का 51वां राज्य बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

# सिंगापुर की अदालत में खुलासे, पानी में डूबने से हुई जुबीन गर्ग की मौत

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**प्रसिद्ध** गायक जुबीन गर्ग की मौत पानी में डूबने से हुई थी। यह जानकारी सिंगापुर की एक अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान सामने आई, जहां इस मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किए गए।

सिंगापुर पुलिस की जांच टीम ने अदालत को बताया कि समुद्र में उतरने से पहले जुबीन गर्ग ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को इस हादसे का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि तैराकी से पहले यॉट पर शराब पार्टी हुई थी, जिससे हादसे की परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है और आगे की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों एवं गवाहों की जांच जारी है।



उल्लेखनीय है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में समुद्र में स्नान के दौरान जुबीन गर्ग की डूबने से मौत हो गई थी। इस मामले में असम पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गुवाहाटी की अदालत में 3500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। (अनंत ज्ञान)

# इंतजार खत्म: वैष्णो देवी प्राकृतिक गुफा के कपाट भक्तों के लिए खुले

**एजेंसी, कटड़ा।** मां वैष्णो देवी भवन पर प्राकृतिक गुफा से दर्शन करने वाले भक्तों का इंतजार खत्म हो चुका है। क्योंकि मकर संक्रांति पर श्राइन बोर्ड प्रशासन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राकृतिक गुफा के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। हालांकि, वैष्णो देवी भवन पर प्राकृतिक गुफा के खुलने के कुछ समय के बीच ही पुरानी गुफा से दर्शनों की अनुमति दी गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को नई गुफा से ही दर्शनों की अनुमति दी जा रही है। बताया जा रहा है कि वैष्णो देवी भवन पर श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी है, जिसके चलते सभी भक्तों को प्राकृतिक गुफा से दर्शन का मौका मिलना संभव नहीं है। ऐसे में श्राइन बोर्ड प्रशासन ने फैसला लिया है कि जिस समय भवन पर श्रद्धालुओं की संख्या कम होगी उस समय ही श्रद्धालुओं को पुरानी गुफा से दर्शनों का मौका दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# तीन देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे परिचय पत्र



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में तीन देशों के राजदूतों की तरफ से दिए गए उनके परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, परिचय पत्र सौंपने वालों में त्रिनिदाद और टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदथ सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत डॉ. रॉबर्ट ज़िशग और अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी राजदूतों का स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

